आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 28 | उज्जैन, गुरुवार 12 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 10 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### रितु तावड़े बनी मुंबई की नई मेयर संजय घाडी बने डिप्टी मेयर

**मुंबई।** मुंबई को नया मेयर मिला गया है। बीजेपी की रितु तावड़े बीएमसी की नई मेयर होंगी। रितु तावड़े को निर्विरोध बीएमसी का मेयर चुना गया है। वहीं शिवसेना शिंदे गुटे के संजय घाडी डिप्टी मेयर चुने गए हैं। बता दें कि किसी भी पार्टी ने इन दोनों उम्मीदवारों के खिलाफ कैंडिडेट खड़ा नहीं किया था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इस दौरा सभागृह में मौजूद रहे। उन्होंने महापौर रीतू तावड़े और उप महापौर संजय घाडी को बधाई दी। बता दें कि 44 साल बाद बीएमसी में बीजेपी का मेयर बना है। रित तावडे 2012 से लगातार 3 बार बीजेपी की कॉर्पोरेटर हैं। वे तीनों बार अलग अलग वार्ड से चुनीं गईं हैं।

### वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की हिरासत से जुड़े मामले में केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वांगचुक को फिलहाल रिहा नहीं किया जा सकता। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने सरकार से वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा करने के बारे में पूछा था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वांगचुक की जेल नियमावली के तहत अब तक करीब 24 बार मेडिकल जांच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वांगचुक पूरी तरह फिट हैं। उन्हें केवल डाइजेशन (पाचन) की समस्या और संक्रमण हुआ था, जिसका इलाज किया गया है। मेहता ने कहा कि इस तरह की समस्या को अपवाद मानकर उन्हें रिहा किया गया तो आगे अन्य लोग भी इस तरह की मांग करेंगे।

रणवीर सिंह के बाद

### सलमान के रिश्तेदार को मिली धमकी



ईमेल भेजकर करोड़ों की मांग की, खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताया

**मुंबई।** मंगलवार को बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिसके बाद अब सलमान खान के रिश्तेदार को करोड़ों रुपए न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। यह घटना मगंलवार की बताई जा रही है। आजतक की रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान के करीबी रिश्तेदार को ईमेल के जरिए धमकी दी गई है। मेल में साफ लिखा है कि अगर करोड़ों रुपयों की मांग पूरी नहीं की जाती तो उन्हें जान का खतरा होगा। फिलहाल सलमान खान के किस रिश्तेदार को धमकी मिली है ये साफ नहीं है, हालांकि रिपोर्ट्स के अनुसार, उनका वो रिश्तेदार फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा हुआ है और एक एक्टर है। फिलहाल इस मामले में अब तक पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं की गई है। सलमान खान के रिश्तेदार से पहले मंगलवार को रणवीर सिंह को धमकी मिली थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रणवीर को ये धमकी व्हॉट्सएप में वॉइस नोट के जरिए भेजी गई है, जिसमें कहा गया है कि अगर करोड़ों रुपए नहीं दिए जाते तो एक्टर को जान का खतरा होगा। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने रणवीर के बांद्रा स्थित घर की सिक्योरिटी बढ़ा दी है। इसके साथ ही मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच ने वॉइस नोट भेजने वाले शख्स की तलाश शुरू कर दी है। उस शख्स ने भी खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताया था। धमकियों के इन मामलों से ठीक पहले 31 जनवरी को डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग की गई थी। अब पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या रणवीर सिंह को मिली धमकी का कोई सीधा संबंध रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग की घटना से है या यह डर फैलाने की साजिश है।

### फ्रांसीसी टीचर ने 89 नाबालिगों के साथ रेप किया

**पेरिस।** फ्रांस में एक 79 साल के रिटायर्ड शिक्षक पर 1960 के दशक से 2022 तक 89 नाबालिगों के साथ रेप और यौन शोषण करने का आरोप लगा है। फ्रांस के ग्रेनोबल शहर में अभियोजक एटिएन मंटो ने मंगलवार को इस केस को सार्वजनिक करते हुए पीड़ितों से आगे आने की अपील की। न्यूज एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी का नाम जैक लेवुग्ल है। अभियोजक के अनुसार जैक लेवुग्ल ने 1967 से 2022 के बीच भारत, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, मोरक्को, नाइजर, अल्जीरिया, फिलीपींस, कोलंबिया और फ्रांस में नाबालिगों के साथ यौन अपराध किए। वह फ्रेंच भाषा के शिक्षक और गुफा अध्ययन (स्पेलियोलॉजी) के ट्रेनर के रूप में काम करता था।

### लड़कियों की शादी पर योगी सरकार देगी एक लाख रुपए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ 35 लाख (9,12,696.35 करोड़ रुपए) का बजट पेश किया। इस बजट में 43,565.33 करोड़ रुपए की नई योजनाएं सम्मिलित हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में बजट पेश किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी में 10 लाख युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे। लड़कियों की शादी के लिए सरकार एक लाख रुपये देगी।

राजपाल यादव अच्छे इंसान, डायरेक्टर अनीस बज्मी बोले-मुझसे जो हो सकेगा करूंगा, बॉलीवुड से भी की अपील

# जेल में बंद राजपाल यादव के सपोर्ट में उतरी इंडस्ट्री

## सलमान खान, अजय देवगन, वरुण ने दी आर्थिक मदद, संभवतः कल मिल सकती है जमानत

एजेंसी ▸▸ मुंबई

फिल्म अभिनेता राजपाल यादव अपनी फिल्म 'अता पता लापता' से जुड़े भुगतान विवाद के कारण फिलहाल कानूनी प्रक्रिया में हैं। बकाया राशि का तत्काल इंतजाम न हो पाने के चलते उन्होंने आत्मसमर्पण किया था और वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। यह मामला फिलहाल अदालत में विचाराधीन है और आगे की कार्यवाही न्यायालय के आदेशों के अनुसार चलेगी। इस बीच, फिल्म निर्माता अनीस बज्मी ने राजपाल यादव के समर्थन में बयान दिया है और फिल्म इंडस्ट्री से उनके लिए सहयोग की अपील की है।

अनीस बज्मी ने कहा मैं राजपाल यादव को पिछले 20-25 सालों से जानता हूं। जितना मेरा उनसे संपर्क रहा है और जितना मैंने उनके साथ काम किया है, वह एक बहुत अच्छे इंसान हैं। उनकी नीयत किसी के साथ गलत करने की नहीं रही है।

उन्होंने अता पता लापता नाम की फिल्म बनाई थी। लोग अक्सर महत्वाकांक्षी हो जाते हैं और फिल्म बनाना चाहते हैं, लेकिन अनुभव की कमी या जानकारी के अभाव में कागजी कामकाज में गलतियां हो जाती हैं। फिल्म इंडस्ट्री में बहुत कम लोग ही पेपरवर्क में पूरी तरह पारंगत होते हैं। कई बार लोग बिना पूरी जानकारी के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर देते हैं। राजपाल की मंशा अच्छी थी और उन्हें लगा था कि वह एक अच्छी फिल्म बना रहे हैं। इंडस्ट्री के कई कलाकारों ने उनके साथ काम किया, कुछ लोगों ने बहुत कम मेहनताना लिया और कुछ ने बिना भुगतान के भी काम किया, क्योंकि उनकी इंडस्ट्री में अच्छी साख थी। लेकिन दुर्भाग्य से फिल्म अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी। वह अभी भी काम कर रहे हैं और धीरे-धीरे आय अर्जित कर रहे हैं, लेकिन इतनी बड़ी रकम एक साथ चुकाना उनके लिए आसान नहीं है। मेरा मानना है कि जिन लोगों का पैसा बकाया है, उन्हें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि वह एक कलाकार हैं और मेहनत करके भुगतान करने की कोशिश कर रहे हैं।

### तेज प्रताप यादव ने दी 11 लाख रुपए की मदद



9 करोड़ रुपए के चेक बाउंस केस में सरेंडर के बाद से एक्टर राजपाल यादव तिहाड़ जेल में बंद हैं। एक्टर इन दिनों आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं और उनके पास लौटाने के लिए इतनी बड़ी रकम नहीं है। खबर सामने आने के बाद कई बॉलीवुड एक्टर्स राजपाल यादव को आर्थिक मदद दे रहे हैं, जिनमें अब सलमान खान, अजय देवगन भी शामिल हो चुके हैं। द स्क्रीन से बातचीत में राजपाल यादव के मैनेजर ने कहा है कि बुधवार को सलमान खान, अजय देवगन, वरुण धवन और डेविड धवन जैसे कई सेलेब्स ने उनसे संपर्क कर आर्थिक सहायता दी है। मैनेजर ने कहा है, कई लोगों ने राजपाल यादव की मदद के लिए संपर्क किया है। सोनू सूद, सलमान खान और अजय देवगन ने सपोर्ट दिया है। मेरी डेविड धवन से भी बात हुई। रतन नैन, वरुण धवन सहित बहुत लोग आगे आए हैं। राजपाल ने इसके लिए आभार जताया है।
राजपाल यादव की मदद की घोषणा करते हुए राजनेता तेज प्रताप यादव ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा, मुझे अभी मेरे बड़े भाई राव इंदरजीत यादव जी की पोस्ट के माध्यम से माननीय राजपाल यादव जी के परिवार की पीड़ा के विषय में जानकारी प्राप्त हुई। इस अत्यंत कठिन समय में मैं और मेरा पूरा जेजेडी (जन शक्ति जनता दल) परिवार, उनके परिवार के साथ पूरी संवेदना और मजबूती से खड़ा है। मानवीय करुणा एवं सहयोग की भावना से, मैं जेजेडी परिवार की ओर से 11 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उनके परिवार को प्रदान कर रहा हूं।

### राजपाल आज जमानत पर आ सकते हैं बाहर

गोल्डी ने उम्मीद जताई कि राजपाल जल्द रिहा हो सकते हैं। उन्होंने कहा, परिवार को मानसिक रूप से मजबूत रहना होगा। राजपाल भैया खुद बहुत स्ट्रॉन्ग हैं। घर पर फरवरी के अंत में पारिवारिक कार्यक्रम भी हैं। सभी चाहते हैं कि वे तब तक बाहर आ जाएं। उम्मीद है, वे कल तक बाहर हो सकते हैं। गोल्डी ने बताया, जमानत की सुनवाई कल तय है। हमें उम्मीद है कि उन्हें बेल मिल जाएगी। बेल एप्लिकेशन पहले ही फाइल हो चुकी है। सुनवाई के बाद और जानकारी शेयर करेंगे। बुधवार को फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एंप्लॉय्ज ने सभी प्रोड्यूसर से अपील की है कि वो जल्द से जल्द राजपाल यादव की मदद करें। फेडरेशन की ओर से जारी प्रेस रिलीज में लिखा गया है, राजपाल यादव सिर्फ ऐसे प्रसिद्ध अभिनेता ही नहीं हैं जिन्होंने अपनी अभिनय प्रतिभा से लाखों लोगों को खुशी और हंसी दी है, बल्कि वे इंडस्ट्री के एक समर्पित सदस्य भी हैं, जिन्होंने दशकों की मेहनत और यादगार भूमिकाओं के जरिए भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

सारंगपुर में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन, मंत्री के खिलाफ लगाए नारे

## कृषि मंत्री शिवराज का हुआ पुतला दहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुतले जलाए। यह प्रदर्शन भैंसवामाता में मंगलवार को आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम में जीतू पटवारी की ओर से दिए गए निर्देशों के बाद किया गया।

पचोर के बस स्टैंड पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमित बंसल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ता जलता हुआ पुतला लेकर आगे बढ़ते रहे, जबकि पुलिस पानी की बाल्टी से आग बुझाने का प्रयास करती रही। प्रदर्शन के दौरान शिवराज तेरी तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए गए। इस मौके पर बुरहान सैफी,



मुकेश मेघवाल, महेश मालवीय और बनवारी मालवीय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरेड़ी गांव में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिवराज सिंह चौहान का पुतला फूंका और नारेबाजी की। यहां मुकेश पंडा, विजय गुर्जर, गोविंद पटेल, दिलीप भिलाला, हेमंत बैरागी, राहुल राजपूत, पप्पू पटेल रुहेला और देवकरण भिलाला सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। इसके अलावा चिलड़ावनिया, टीकोद, हालूहेड़ी कला, दराना और लीमाचौहान सहित सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के 100 से अधिक गांवों में पुतला दहन कर विरोध जताने की जानकारी सामने आई है।

### शिवराज का पुतला जलाकर ट्रेड डील पर जताया विरोध

जीतू पटवारी ने मंगलवार को हुई कांग्रेस की बैठक में कार्यकर्ताओ से कहा की भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील में भारत के किसानों की फसलों पर 18 परसेंट टेरीफ जबकि अमेरिका के किसानों के उत्पाद भारत में जीरो परसेंट टेरीफ में भारत में बेचे जा सकेंगे। इससे भारतीय किसानों को खतरा है। भारत की कृषि व्यवस्था ठप हो जाएगी और किसान गर्त में चला जाएगा। इसके विरोध में गांव-गांव में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुतले जलाकर ट्रेड डील का विरोध करना है।

## इंजीनियर को जेसीबी से कुचलने की कोशिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में इंजीनियर पर जेसीबी मशीन चढ़ाने की कोशिश की गई। इंजीनियर ने ऐन वक्त पर पीछे हटकर अपनी जान बचाई। घटना मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की एरोड्रम साइट पर मंगलवार की है। इसका वीडियो बुधवार को सामने आया है। पहले टक्कर मारने, फिर पंजे से कुचलने की कोशिश वीडियो में दिख रहा है कि मेट्रो साइट पर जेसीबी ड्राइवर और इंजीनियर के बीच किसी बात को लेकर बहस हो रही है। इसी दौरान ड्राइवर जेसीबी आगे बढ़ाता है और इसका पंजा इंजीनियर की ओर मोड़ देता है। इंजीनियर बचने के लिए नीचे गिर जाता है। ड्राइवर फिर पंजा गिराकर इंजीनियर को उसके नीचे दबाने की कोशिश करता है।

## जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

### सभी 6 पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई, सिनेमाघरों को छूट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में वंदे मातरम बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन गण मन साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरूआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे।

## आज भारत बंद

### केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आंदोलन से रेलवे सतर्क, बैंक सेवाएं भी हो सकती हैं बाधित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में बुधवार 12 फरवरी को व्यापक स्तर पर सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता है। देश की 10 प्रमुख केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने मिलकर भारत बंद का आह्वान किया है। यह




हड़ताल केंद्र सरकार के नए श्रम कोड, प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और हाल ही में लागू किए गए कुछ नए कानूनों के विरोध में बुलाई गई है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, परिवहन सेवाओं और प्रमुख बाजारों में इस बंद का असर दिखने की संभावना है। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं इस दौरान सुचारू रूप से चलती रहेंगी। वहीं रेलवे भी इस हड़ताल पर सतर्क हो गया है, उसने सभी रेल जोनों को पत्र लिखकर 12 फरवरी को रेल संचालन निर्बाध रूप से चलता रहे, इसके लिए उपाय करने कहा है, साथ ही रेल कर्मचारियों की छुट्टियों पर भी सतर्कता बरतने कहा है।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ की अभद्रता की गई

### जबरदस्ती चेंबर में घुसे 25 कांग्रेस के सांसद: किरेन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के साथ अभद्र व्यवहार किया। किरेन रिजिजू ने बताया कि जब यह घटना हुई, वह भी मौके पर मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि विपक्ष सदन के अंदर स्पीकर के निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन करता है और फिर उन पर उनके साथ भेदभाव करने का आरोप लगाता है। केंद्रीय मंत्री ने पार्लियामेंट के नियमों को बार-बार तोड़ने के लिए विपक्ष की भी आलोचना की और उन्हें स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पेश करते समय भी तय नियमों और नॉर्म्स



को मानने की सलाह दी। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा, लोकसभा स्पीकर के चैंबर में घुसकर अभद्रता की गई और भला-बुरा कहा गया। फिर, स्पीकर ने जो रूलिंग दिया, उसे भी नहीं माना। राहुल गांधी कहते हैं कि उन्हें सदन में बोलने के लिए किसी की परमिशन की जरूरत नहीं है। वे अपनी मर्जी से बोलेंगे। यह मेरा बोलने का अधिकार है। सब कुछ रिकॉर्ड पर है।

## शादी से लौट रहे 6 दोस्तों की दुर्घटना में मौत

### अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार किया, जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट

एजेंसी ▸▸ दौसा

राजस्थान के दौसा में भीषण सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ये शादी-समारोह से घर लौट रहे थे।ओवरस्पीड कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी ओर से निकल रहे ट्रेलर में घुस गई। हादसा बीती देर रात करीब 11 बजे जयपुर-आगरा नेशनल



हाईवे पर कैलाई गांव के पास हुआ। ट्रेलर में घुसी कार को क्रेन से अलग किया गया। इसके बाद कार में फंसे युवकों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। सिकंदरा अस्पताल में 4 युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 2 गंभीर घायलों को दौसा जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक युवक ने दौसा में दम तोड़ दिया। जबकि एक युवक की इलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में मौत हो गई।

## अमेरिका ने हमारा इस्तेमाल किया: पाक रक्षा मंत्री

### मतलब निकलने पर टॉयलेट पेपर की तरह फेंका, साथ देने की कीमत आज भी चुका रहे

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा, हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया।

उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया



गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया। आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है।

### आसिफ ने कहा- पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा

आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था।
उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है।



दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
METROPOLITAN

इंदौर, गुरुवार, 12 फरवरी, 2026


## महाकाल श्रृंगार



महाशिवनवरात्रि पर बुधवार को भगवान महाकाल का होलकर स्वरूप में श्रृंगार किया गया।

## श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवनवरात्रि के तहत आयोजन जारी, छठे दिन संध्याकाल आरती में भगवान का दिव्य श्री होल्कर मुखौटा श्रृंगार किया

# महाशिवरात्रि पर दुर्लभ योग, चार प्रहर की शिव आराधना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महा शिव नवरात्रि के तहत श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान का विशेष पूजन अर्चन किया जा रहा है। इस बार महाशिवरात्रि सर्वार्थसिद्धि योग, श्रवण नक्षत्र व चतुगृही संयोग में होगी। इसमें की गई साधना फलदायी बताई जा रही है। शिवनवरात्रि के षष्ठम दिवस ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर जी के रुद्राभिषेक के पश्चात भगवान को केसर चंदन लेपन कर जलाधारी में अबीर गुलाल कुमकुम हल्दी मेहंदी पूजन सामग्री अर्पित की गई।

महाशिवरात्रि का पावन पर्व इस वर्ष 15 फरवरी को मनाया जाएगा। इस दौरान सर्वार्थसिद्धि योग और श्रवण नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो शिव साधना को विशेष फल देने वाला माना गया है। इसी दिन कुंभ राशि में सूर्य, बुध, शुक्र और राहु की चतुगृही युति भी बनेगी। ज्योतिषीय दृष्टि से ये संयोग अत्यंत शुभ और दुर्लभ है, जिसका प्रभाव कई राशियों पर सकारात्मक रूप से दिखाई देगा।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विशेष पूजन, अभिषेक और रात्रिकालीन आराधना की तैयारियां की जा रही हैं। जानकारों एवं धर्म विद्वतजनों के अनुसार फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी की शाम 5.04 बजे से प्रारंभ होकर 16 फरवरी की शाम 5.35 बजे तक रहेगी। महाशिवरात्रि में रात्रि पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन सर्वार्थसिद्धि योग और श्रवण नक्षत्र के कारण की गई साधना शीघ्र सिद्धि देने वाली मानी गई है। निशिथ काल की पूजा रात 12.09 से 1.01 बजे तक 51 मिनट रहेगी, जिसे सबसे श्रेष्ठ समय माना गया है।

### शिव पूजा का चार प्रहर में विधान

महाशिवरात्रि की रात्रि चार प्रहरों में विभाजित होती है और हर प्रहर में भगवान शिव की पूजा की जा सकती है। प्रथम प्रहर की पूजा शाम 6.11 से 9.23 बजे तक, द्वितीय प्रहर रात 9.24 से 12.35 बजे तक, तृतीय प्रहर 12.36 से सुबह 3.47 बजे तक तथा चतुर्थ प्रहर सुबह 3.47 से 6.59 बजे तक होगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे तक व्रत का पारणा किया जा सकेगा। व्रती भक्तों को शिवरात्रि से एक दिन पहले त्रयोदशी को एक समय भोजन करने और शिवरात्रि के दिन पूर्ण व्रत रखने का विधान बताया गया है।

### किस राशि पर क्या प्रभाव

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार कुंभ राशि वालों को कॅरियर



और कारोबार में विशेष लाभ मिलेगा। मेष राशि के जातकों को अचानक धन लाभ और शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव में कमी के संकेत हैं। कन्या राशि वालों को पैतृक संपत्ति, भूमि-वाहन से लाभ और कॅरियर में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। मकर राशि के लिए धन संबंधी विवाद सुलझने और रुके कार्य पूरे होने के योग हैं। सिंह और तुला के लिए उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे, जबकि कर्क और मीन को मानसिक शांति व आर्थिक अवसर मिलेंगे। वृषभ, मिथुन और धनु के लिए समय मिश्रित फल देने वाला रहेगा।

भगवान शिव बहुत भोले हैं, यदि कोई भक्त सच्ची श्रद्धा से उन्हें सिर्फ एक लोटा पानी भी अर्पित करे तो भी वे प्रसन्न हो जाते हैं। इसीलिए उन्हें भोलेनाथ भी कहा जाता है। महाशिवरात्रि (15 फरवरी, रविवार) पर शिव भक्त भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए अनेक उपाय करते हैं।

कुछ ऐसे ही छोटे और अचूक उपायों के बारे शिवपुराण में भी लिखा है। ये उपाय इतने सरल हैं कि इन्हें बड़ी ही आसानी से किया जा सकता है। हर समस्या के समाधान के लिए शिवपुराण में एक अलग उपाय बताया गया है। ये उपाय इस प्रकार हैं-

### आमदनी बढ़ाने के लिए

महाशिवरात्रि पर घर में पारद शिवलिंग की स्थापना करें और उसकी पूजा करें। इसके बाद नीचे लिखे मंत्र का 108 बार जाप करें-

**ऐं ह्रीं श्रीं ऊं नमः शिवायः श्रीं ह्रीं ऐं**

प्रत्येक मंत्र के साथ बिल्वपत्र पारद शिवलिंग पर चढ़ाएं। बिल्वपत्र के तीनों दलों पर लाल चंदन से क्रमशः ऐं, ह्री, श्रीं लिखें। अंतिम 108 वां बिल्वपत्र को शिवलिंग पर चढ़ाने के बाद निकाल लें तथा उसे अपने पूजन स्थान पर रखकर प्रतिदिन उसकी पूजा करें। माना जाता है ऐसा करने से व्यक्ति की आमदनी में इजाफा होता है।

### संतान प्राप्ति के लिए

महाशिवरात्रि की सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करने के बाद भगवान शिव की पूजा करें। इसके बाद गेहूं के आटे से 11 शिवलिंग बनाएं। अब प्रत्येक शिवलिंग का शिव महिम्न स्त्रोत से जलाभिषेक करें। इस प्रकार 11 बार जलाभिषेक करें। उस जल का कुछ भाग प्रसाद के रूप में ग्रहण करें।

यह प्रयोग लगातार 21 दिन तक करें। गर्भ की रक्षा के लिए और संतान प्राप्ति के लिए गर्भ गौरी रुद्राक्ष भी धारण करें। इसे किसी शुभ दिन शुभ मुहूर्त देखकर धारण करें।

### बीमारी के लिए

महाशिवरात्रि पर पानी में दूध व काले तिल डालकर शिवलिंग का अभिषेक करें। अभिषेक के लिए तांबे के बर्तन को छोड़कर किसी अन्य धातु के बर्तन का उपयोग करें। अभिषेक करते समय ऊं जूं सः मंत्र का जप करते रहें।

### करें आसान उपाय, प्रसन्न होंगे भोलेनाथ

शिवपुराण के अनुसार, जानिए भगवान शिव को कौन सा रस (द्रव्य) चढ़ाने से क्या फल मिलता है-

- बुखार होने पर भगवान शिव को जल चढ़ाने से शीघ्र लाभ मिलता है। सुख व संतान की वृद्धि के लिए भी जल द्वारा शिव की पूजा उत्तम बताई गई है।
- तेज दिमाग के लिए शक्कर मिला दूध भगवान शिव को चढ़ाएं।
- शिवलिंग पर गन्ने का रस चढ़ाया जाए तो सभी आनंदों की प्राप्ति होती है।
- शिव को गंगा जल चढ़ाने से भोग व मोक्ष दोनों की प्राप्ति होती है।
- शहद से भगवान शिव का अभिषेक करने से टीबी रोग में आराम मिलता है।
- यदि शारीरिक रूप से कमजोर कोई व्यक्ति भगवान शिव का अभिषेक गाय के शुद्ध घी से करे तो उसकी कमजोरी दूर हो सकती है।

### शिवपुराण के अनुसार, जानिए भगवान शिव को कौन-सा फूल चढ़ाने से क्या फल मिलता है

- लाल व सफेद आंकड़े के फूल से भगवान शिव का पूजन करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।
- चमेली के फूल से पूजन करने पर वाहन सुख मिलता है।
- अलसी के फूलों से शिव का पूजन करने पर मनुष्य भगवान विष्णु को प्रिय होता है।
- शमी वृक्ष के पत्तों से पूजन करने पर मोक्ष प्राप्त होता है।
- बेला के फूल से पूजन करने पर सुंदर व सुशील पत्नी मिलती है।
- जूही के फूल से भगवान शिव का पूजन करें तो घर में कभी अन्न की कमी नहीं होती।
- कनेर के फूलों से भगवान शिव का पूजन करने से नए वस्त्र मिलते हैं।
- हरसिंगार के फूलों से पूजन करने पर सुख-सम्पत्ति में वृद्धि होती है।
- धतूरे के फूल से पूजन करने पर भगवान शंकर सुयोग्य पुत्र प्रदान करते हैं, जो कुल का नाम रोशन करता है।
- लाल डंठलवाला धतूरा शिव पूजन में शुभ माना गया है।
- दूर्वा से भगवान शिव का पूजन करने पर आयु बढ़ती है।

## दो राज्य के बीच दाम देते आम...




अपराध पर नियंत्रण हो सकता है उससे मुक्ति मिलना सिर्फ वाह-वाही वाली बातें ही हैं। संभाग के तकरीबन 4 जिले सीधे तौर पर पास के राज्य से आकर हमारे क्षेत्र में अपराध कर जाने वाले अपराधियों से पूरी तरह से प्रभावित है। पूर्व में प्रदेश की वर्दी के एक तीन सितारा अधिकारी से इनका सीधा वाक युद्ध हुआ था। ये पास के प्रदेश से आते हैं वाहन चोरी,डकैती, लूट सहित तमाम अपराधों को अंजाम देकर वापस वहीं भाग जाते हैं। हाल ही ट्रेक्टर चोरी के दौरान इनकी गोली से एक ग्रामीण घायल हो गया। पूर्व में भी इन्होंने ऐसी वारदात को अंजाम दिया था। हर बार फसल आने के पूर्व ये नाक में दम कर देते हैं। दर्जनों वाहनों की चोरी को अंजाम देते हैं और आमजन को सीधे तौर पर धनहानि पहुंचा रहे हैं। दो राज्यों की वर्दी एक समाज विशेष के इन अपराधियों पर नियंत्रण के लिए अपनी सांस फूला रही है लेकिन उसके हाथ कुछ विशेष नहीं लग रहा है साथ ही इन पर नियंत्रण की स्थिति भी कमजोर होती जा रही है। इनकी हिम्मत की दाद देना पडेगी की कुछ समय पहले इन्होंने पशुपतिनाथ भगवान के जिले की एक तहसील में नदी का बैराज ही तोड दिया था जो कि अपराध कर फरार होने में बाधा पैदा करता था। प्रदेश की राजधानी में ही अपराधियों का जखीरा मिल गया है। एक लेने गए और दर्जनों को लाना पडा है। राजधानी में ही जब इतने इकटठा मिल गए तो फिर पास के राज्य से आने वालों पर रोक बेअसर ही रहने वाली है। खुसूर-फुसूर है कि दोनों प्रदेश में एक ही सरकार है। दोनों के सामान्यजनों के लिए ये अपराधी बराबर सिरदर्द बने हुए हैं उसके बाद भी कार्रवाई में इतनी ठंडक का राज क्या है । ऐसा तो नहीं पडोसी की वर्दी ने इधर की वर्दी के एक दर्जन से ज्यादा पर प्रकरण दर्ज कर रखे हैं तो खींचतान के बीच आमजन दाम दे रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने 11.33अरब की जलआवर्धन योजना का भूमिपूजन किया



**उज्जैन।** बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में अनेक कार्यक्रमों में हिस्सेदारी की। उन्होंनें सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत हरियाखेडी में 1133.67 करोड़ की लागत से निर्मित किए जा रहे जल आवर्धन परियोजना का भूमिपूजन किया। उन्होंने शाम को 11से16 फरवरी तक महाकाल की नगरी में पहली बार हो रहे वन मेले का शुभारंभ किया। विक्रमोत्सव एवं वन मेले के संबंध में मिडिया से चर्चा की। दोपहर में कालिदास संस्कृत अकादमी में कालिदास संस्कृत अकादमी में प्रोजेक्ट स्वाध्याय के अंतर्गत बच्चों को लेपटॉप और प्रशसति पत्र दिए।

## भगवान महाकालेश्वर को कुमकुम हल्दी, मेहंदी अर्पित की गई



**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर जी के रुद्राभिषेक के पश्चात भगवान को केसर चंदन लेपन कर जलाधारी में अबीर गुलाल कुमकुम हल्दी मेहंदी पूजन सामग्री अर्पित की गई।

## बुधादित्य राजयोग बनने से लाभ और तरक्की के योग

**उज्जैन।** वैदिक ज्योतिष में बुध और सूर्य का विशेष स्थान होता है। बुध को व्यापार, वाणी, बुद्धि, ज्ञान, तर्कशक्ति और शेयर बाजार का कारक ग्रह माना जाता है। वहीं वैदिक ज्योतिष में सूर्यदेव को आत्मविश्वास, पिता, सरकारी नौकरी, प्रशासन, मान-सम्मान और पद-प्रतिष्ठा आदि का कारक ग्रह माना जाता है। बुध और सूर्य की युति को बुधादित्य राजयोग के नाम से जाना जाता है। जब-जब बुध और सूर्य की युति होती है तो इसका प्रभाव दोनों ही ग्रहों के कारक तत्व पर होता है। आपको बता दें कि बुध ग्रह अभी कुंभ राशि में संचरण कर रहे हैं और 13 फरवरी को सूर्यदेव कुंभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे। बुध और सूर्य की युति से बुधादित्य राजयोग का निर्माण होता है। बुधादित्य राजयोग के बनने पर मेष राशि, मिथुन राशि और मकर राशि के जातकों को करियर, कारोबार में तरक्की के योग हैं।

## महाकालेश्वर आईवीएफ सेंटर पर हुआ चमत्कार, महिला ने ट्विंस बच्चों को दिया जन्म





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में महाकालेश्वर आईवीएफ सेंटर पर 45 वर्ष से अधिक आयु की दो अलग-अलग महिलाओं ने स्वस्थ जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है परिजन जिसे चमत्कार से काम नहीं मान रहे हैं आईवीएफ सेंटर की डायरेक्टर डॉक्टर जया मिश्रा ने बताया कि हमने दाता एक लेकर महिला के परंतु पति के शुक्राणु से निषेध कराकर इस कार्य को सफलतापूर्वक किया है बड़ी बात यह रही कि महिलाओं की उम्र अधिक थी और एक ही बार में गर्भधारण कराने में हम सफल रहे,,

उज्जैन में सिंधी कॉलोनी चौराहे के समीप स्थित आईवीएफ तकनीक ऐसे लोगों के लिए वरदान है जिन महिलाओं के अंडे नहीं बन रहे या अन्य गर्भधारण में आने वाली समस्याएं से परेशान हो डाक्टर ने बताया कि महाकालेश्वर आईवीएफ सेंटर में नॉमिनल शुल्क पर यह सुविधा हम उपलब्ध करा रहे हैं

## शिप्रा नदी के घाटों पर लापरवाही का नजारा नदी के अंदर टूटे पाइप व बैरिकेड्स पड़े

### स्नान करते समय श्रद्धालुओं के घायल होने का मंडरा रहा खतरा





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शिप्रा नदी के अंदर पड़े टूटे पाईप व बैरिकेड्स की वजह से किसी भी दिन स्नान करने वाले श्रद्धालु घायल हो सकते हैं। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिप्रा नदी पर आए दिन हादसों में लोगों की जान जा रही है। लेकिन उसके बाद भी यहां पर फैली अव्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं किया गया है। बारिश के दौरान भी घाट पर पड़े कई बैरिकेड्स शिप्रा नदी में आई बाढ़ के दौरान बह गए या फिर नदी के अंदर समां गए ऐसे में जब भी कोई श्रद्धालु स्नान करने के लिए नदी के अंदर जाता है तो वह नदी के अंदर पड़े बेरिकेड्स व टूटे पाइप के कारण घायल हो जाता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में बाहर के श्रद्धालु शिप्रा नदी पर पहुंचकर स्नान करते हैं साथ ही शाम को होने वाली शिप्रा आरती में भी शामिल होते हैं पूरे दिन शिप्रा के घाटों पर लोगों की चहल-पहल बनी रहती है कोई मोबाइल से सेल्फी लेता है तो कोई पुलिया के किनारे बैठकर पानी से खेलते हैं। ऐसे में घाट व नदी के अंदर पड़े इन टूटे पाइप व बेरिकेट्स की वजह से दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

शिप्रा नदी में कई लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। इसके अलावा शिप्रा नदी के घाटों पर भी यही आलम है। यहां पर अभी रेलिंग नहीं लगाई गई है इस वजह से लोगों का घाट पर जाना भी खतरे से खाली नहीं है। कुछ घाट पर यह स्थिति है कि यहां जुगाड़ कर एंगल में रस्से बांध दिए हैं ताकि लोग इसको पार कर गहरे पानी में न जाए ।

### कई बार कर चुके हैं अधिकारी निरीक्षण

बड़ी संख्या में लोग शिप्रा नदी में स्नान करने पहुंचते हैं और साथ ही शाम को होने वाली शिप्रा आरती में भी शामिल होते हैं। ऐसे में सुबह शाम शिप्रा नदी के घाटों पर लोगों की भारी भीड़ रहती है। लेकिन उसके बावजूद भी यहां की सुरक्षा व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया जा रहा है। शिप्रा नदी के घाटों पर ना तो सुरक्षा के इंतजाम बढाए ना ही रेलिंग लगाई गई है। कई बार प्रशासनिक अधिकारी शिप्रा नदी का निरीक्षण कर यहां की व्यवस्था सुधारने के लिए योजना बना चुके हैं लेकिन अभी तक यहां की व्यवस्था नहीं सुधर पाई है।

## फाल्गुन अमावस्या पर पितरों को पूजन, तर्पण और दान से करें प्रसन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फाल्गुन मास की अमावस्या 17 फरवरी को पड़ रही है। फाल्गुन मास हिंदू धर्म में बहुत ही पवित्र और पुण्यदायी माना जाता है, और इस महीने में पड़ने वाली अमावस्या विशेष रूप से पितरों की कृपा प्राप्त करने का शुभ अवसर होती है। माना जाता है कि इस दिन किए गए पितृ पूजन, तर्पण और दान से न सिर्फ परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है, बल्कि कुंडली में मौजूद पितृ दोष भी दूर होता है।

हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की अमावस्या 16 फरवरी 2026 को शाम 5 बजकर 34 मिनट से शुरू होगी और यह तिथि 17 फरवरी 2026 को सुबह 5 बजकर 30 मिनट तक रहेगी। इस साल व्रत, स्नान-दान और तर्पण 17 फरवरी को किया जाएगा। शुभ मुहूर्त की बात करें तो ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 35 मिनट से 6 बजकर 25 मिनट तक रहेगा, जबकि अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 37 मिनट से 1 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। इस समय में किए गए तर्पण और पूजा का विशेष महत्व माना जाता है, जिससे पितृ देवों की कृपा प्राप्त होती है।

**तर्पण और पिंडदानः** फाल्गुन अमावस्या के दिन पितरों की प्रसन्नता के लिए तर्पण और पिंडदान सबसे महत्वपूर्ण उपाय हैं। गंगा या किसी पवित्र नदी के किनारे जल में काले तिल, कुशा और जौ मिलाकर पितरों के लिए तर्पण करना श्रेष्ठ माना जाता है। तर्पण करते समय अपने पूर्वजों का स्मरण करें और उनका आवाहन करें। इस दिन पिंडदान और तर्पण करने से पितृ देव प्रसन्न होते हैं, और परिवार में सुख-समृद्धि, शांति और ऐश्वर्य बढ़ता है।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 12 फरवरी, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### प्रावि देसाईनगर परिसर में बांध रहे मवेशी, गंदगी के पास क्लास

**उज्जैन।** मप्र सरकार की सबसे प्राथमिकता वाले महर्षि सांदीपनि स्कूल में शामिल प्रावि स्कूल को कुछ लोगों ने मवेशियों का तबेला बना दिया। शहर के बीचोबीच संचालित हो रहे शासकीय प्रावि नूतन देसाई नगर के 136 बच्चों की गोबर व गंदगी के ढ़ेर के पास ही क्लास लगाना पड़ रही है। दुर्गंध के बीच ही उन्हें मध्याह्न भोजन करना पड़ रहा है। खास बात यह हैं कि देसाईनगर वाला यह प्रावि स्कूल महर्षि सांदीपनि जाल सेवा निकेतन उमावि में शामिल है। इस स्कूल में पिछले 6 माह से कुछ लोग मवेशी रोक रहे है। अतिक्रमणकताओं ने पास में बने खंडहर व स्कूल भवन के बीच पुलिस के बैरिकेड्स बांधकर मवेशियों का अघोषित तबेला बना लिया। रात में यहां मवेशियों को छोड़ दिया जाता है और सुबह होते ही बाहर निकाल दिया जाता है। 5 शिक्षकों के स्टॉफ वाले इस स्कूल के परिसर में जबरन बनाए गए तबेले को लेकर विभाग ने भी ध्यान देना उचित नहीं समझा। धौंस ऐसी हैं कि स्टॉफ सदस्यों ने भी मवेशियों रोकने वालों के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुटाई।

### 5 मार्च से शुरू होंगी यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं: फोर्थ ईयर से छात्रों का मोहभंग!

**इंदौर।** यूनिवर्सिटी की थर्ड और फोर्थ ईयर की परीक्षाओं का काउंट डाउन शुरू हो गया है। 5 मार्च से शुरू होने जा रहे इस महाकुंभ में करीब 46 हजार स्टूडेंट्स बैठेंगे। नई शिक्षा नीति के बीच चौंकाने वाला ट्रेंड सामने आया है, फोर्थ ईयर (ऑनर्स) में छात्रों की संख्या पिछले साल के मुकाबले सीधे 50 प्रतिशत गिर गई है। पिछले साल फोर्थ ईयर में 3000 छात्र थे, जो इस साल घटकर मात्र 1500 रह गए हैं। यूनिवर्सिटी ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए छात्रों की संख्या के आधार पर केंद्रों का वितरण किया है।

### संभाग स्तर पर बनेंगे मछली घर

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश के सभी किसानों और मछुआरों की आर्थिक समृद्धि के लिए संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है, इसके साथ हमें मत्स्य उत्पादन में भी सक्रियता से कार्य कर आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मत्स्य पालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश में मछली पालन के साथ ही एक्वाकल्चर के क्षेत्र में भी कार्य किया जाए। प्रदेश में ऐसा इको सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे मछुआरों का आर्थिक सशक्तिकरण हो सके।

## गलत एंट्री पर लगेगी रोक; एफएमडी वैक्सीनेशन के लिए नई डिजिटल व्यवस्था लागू

# वैक्सीन के बाद पशुपालक को बताना होगा ओटीपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पशुओं के टीकाकरण और कृत्रिम गभार्धान सेवाओं को पारदर्शी एवं प्रमाणिक बनाने के उद्देश्य से पशुपालन व डेरी विभाग द्वारा डिजिटल व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था के तहत अब टीकाकरण के बाद पशुपालक द्वारा ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) बताना अनिवार्य होगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सही पशुपालक के सही पशु को ही टीका लगाया गया है।

प्रदेशभर में खुरपका-मुंहपका रोग (फुट एंड माउथ डिजीज, ऋटऊ) से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इंदौर जिले में यह अभियान 1 जनवरी से प्रारंभ हुआ है, जो 15 फरवरी तक चलेगा। इस अवधि में जिले के करीब डेढ़ लाख पशुओं को ऋटऊ का टीका लगाया जाना है।

अभियान को पूरी तरह डिजिटल बनाते हुए विभाग द्वारा हर पशुपालक का आधार नंबर



लेकर पंजीकरण किया जा रहा है। 15 फरवरी से टीकाकरण के बाद ओटीपी दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। ओटीपी के माध्यम से टीकाकरण की वास्तविक पुष्टि होगी। टीकाकरण से संबंधित पूरा डाटा भारत पशुधन ऐप पर सुरक्षित रूप से दर्ज किया जा रहा है।

अभियान के तहत गाय, भैंस, भेड़ और बकरियों सहित जिले के लगभग डेढ़ लाख पशुओं को टीके लगाए जाने हैं। विभाग के अनुसार अब तक करीब 30 पशुओं का टीकाकरण पूर्ण किया जा चुका है। डॉ. दिनकरराव पाटिल ने बताया कि अभियान के लिए जिले में 84 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनके साथ क्षेत्रीय मैत्री एवं गोसेवक कार्यकर्ता भी तैनात किए गए हैं। टीकाकरण के दौरान पशुओं के कान में टैग लगाना अनिवार्य है। जिन पशुओं में टैग नहीं है, उन्हें टैग कर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है और पूरा डाटा डिजिटल रूप से अपलोड किया जा रहा है।

## पंचमपुरा मार्ग चौड़ीकरण

# किसी को एक तो किसी को दो फीट के लिए भी नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

टैगोर चौराहा से दो तालाब तक (पंचमपुरा) मार्ग चौड़ीकरण के लिए नगर निगम की तरफ से भवन स्वामियों को नोटिस बंटना शुरू हो गए हैं। मार्ग विस्तार में 50 से अधिक भवन-प्रतिष्ठान ऐसे है जो कि एक-दो फीट ही प्रभावित हो रहे हैं। लिहाजा ये मांग उठने लगी है कि मार्ग के विस्तार में प्रस्तावित तीन फीट का डिवाइडर छोटा किया जाए ताकि ये लोग प्रभावित होने से बच सकेंगे।

नए शहर का पंचमपुरा वाला ये मार्ग वर्तमान में सिंगल लेन व संकरा है। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से इसे करीब 60 फीट चौड़ा किया जाना है। निगम की तरफ से यहां रहवासियों को नोटिस जारी करने के साथ ही प्रभावित होने वाले भवन-प्रतिष्ठानों पर निशान भी लगा दिए हैं। रहवासियों का कहना है कि नोटिस में सात दिन में अपने भवन-दुकानों का प्रभावित हिस्सा स्वयं हटा लेने के लिए कहा गया है। यहां कई के केवल ओटले, कुछ के एक से दो फीट तक के हिस्से व गैलरी आदि इस विस्तार में प्रभावित हो रहे हैं।

जनप्रतिनिधि व अधिकारी एक बार करे क्षेत्र का दौरा रहवासी चाहते हैं कि निगम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारी एक बार क्षेत्र का दौरा कर समाधान निकाले। तीन-साढ़े तीन फीट के डिवाइडर की चौड़ाई कुछ कम कर दी जाएगी तो इन लोगों का लाखों रुपयों का होने वाला नुकसान होने से बच जाएगा। पार्षद नवीता विकास मालवीय ने एक पत्र जनता की तरफ से तैयार कर मामले में जनप्रतिनिधि व अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही।

## उज्जैन में 18 महीनों में नौ प्रवेश द्वारों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया, बनेंगे 9 भव्य द्वार

# उज्जैन में प्रवेश करते ही दिखेगा सनातन का गौरव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान महाकाल की नगरी अपने प्रवेश मार्गों पर भव्य और प्रतीकात्मक पहचान गढ़ने जा रही है। उज्जैन विकास प्राधिकरण ने शहर के नए प्रमुख मार्गों पर 92.25 करोड़ लाख रुपये से नौ प्रवेश द्वार बनाने जा रहा है। यह परियोजना केवल शहरी सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य उज्जैन की हजारों वर्षों पुरानी सनातन परंपरा, सिंहस्थ संस्कृति और राजकीय गौरव को मूर्त रूप देना है। जब कोई श्रद्धालु, पर्यटक या आगंतुक उज्जैन की सीमा में प्रवेश करेगा, तो ये द्वार उसे यह एहसास कराएंगे कि वह किसी साधारण नगर में नहीं, बल्कि काल, धर्म और मोक्ष की राजधानी में कदम रख रहा है।

योजना के तहत इंदौर रोड, देवास रोड, आगर रोड, मक्सी रोड, बड़नगर रोड और सिंहस्थ से जुड़े प्रमुख मार्गों सहित विभिन्न दिशाओं से शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों पर ये द्वार निर्मित किए जाएंगे। प्रवेश द्वारों के आसपास सड़क चौड़ीकरण, सर्विस रोड, मीडियन, हरित पट्टी और ट्रैफिक सुव्यवस्था का भी समग्र विकास किया जाएग।



### स्थापत्य में दिखेगा काल और संस्कृति का संवाद

नौ प्रवेश द्वारों का डिजाइन पारंपरिक भारतीय स्थापत्य और आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीक का संतुलित समन्वय होगा। निर्माण में बंसी पहाड़पुर के गुलाबीझ्रसफेद पत्थर और जैसलमेर के पीले पत्थर का उपयोग किया जाएगा। द्वारों पर 10 से 50 मिमी तक की गहरी 3-डी नक्काशी की जाएगी, जिसमें पौराणिक प्रसंग, धार्मिक प्रतीक, शेर, हाथी, मानव आकृतियां और सांस्कृतिक चिन्ह उकेरे जाएंगे। रात्रिकालीन दृश्य प्रभाव के लिए आरजीबीडब्ल्यू लाइटिंग, एलईडी डाउनलाइटर और डीएमएक्स कंट्रोलर आधारित प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। ऊर्जा संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी द्वारों पर सोलर सिस्टम भी लगाए जाएंगे, जिससे ये द्वार रात में भी उज्जैन की भव्य पहचान बनेंगे। यूडीए के अनुसार सभी स्वीकृतियों के बाद 18 महीनों में नौ प्रवेश द्वारों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

### किस द्वार के लिए कितना बजट

| | |
|---|---|
| अमृत द्वार | 9.68 करोड़ |
| पांचजन्य द्वार | 12.50 करोड़ |
| गज द्वार | 8.51 करोड़ |
| कालगणना द्वार | 11.07 करोड़ |
| उज्जैनी द्वार | 6.48 करोड़ |
| सिंहस्थ द्वार | 6.48 करोड़ |
| त्रिशुल द्वार | 10.65 करोड़ |
| विक्रमादित्य द्वार | 13.58 करोड़ |
| डमरू द्वार | 13.29 करोड़ |

### नामों की साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रासंगिकता

**अमृत द्वार :** समुद्र मंथन से निकले अमृत का प्रतीक, उज्जैन को मोक्ष और अमरत्व की भूमि के रूप में दशार्ता है।
**पंचजन्य द्वार :** भगवान कृष्ण के शंख पंचजन्य से प्रेरित, धर्म और विजय का प्रतीक।
**गज द्वार :** भारतीय परंपरा में हाथी ऐश्वर्य, शक्ति और मंगल का संकेतक।
**कालगणना द्वार :** उज्जैन की विश्वविख्यात कालगणना और खगोल परंपरा की पहचान।
**उज्जैनी द्वार :** नगर की सांस्कृतिक आत्मा और ऐतिहासिक अस्मिता का प्रतीक।
**सिंहस्थ द्वार :** विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ कुंभ के माध्यम से उज्जैन की वैश्विक धार्मिक पहचान को दशार्ता है।
**त्रिशूल द्वार :** भगवान महाकाल के त्रिशूल का प्रतीक, सृजनझ्रसंरक्षणझ्रसंहार का दर्शन।
**विक्रमादित्य द्वार :** सम्राट विक्रमादित्य के न्याय, शौर्य और उज्जैन की राजकीय परंपरा का प्रतीक।
**डमरू द्वार :** शिव के डमरू से उद्भूत नाद, सृष्टि और समय चक्र का संकेत।

## 3 हजार से ज्यादा नेताओं को मिलेगी ब्लॉक और ग्राम प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी

# लीडर एडजस्टमेंट के लिए कांग्रेस कर रही मशक्कत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मप्र में कांग्रेस की तीन दिन चली बैठकों के बाद संगठन को लेकर एक नया फॉमूर्ला सामने आया है। चुनाव से पहले कांग्रेस ने अब नेताओं के पुनर्वास की तैयारी भी शुरू कर दी है। संगठन को और मजबूत करने के लिए करीब 3000 से अधिक नेताओं के एडजस्टमेंट का प्लान बनाया है। ये नेता अलग-अलग भूमिकाओं में पार्टी के लिए काम करेंगे। मप्र में लगातार तीन दिन तक कांग्रेस की बैठकों का दौर चला। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और संगठन के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन हुआ।

इन बैठकों में यह फैसला लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। खास तौर पर वे नेता, जिन्हें कार्यकारिणी में जगह



नहीं मिल पाने की वजह से पार्टी में हाशिये पर माना जा रहा था, अब उन्हें ब्लॉक, मंडल और सेक्टर प्रभारी बनाया जाएगा। कांग्रेस का मानना है कि इससे संगठन की निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ेगी। नेताओं की नियुक्ति के साथ-साथ जिला कार्यकारिणी को लेकर भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से दिशा-निर्देश मिले हैं। इसके तहत छोटे जिलों में 31 सदस्यीय और बड़े जिलों में 51 सदस्यीय कार्यकारिणी बनाई जाएगी, यानी अब सीमित और चुनी हुई टीम पर फोकस रहेगा। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश कांग्रेस के करीब 3000 नेताओं का एडजस्टमेंट किया जाएगा। इसके लिए क्राइटेरिया भी तय किया गया है। सीनियरिटी, जिला और ग्रामीण क्षेत्र के संतुलन के आधार पर नियुक्तियां होंगी। खास तौर पर वही नेता शामिल किए जाएंगे, जो कार्यकताओं के बीच और संगठन में सक्रिय रहे हैं।

### बदलाव पर आमने-सामने बीजेपी और कांग्रेस

कांग्रेस चुनाव से पहले कांग्रेस एक बड़ी रणनीति पर काम कर रही है और संगठन स्तर पर जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं। वहीं बीजेपी का कहना है कि कांग्रेस चाहें जितने बदलाव कर ले, कुछ होने वाला नहीं है। बीजेपी का दावा है कि कांग्रेस के भीतर गुटबाजी एक पुरानी बीमारी है और नाराज नेताओं को संभालने के लिए ये कवायद की जा रही है। नेताओं का एडजस्टमेंट कांग्रेस के लिए हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। अनुशासनहीनता और गुटबाजी पार्टी की पुरानी समस्या मानी जाती रही है। अब देखना होगा कि संगठन में किया जा रहा ये बदलाव कांग्रेस को कितनी मजबूती देता है। हालाकि, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जिस तरह लगातार मप्र में मेहनत कर रहे हैं, उससे संगठन को लेकर एक नई उम्मीद जरूर जगी है।

### विद्यार्थियों ने किया जल शोधन संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण

**उज्जैन।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की उज्जैन इकाई द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय, नयापुरा माकड़ौन के विद्यार्थियों को जल शोधन संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छ जल के महत्व के साथ-साथ जल शोधन की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई।भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि किस प्रकार कच्चे जल को तकनीकी प्रक्रिया से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तैयार किया जाता है। विद्यार्थियों ने पूरे संयंत्र को नजदीक से देखा और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

## विद्यार्थियों की सुविधा की दृष्टि से ध्वनी विस्तारक यंत्र पर प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के आदेश अनुसार विद्यार्थियों की सुविधा की दृष्टि से जिले की राजस्व सीमा में ध्वनी विस्तारक यंत्र पर सशर्त प्रतिबंध लागू किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में शैक्षणिक सस्थानों में परीक्षाएं संचालित की जा रही है।

यह भी अवलोकनीय है कि वर्तमान में विवाह एवं अन्य उत्सवों में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षाओं को तथा विद्यार्थियों के अध्ययन में उत्पन्न होने वाली बाधा को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन जिले की राजस्य सीमा अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यत्र पर सशर्त प्रतिबंध लगाया गया है।अतः जिला शिक्षा अधिकार, पुलिस अधीक्षक एवं प्रबुद्धजनों के सुझाव अनुसार उज्जैन जिले की राजस्व सीमा अन्तर्गत आयोजित होने वाली परीक्षाओं एवं अध्ययन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आगामी दिवसों में जिले की कानून एवं शांति व्यवस्था, आमजन की सुरक्षा, विद्यार्थियों की सुविधा व अन्य आवश्यक सुव्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 की धारा 163 (1) अतंर्गत निषेधाज्ञा लागू की जाती है।कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष डी.जे. अथवा बैण्ड का संचालक, बैंड, डी.जे. / ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग बिना अनुमति के नहीं करेगा।

## एआई पर कार्यशाला आयोजित कर दिया मार्गदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन.आई.सी) जिला इकाई द्वारा शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेफर इंटरनेट डे 2026 के अवसर पर स्मार्ट टेक, सेफ चॉइसेस - एक्सप्लोरिंग द सेफ एंड रिस्पॉन्सिबल यूज ऑफ ए.आई. विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टाफ को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं नैतिक उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने की। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि ए. आई. आज के युग की आवश्यकता है, किंतु इसका विवेकपूर्ण उपयोग ही समाज को सकारात्मक दिशा दे सकता है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुश्री सुचिता श्रीवास्तव (वैज्ञानिक ई, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन. आई. सी. उज्जैन) ने ए. आई. के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता तथा डिजिटल जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही श्री विवेक माहवार (वैज्ञानिक सी, अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन. आई. सी. ) ने ए. आई. के व्यावहारिक पक्षों एवं इसके सामाजिक प्रभावों पर उपयोगी जानकारी साझा की।

## तराना ग्रिड मेंटेनेंस के दौरान हादसा

# हाई वोल्टेज करंट से झुलसा आउटसोर्स कर्मचारी

### सुरक्षा मानकों और परमिट पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/तराना

तराना के बगौदा रोड स्थित विद्युत मंडल के ग्रिड पर मंगलवार दोपहर मेंटेनेंस कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। यहां कार्य कर रहा एक आउटसोर्स कर्मचारी अचानक बिजली के हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। हादसे के तुरंत बाद ग्रिड पर हड़कंप मच गया और घायल कर्मचारी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, करंट से झुलसा कर्मचारी अर्जुन सेनानिया निवासी जवासिया है।

अर्जुन विद्युत वितरण कंपनी के अधीन आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। मंगलवार को वह ग्रिड पर मेंटेनेंस का कार्य कर रहा था, तभी अचानक उसे बिजली का जोरदार



झटका लगा और वह बुरी तरह झुलस गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तराना अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे तुरंत उज्जैन रेफर कर दिया है। इस दुखद घटना के बाद विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सामान्य तौर पर मेंटेनेंस कार्य के दौरान विभाग द्वारा परमिट लिया जाता है और संबंधित लाइन की बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद की जाती है। ऐसे में चर्चा का विषय यह है कि जब मेंटेनेंस चल रहा था, तो अचानक बिजली सप्लाई कैसे शुरू हो गई? क्या परमिट लेने में लापरवाही बरती गई या फिर बिना लाइन बंद किए ही कर्मचारी को पोल पर चढ़ा दिया गया?

### जांच की उठ रही मांग



घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों में रोष है। मांग की जा रही है कि संबंधित अधिकारियों और बिजली कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन को इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। आखिर इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है और किसकी चूक के कारण अर्जुन की जान जोखिम में पड़ी, यह जांच का मुख्य बिंदु होना चाहिए। फिलहाल घायल कर्मचारी का उपचार जारी है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

न्यूज-कॉलम



## प्रकाश सिंह बैस दोबारा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त

**नेपानगर।** नेपानगर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस को दोबारा अध्यक्ष बनाया गया है। कुछ समय पहले ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पूर्व विधायक रविंद्र महाजन को नियुक्त किया गया था। उनकी ओर से नए सिरे से ग्रामीण कांग्रेस के नाम भेजे गए थे जिसके बाद मंगलवार को एक सूची जारी हुई जिसमें वर्तमान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस को ही दोबारा अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी पुनः नियुक्ति पर कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रविंद्र महाजन, ग्रामीण कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जगमीतसिंह जॉली, समाजसेवी विनोद पाटील, पार्षद अंबादास सोनवणे, विनोद पाल, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मसाने, राजू दामू पाटील, पांडुरंग आमले, संजय पंवार, शेख रमजान, जगदीश पटेल सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

## 14 फरवरी को मुख्यमंत्री विकास कार्यो का शिलान्यास करेंगे



**बुरहानपुर।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि 14 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुरहानपुर पधार रहे हैं। वे लगभग 600 करोड़ के विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करेंगे। समर्पण सहयोग निधि में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता करें सहयोग भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने बताया कि पंण्डित दिनदयाल जी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम 11 फरवरी को सभी मंडल स्तर तक आयोजीत किए जाएगें। साथ ही इसी दिन से भारतीय जनता पार्टी समर्पणनिधी अभियान का शुभारम्भ होगा। इस अभियान में जनप्रतिनिधी, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तक पहुँचा होगा। विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि 14 फरवरी का मुख्यमंत्री का दौरा बुरहानपुर में होगा। यह कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम पर होगा।

## राष्ट्रीय बांस मिशन- कृषि भूमि पर बांसरोपण हेतु अनुदान योजना

**बड़वानी।** राष्ट्रीय बांस मिशन (2025) कृषि भूमि पर बांस के वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए है।इस योजना के अंतर्गत किसानों को प्रति पौधा 150 का अनुदान दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 10 हेक्टेयर या 4 हजार पौधे तय की गई है। अनुदान का भुगतान सीधे किसान के बैंक खाते में दो वर्षों के दौरान तीन किस्तों में किया जाएगा (प्रथम वर्ष में 60 और 30, तथा दूसरे वर्ष में 60), जो कि पौधों के जीवित रहने और उनके भौतिक सत्यापन पर निर्भर करेगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को प्रमाणित नर्सरी या टिश्यू कल्चर लैब से ही पौधे खरीदने होंगे और वनमंडलाधिकारी कार्यालय में आवेदन करना होगा।

## जिला स्तरीय मेला प्रदर्शनी सह सेमीनार/कार्यशाला का आयोजन

**बड़वानी।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन/प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं म.प्र. मिलेट मिशन योजना अंतर्गत 17 फरवरी को कृषि/उद्यानिकी का संयुक्त रूप से जिला स्तरीय मेला प्रदर्शनी सह सेमीनार/कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र तलुन बड़वानी में किया जायेगा। जिसमें जिले के कृषि/उद्यानिकी फसल उत्पादक 1 हजार से अधिक कृषक शामिल होंगे। उक्त कार्यशाला में शामिल होने वाले कृषको-एक्सपोटर्स-विषय विशेषज्ञों के बीच परस्पर संवाद कराया जावेगा। जिसमें उन्नतशील कृषक अपने अनुभव साझा करेंगे एवं अधिक मुनाफा प्राप्त करने हेतु वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन एवं उत्पादकता के साथ गुणवत्ता में वृद्धि एवं एक्सपोर्टर की मांग अनुसार आपसी परिचर्चा कराई जावेगी। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय केला विशेषज्ञ वाईस प्रेसिडेंट जैन इरिगेशन सिस्टम लि. जलगांव महाराष्ट्र श्री केबी पाटील, संपादक जैन कृषि तीर्थ पत्रिका डॉ. सुधीर भोंगले, एपीडा भोपाल एवं बुरहानपुर, जलगांव, टेम्बुरनी, मुम्बई, इंदौर आदि स्थानों के एक्सपोटर उपस्थित होंगे, जो कार्यशाला में जिले के कृषकों के बीच संवाद एवं अनुभव साझा करेंगे।

## छात्रा से बैड टच करने बाले टीचर आरोपी को किया गिरफ्तार

**खंडवा,।** पुलिस अधीक्षक जिला खण्डवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा महिला संबंधी अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) खण्डवा श्री राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) खंडवा श्री महेन्द्र तारनेकर एवं एसडीओपी मूंदी श्री मनोहर गवली के निर्देशन में थाना प्रभारी मूंदी निरी. राजेन्द्र नरवरिया के नेतृत्व में थाना मूंदी के अपराध क्रमांक 44/26 धारा 74 बीएनएस 7/8 पॉक्सो एक्ट में आरोपी बाबुलाल पिता सकरन तिलके जाति बलाही उम्र 54 साल निवासी बालाजी रेसीडेंसी खंडवा को गिरफ्तार किया गया। घटना का विवरण :- फरियादिया द्वारा स्कूल की क्लास मे बैड टच करने की शिकायत पर थाना मूंदी द्वारा अपराध क्रमांक 44/26 धारा 74 बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया । प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये मूंदी पुलिस द्वारा तत्काल आरोपी बाबुलाल पिता सकरन तिलके जाति बलाही उम्र 54 साल निवासी बालाजी रेसीडेंसी खंडवा को गिरफ्तार कर दिनांक 10 फरवरी को न्यायालय खंडवा पेश किया गया ।

## खंडवा में बड़े पैमाने पर सूदखोरों का धंधा फल फूल रहा

**खंडवा** में यह पहला मामला नहीं है कि किसी व्यक्ति ने कीटनाशक या सूदखोरों से परेशान होकर आत्महत्या ना कि हो इससे पहले भी कई बार इस प्रकार की घटनाएं शहर में देखने को मिली जहां पर सूदखोरों द्वारा प्रताड़ित करने पर व्यक्तियों द्वारा आत्महत्या का प्रयास किया गया है इसमें कई की तो मौत हो चुकी है जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे जिससे सूदखोरों का धंधा तेजी से फल फूल रहा है। सूदखोर बिना लाइसेंस के सूद पर रुपये देते है।

# जनसुनवाई में जनशिकायतो के त्वरित और प्रभावी निराकरण के दिए निर्देश

**बड़वानी ।** कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज जिले के कुल 47 आवेदको ने अपनी शिकायतो के निराकरण हेतु आवेदन दिए। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में आवेदको की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया । जिन आवेदनों का तत्काल मौके पर निराकरण संभव था, उन्हें मौके पर एवं शेष के निराकरण के लिये समय सीमा तय कर आवेदनो का निराकरण करने हेतु संबंधित विभाग के प्रमुखों को निर्देशित किया गया।

विकासखण्ड बड़वानी के ग्राम सिलावद निवासी श्री प्रवीण पिता जगन्नाथ ने श्रवण बाधित होकर कान की मशीन की मांग की । कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को जांच उपरान्त समुचित कार्यवाही के निर्देश दिये । आवेदक का जिला चिकित्सालय बड़वानी में परीक्षण उपरान्त 51 प्रतिशत श्रवण बाधित पात्रता सुनिश्चित होने पर विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने दिव्यांग श्री प्रवीण को कान की मशीन प्रदाय की । मशीन पाकर श्री प्रवीण ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया ।

बड़वानी की वरला तहसील के ग्राम सोलवन निवासी आवेदन श्री हरजी पिता गला तरोले ने जुलाई २०२५ में भारी बारिश से ढह चुके मकान के लिए ओवदन देकर शासन से सहायता की मांगी की। कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने आवेदन को तहसीलदार वरला और सीईओ जनपद पंचायत सेंधवा को आरबीसी 6/4 और आवास योजना के तहत उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया।

कृष्णा स्टेट कालोनी के रहवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन दिया। रहवासियों ने बताया कि वह पंचायत कसे सभी टैक्स दे रहे है पर विकास कार्य नही हो रहे हैं। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर ने आवेदन जिला पंचायत सीईओ को प्रेषित कर समुचित कार्यवाही के निर्देश दिये।

# मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग पर जिलास्तरीय कार्यशाला का किया आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



जिले में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में निवासरत बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग को लेकर बुधवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री मोनिका बघेल ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर चिन्हांकन किया जाएगा तथा उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए सहयोगी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से जरूरतमंद बच्चों तक समय पर सहायता और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

कार्यशाला में तकनीकी संस्था के मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि वल्नरेबिलिटी मैपिंग का कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा, जिसके लिए चरणबद्ध कार्य योजना तैयार की गई है। कार्यशाला में सहायक संचालक सुश्री अंजली चौधरी ने सभी से मिशन वात्सल्य के उद्देश्यों की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लेकर कार्यशाला का समापन किया। कार्यशाला में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आईसीपीएस स्टाफ तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लोकसभा में सांसद पाटिल ने पूरजोर तरीके से रखी मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बुधवार को लोकसभा में बुरहानपुर व खंडवा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज देने तथा विशेष 'कार्गो हब' या उन्नत रेल लॉजिस्टिक्स सुविधा विकसित करने की पुरजोर तरीके से मांग रखी। इसका जवाब देते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि खंडवा लोकसभा सांसद अपने क्षेत्र के विकास को लेकर सतत प्रयासरत रहते हैं।

सांसद पाटील ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा-बुरहानपुर सो होकर गुजरने वाला रेल मार्ग उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने वाला एक प्रमुख मार्ग है। खंडवा स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और बुरहानपुर के ऐतिहासिक व यूनेस्को श्रेणी के धरोहर स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की भारी संख्या को देखते हुए वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज दिया जाए। सांसद ने बताया कि मेरे संसदीय क्षेत्र के बुरहानपुर में बड़े पैमाने पर होने वाली केले, सोयाबीन, प्याज सहित अन्य कृषि उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुँचाने के लिए इस क्षेत्र में विशेष 'कार्गो हब' या उन्नत रेल लॉजिस्टिक्स सुविधा की सौगात मिल जाती है तो कृषि व उद्योग क्षेत्र को तेज गति मिलेंगी। रेलवे कार्गो हब एक विशिष्ट रेलवे स्टेशन या टर्मिनल है, जो विभिन्न स्थानों से माल (कार्गो) को एकत्रित, सॉर्ट और वितरित करने का प्रमुख केंद्र होता है। यह हब-एंड-स्पोक मॉडल पर कार्य करता है, जहाँ छोटी ट्रेनें या सड़क मार्ग से माल हब पर आता है और फिर मुख्य ट्रेनों के माध्यम से गंतव्य तक पहुँचाया जाता है, जिससे रसद दक्षता बढ़ती है।

# ठाकुर श्री राधाविनोद बिहारी जी मंदिर के द्वादश पाट महोत्सव का बुधवार को शुभारंभ हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर

ग्राम चोली में स्थित ठाकुर श्री राधाविनोद बिहारी जी मंदिर के द्वादश पाट महोत्सव का बुधवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन नगर के नर्मदा तट पर रासलीला के तहत नौका विहार लीला का आयोजन हुआ। बाबा श्री अलबेली शरण जी महाराज के सानिध्य में चल रहे इस उत्सव के दौरान नर्मदा के बीच जल धारा में नाव पर सवार होकर पहली बार भगवान श्री कृष्ण और राधा जी ने रासलीला की और नौका विहार भी किया। इस दौरान संतों और सखियों के संग होली खेली और नर्मदा जी में गोते भी खूब लगाए। नर्मदा जल में तैरती नौका से जब कान्हा और यमुना किनारे सखियों संग खड़ी राधा जी के बृज और हिंदी भाषा के संवादों ने लीला को जीवंत कर दिया। मानों सच में यमुनाजी पार कराने के लिए सखियां और राधा जी अपने प्यारे कन्हैया जो मल्हार के भेष में नौका पर सवार हैं से यमुना जी पार कराने की खुशामत कर रहीं हैं। लीला में महंत किशोरीदास जू महाराज (वृंदावन), बाबा श्री अलबेली शरण जी महाराज और ज्ञान गुदड़ी (वृंदावन) के बाबा श्री कुंज बिहारी जी भक्तमाली जी के साथ अन्य कई संत मौजूद थे।नगर में करीब ५० साल बाद हुई रासलीला को देखने के लिए सुबह से ही नगर सहित चोली, ठनगांव, ढापल से बड़ी संख्या में भक्त नर्मदा घाट पर पहुंचने लगे थे। धूप होने के बावजूद खुले आसमान में नौका विहार लीला देखन के लिए श्रद्धालु डेट रहे।राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त स्वामी श्रीराम शर्मा जी की रास मंडली ने नौका विहार लीला मल्हार बने ठाकुर जी ने राधा जी और सखियों को यमुना पार करने के प्रसंग का मंचन किया। जिसमें राधाजी सखियों के साथ यमुना पार माखन मिश्री बेचने के लिए जाती हैं। लेकिन कुछ सखियां उनसे पहले घर लौट जाती हैं, जिससे उन्हें चिंता होने लगती है और कोई नाव भी नहीं होती है जो उन्हें उस पार ले जाए। तब सखियों को दूर यमुना जी में एक नाव आती दिखाई देती है। जिस पर मल्लाह बने कन्हैया से राधा जी और सखियां यमुना पार करने का आग्रह करतीं हैं।

# मोघटरोड पुलिस ने अवैध गांजे का परिवहन करने वाले आरोपी को गांजा सहित किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

थाना मोघटरोड में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पंधाना रोड सब्जी मंडी खंडवा तरफ बिना नम्बर की मोटर सायकल से गांजा लेकर आने वाला है। जो खंडवा शहर में कही गांजा देने आया है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

शहर में गांजा खरीदी एवं बिक्री की अवैध गतिविधियां की सूचनाएं प्राप्त होने से, नशे कारोबार, खरीदी एवं बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेन्द्र तारणेकर व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव कुमार बारंगे के मार्गदर्शन में निरीक्षक धीरेश धारवाल थाना प्रभारी मोघट रोड खंडवा के नेतृत्व में थाना मोघट रोड पर टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पंधाना रोड सब्जी मंडी खंडवा पर तलाश एवं दस्दीक हेतु टीम को रवाना किया गया।

टीम द्वारा तलाश एवं तस्दीक करते मुखबिर द्वारा बताये गये बिना नम्बर की मोटर सायकल एवं हुलिये के व्यक्ति आते दिखाई देने पर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकडा गया। जिसका नाम पता पुछते अपना नाम अजय पिता राधेश्याम तॅवर उम्र २७ साल निवासी ग्राम सिलोदा, पदमनगर, खंडवा का होना बताया। जिसके थैली की तलाशी लेने पर बैग में गांजा निकला। उक्त गांजा 1 किलो 180 ग्राम कीमती 15 हजार रुपए का जप्त किया गया। जिस पर थाना मोघट रोड खंडवा पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 41/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को दिनांक 10 फरवरी को विशेष न्यायालय खंडवा के यहाँ पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। नाम आरोपी- अजय पिता राधेश्याम तॅवर उम्र २७ साल निवासी ग्राम सिलोदा थाना पदमनगर जिला खंडवा।

जप्त मशरुका :- गांजा 1 किलो 180 ग्राम कीमती 15 हजार रुपए एवं बिना नम्बर की मोटर सायकल कीमती 25 हजार रुपए। सराहनीय भूमिका- आरोपी को गिरफतार एवं मालमशरुका को जप्त करने मे निरीक्षक धीरेश धारवाल थाना प्रभारी मोघट रोड खंडवा, उनि. रूपसिंह सोलंकी, प्र. आर. 144 गणेश खत्री, आर. 205 सुमित दमाडे एवं आर. चा. 703 संजय हटकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## पं. उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनायेगी भाजपा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

जिला मुख्यालय खंडवा भाजपा कार्यालय में 11 फरवरी मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर की अध्यक्षता में मनाया जाएगा। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान विचारक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि हर वर्ष 11 फरवरी को मनाई जाती है। 11 फरवरी 1968 को मुगल सराय स्टेशन के पास उनका दुखद निधन हुआ था। इस दिन को भाजपा 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाती है और उनके समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने (अंत्योदय) के दर्शन को याद किया जाता है।भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई जाती है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 11 फरवरी पंडित जी की पुण्यतिथि के अवसर इंदिरा चौक स्थित भाजपा कार्यालय में 12 बजे समर्पण दिवस को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है, आयोजित कार्यक्रम कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री तोमर के साथ ही जिले के जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर पंडित जी की प्रतिमा फोटो पर माल्यार्पण के साथ वर्ष भर में एक बार एकत्रित की जाने वाली आजीवन सहयोग निधि का भी शुभारंभ होगा।

## रेलवे की दोहरी नीति से परेशान है नागरिक

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। एक ओर जहाँ रेलवे द्वारा एक कॉलोनी में सुरक्षा के नाम पर पक्की दीवार का निर्माण किया जा रहा है, वहीं दूसरी कॉलोनी में सिर्फ गहरे गड्ढे खोदकर काम अधूरा छोड़ दिया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दूसरी कॉलोनी में दीवार निर्माण के लिए गड्ढे तो खोद दिए गए, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी न तो दीवार बनी और न ही गड्ढों को भरा गया। इससे हादसे का खतरा बना हुआ है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनीवासियों ने आरोप लगाया कि रेलवे प्रशासन भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहा है। एक कॉलोनी में तेजी से काम पूरा किया जा रहा है, जबकि दूसरी कॉलोनी को नजरअंदाज किया जा रहा है। बरसात के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। इस संबंध में जब रेलवे अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि या तो तुरंत दीवार निर्माण कार्य शुरू किया जाए या फिर खोदे गए गड्ढों को जल्द से जल्द भरा जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

शहर के अंदर ही पार्किंग की जगह पर बेसमेंट में दुकानें संचालित हो रही है पूर्व में कार्रवाई की गई थी वहां भी कुछ राशि लेकर जुमार्ना लगाया गया था और निगम ने स्पष्ट किया था कि बेसमेंट में दुकानें संचालित नहीं की जा सकती लेकिन फिर भी एक वर्ष गुजरने के बाद भी निगम ने इस और करवाई नहीं की है।

## संगठन को बुथ स्तर पर मजबूत बनाने में संभाग एवं जिला प्रभारियों की अहम भूमिका-श्री खंडेलवाल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है भाजपा के जांबाज कार्यकताओं की बदौलत केंद्र और प्रदेश के कई प्रांतो में भाजपा की सरकार जनता की सेवा करते हुए विकास कार्य कर रही है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि तीन दिन प्रदेश में भाजपा को वोट ज्यादा मजबूत करने के उपदेश को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के मंत्री दिलवाले प्रदेश के सभी जिलों में संतान प्रभारीयो की नियुक्ति की। इन नियुक्तियों में खंडवा जिले के लिए अंबाराम करना को जिला प्रभारी नियुक्ति किया गया वहीं पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्व महापौर सुभाष कोठारी को भी संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका देते हुए धार जिले का संगठन प्रभारी नियुक्त किया हे। नियुक्ति के तीन दिन बाद ही प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभाग एवं जिला प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया। इस बैठक में खंडवा के प्रभारी अंबाराम कला के साथ ही धार जिले के प्रभारी सुभाष कोठारी भी उपस्थित हुए। संभाग एवं जिले प्रभारीयो की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व को हर कार्यकर्ता निष्ठा, ईमानदारी और पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं, यही हमारे संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने में संभाग व जिला प्रभारियों की भूमिका अहम है और आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण होगी। प्रत्येक जिला प्रभारी को संभाग प्रभारियों से निरंतर संवाद और समन्वय बनाए रखते हुए पार्टी के संगठनात्मक कार्यों को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। हर कार्यकर्ता की मेहनत और समर्पण से ही संगठन अपनी शक्ति और सफलता की नई ऊँचाइयों तक पहुंचता है।

# सिंगाजी की कबड्डी टीम अजेय, पांचवीं बार चैंपियन बनकर रचा कीर्तिमान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा/बीड़



सिंगाजी ताप परियोजना की कबड्डी टीम ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए ४७वीं अंतर-क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में सिंगाजी परियोजना ने ग्वालियर को 22 अंकों के बड़े अंतर से पराजित कर लगातार पांचवीं बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सिंगाजी ताप परियोजना परिसर स्थित शुभोजित स्टेडियम में दिनांक 8 फरवरी को खेला गया, जहां खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मैच की शुरूआत से ही सिंगाजी टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाई, जिसे अंत तक बनाए रखा।

मैच के दौरान विराट जाधव, अफजल खान, ओमप्रकाश, कैलाश यादव एवं रविंद्र मंडलोई, मनीष, विजय, तावड़े ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। सिंगाजी टीम की मजबूत रेड और सधी हुई डिफेंस के सामने ग्वालियर की टीम दबाव में नजर आई।

टीम की इस ऐतिहासिक जीत पर मुख्य अभियंता जे सी जुनवाल, अति मुख्य अभियंता,अधीक्षण अभियंता, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही मुख्य अभियंता जे सी जुनवाल ने कहा कि सिंगाजी ने बहुत ही उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए ये खिताब अपने नाम किया,उन्होंने कहा कि यह जीत टीम भावना, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन समिति एवं रेफरी मंडल की निष्पक्ष भूमिका की भी सराहना की गई। सिंगाजी परियोजना की इस शानदार उपलब्धि से पूरे परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। टीम की यह लगातार पांचवीं जीत आने वाले समय में और बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। खेल सचिव शैलेष चौहान ने बताया कि नेशनल टीम के लिए सिंगाजी से विराट जाधव, अफजल खान, ओमप्रकाश, कैलाश यादव एवं रविंद्र मंडलोई का चयन किया गया।अभय बमनिया और विनोद भिलाला द्वारा कबड्डी को पहली यूट्यूब पर लाइव किया गया । पूरी कॉलोनी द्वारा अंत तक इस मैच का लुत्फ उठाया गया, और कॉलोनी के बच्चों में भी कबड्डी मैच को लेकर अत्यधिक उत्साह देखा गया। सभी टीमों द्वारा कबड्डी के आयोजन को काफी सराहा गया।

फाइनल मैच के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुभाष गुप्ता, व्ही एस मल्ल, एच एस तिवारी एवम अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ।

खास न्यूज

## ग्रामीण से मारपीट करने वाले 2 भाईयों को सजा

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र में रहने वाले गणपत के साथ 17 जून 2023 को खेत पर एंगल गाडने का विरोध करने पर पडोसी धर्मेन्द्र और उसके भाई जितेन्द्र ने मारपीट की थी। गणपत की पत्नी बिरजाबाई और पुत्री जशोदा बीच बचाव करने आये तो दोनों धमकी देकर भाग निकले थे। इंगोरिया पुलिस ने मारपीट की धारा में प्रकरण दर्ज कर घायल गणपत को उपचार के लिये शासकीय अस्पताल भेजा था। जहां उसके हाथ में फ्रेक्चर होना सामने आया। डॉक्टरी रिपोर्ट के आधार पर धारा 325/34 का इजाफा किया गया। अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने पर 30 जनवरी को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट बडनगर द्वारा फैसला सुनाते हुए दोनों भाईयों धर्मेन्द्र और जितेन्द्र को 6-6 माह की सजा और एक-एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया। सजा का फैसला आने पर दोनों भाईयों ने अपर सत्र न्यायालय में अपील करते हुए खुद को निर्दोष बताया और दोषमुक्त करने की गुहार लगाई। अपील पर हुई सुनवाई के बाद पाया गया कि पूर्व में दिया गया फैसला सही है, सजा को स्थिर रखा जाता है और अपील का निरस्त किया जाता है।

## चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहा था बदमाश

**उज्जैन।** बडनगर तहसील के उमरिया केसूर मार्ग पर बने खेत किनारे एक बदमाश हाथ में चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को धमका रहा था। देहात भ्रमण के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार, एएसआई गोर्वधन दास बैरागी, आरक्षक रामनारायण चौहान आक्षक मनोज बैरागी तत्काल उमरिया केसूर मार्ग पहुंचे। बदमाश ने पुलिस वाहन आता देख भागने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर पकडा गया और हिरासत में लिया। उसके पास से धारदार चाकू बरामद हो गया। थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश ग्राम लोहाना का रहने वाला देवीसिंह पिता रमेश 43 साल है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## 10 दिनों बाद रतलाम स्टेशन पर मिली लापता बालिका

**उज्जैन।** बडनगर तहसील के ग्राम अमला में रहने वाली 17 साल की बालिका 31 जनवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने थाने पहुंचकर अज्ञात युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने मामला नाबालिग से जुडा होने परर अपहरण का प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश में एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, नारायण सरा और महिला आरक्षक ज्योति हाडा की टीम गठित की। 10 दिनों की तलाश के बाद बालिका को रतलाम रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब कर लिया। बालिका को बडनगर लाने पर उसके कथन दर्ज किये गये। इस दौरान सामने आया कि माता-पिता ने उसका रिश्त तय कर दिया था, वह शादी नहीं करना चाहती थी, इसी बात से नाराज होकर घर से बिना बताये चली गई थी। थाना प्रभारी ने समझाईश के बाद बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया।

## पत्नी ने साथ चलने से मना किया तो पति खाया जहर

**उज्जैन।** पति की शराब पीने की लत से परेशान पत्नी चार माह पहले 2 बच्चों के साथ मायके आ गई थी। बुधवार को पति उसे लेने पहुंचा, पत्नी ने चलने से मना कर दिया। पति ने लौटते वक्त रास्ते में जहर खा लिया। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामला जैथल टेक का सामने आया है। नागदा की जबरन कालोनी में रहने वाला राहुल पिता मांगीलाल चार माह से मायके रह रही पत्नी को ग्राम जैथल लेने पहुंचा था, पत्नी ने ससुराल चलने से मना कर दिया। राहुल नागदा जाने के लिये निकला और रास्ते में जहर खा लिया। उसे एम्बुलेंस से चरक अस्पताल लाया गया। खबर मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। राहुल का उपचार चल रहा है।

## ट्रेक्टर हादसे में घायल महिला की 4 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** भैरवगढ थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबला फंटा की रहने वाली किरण पति विक्रम मकवाना 19 साल 6 फरवरी का ट्रेक्टर हादसे में गंभीर घायल हो गई। परिजनों ने उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। 4 दिन चले उपचार के दौरान बुधवार को किरण की मौत हो गई। भैरवगढ थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। प्रधान आरक्षक राकेश रावत के अनुसार परिजनों ने बताया कि किरण पति के साथ ट्रेक्टर पर सवार होकर घर लौट रही थी, गांव के समीप पहिया निकलने पर ट्रेक्टर पलटी खा गया था। किरण गंभीर घायल हुई थी, पति को भी चोंट लगी है। प्रधान आरक्षक ने बताया कि फिलहाल शव परिजनों को सौंपा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 788-3 | 457-6 |
| मेन बाजार | 388-9 | 457-6 |
| कल्याण नाइट | 135-9 | 780-5 |
| मिलन डे | 177-5 | 670-3 |
| मिलन नाइट | 570-2 | 356 -4 |
| मधुर डे | 460-0 | 170 -8 |
| मधुर नाइट | 660-2 | 448-6 |
| शुभांक | 2 5 | 8 |

# भाईयों ने साथी के साथ मिलकर लूटे थे चांदी के आभूषण

### बिरलाग्राम में हुई लूट का खुलासा, घिनौदा से हिरासत में आये बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शादी से लौट रहे पुत्र और मां पर चाकू से हमला कर सोने-चांदी के आभूषणों के साथ मोबाइल लूटने वाले 3 बदमाशों को घिनौदा से हिरासत में लिया गया है। बदमाशों में दो सगे भाई है। जिनसे 6 लाख कीमत के आभूषण बरामद किये गये है।

बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम गिंदवानिया में रहने वाले राहुल गुर्जर अपनी माता पन्नाबाई के साथ 4 फरवरी को शादी में शामिल होने ग्राम बरखेडा गया था। देर शाम लौटते वक्त खुरमुडी मार्ग ट्रेचिंग ग्राउंड के पास बाइक सवार 3 बदमाशों ने पाइप से हमला कर दोनों को गिरा दिया था और चाकू से वार कर



पन्नाबाई से 1 किलो 700 ग्राम चांदी के आभूषण, सोने मुर्की और मोबाइल लूट लिया था। पन्नाबाई गंभीर घायन हुई थी। मामले में पुलिस ने राहुल गुर्जर की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धारा 309 (6), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 6 दिनों की तलाश के बाद बुधवार को लूट में शामिल 3 बदमाशों को ग्राम घिनौदा भाटपचलाना क्षेत्र से पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बदमाशों में दिनेश पिता जानकीलाल मोंगिया 25 साल निवासी ग्राम खेरवास जिला धार, उसका भाई घनश्याम मोंगिया 30 साल और गणेश उर्फ गणपत पिता दशरथ मोंगिया 40 साल निवासी मंदसौर है। पुलिस ने तीनों की निशानदेही पर चांदी का कंदोरा, आंवले, कडे, सोने की मुर्की, वीवो मोबाइल, लोहे का पाइप, चाकू, टीवीएस रेडॉन मोटर साइकिल बरामद की।

### भाटपचलाना में किराये से लिया था मकान

बताया जा रहा है कि बदमाशों में घनश्याम मोंगिया पर 11 और दिनेश के खिलाफ 9 अपराधिक मामले पूर्व में भी दर्ज है। कुछ दिनों से वह भाटपचलाना थाना क्षेत्र में किराये से मकान लेकर निवास कर रहे थे। बदमाशों में एक का ससुराल भी भटपचलाना क्षेत्र में है। तीनों शराब पीने के बाद सूनसान रास्तों से गुजरने वालों के साथ पाइप से हमला कर लूटपाट को अंजाम देते थे। पुलिस द्वारा तीनों से पूछताछ की जा रही है।

### लूट के बाद खंगाले गये थे कैमरे

4 फरवरी की शाम हुई लूट की पुत्र और मां के साथ हुई लूट की वारदात के बाद पुलिस ने बदमाशों का सुराग तलाशने के लिये कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये। सायबर टीम की मदद ली गई और सामुदायिक पुलिसिंग पर काम किया गया। जिसके चलते बदमाश 6 दिनों में पुलिस गिरफ्त में आ गये और लूट का पूरा मश्रुका बरामद कर लिया गया।

# घाट निर्माण की धसी मिट्टी, दबने से मजदूर की मौत

### जीवनखेडी क्षिप्रा किनारे हुई घटना, बडवानी का रहने वाला था मृतक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जीवनखेडी में बुधवार सुबह हादसा हो गया। घाट निर्माण कार्य में लगा मजदूर मिट्टी धंसने से दब गया, उसे बाहर निकाला जाता उससे पहले मौत हो चुकी थी। मजदूर का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों के आने पर गुरूवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के जीवनखेडी में क्षिप्रा नदी किनारे सिंहस्थ के मद्देनजर घाट का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य में बडवानी के ग्राम डूंगर गांव थाना सिलावद का रहने वाला सुरेश पिता नरसिंह मजूदरी के लिये आया हुआ था। बुधवार सुबह 11 बजे के लगभग काम के दौरान घाट निर्माण के लिये बनाये गये मिट्टी के सिलोप की दीवार अचानक धंस गई। मजदूर सुरेश पानी के छोर पर खडा था, मिट्टी उसके ऊपर गिरने से दब गया। हादसा देख साथी मजदूरों ने मिट्टी हटाने का काम शुरू किया औ करीब 15 से 20 मिनट बाद उसे बाहर निकाला। सुरेश बेसुध हो चुका था, उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को मिली तो मर्ग कायम किया गया। मृतक मजदूर बडवानी का रहने वाला था। परिजनों को सूचना दी गई। एएसआई राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के अनुसार शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। देर रात तक परिजनों ने उज्जैन पहुंचने की बात कहीं है। उनके आने पर गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर घटनाक्रम की जांच की जायेगी। सिंहस्थ को लेकर पूरे शहर में निर्माण कार्य चल रहे है। जिसमें क्षिप्रा के 29 किलोमीटर घाटों का निर्माण कार्य, ब्रिज निर्माण, सडक निर्माण सहित अन्य कार्य चल रहा है। बाहर के मजदूरों द्वारा काम किया जा रहा है। दिसंबर माह में भैरवगढ थाना क्षेत्र के अम्बोदिया में निर्माण कार्य के दौरान सीमेंट मशीन का डाला टूटने से नेपाल के मजदूर की मौत हो गई। जनवरी माह के अंत में इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन ब्रिज निर्माण के दौरान सरियों का जाल गिरने पर झारखंड का मजदूर दबकर अपनी जान गवां बैठा था। वहीं 4 दिन पहले बडनगर मार्ग पर मुल्लापुरा क्षेत्र में ब्रिज निर्माण के दौरान वाइब्रेट मशीन चलाते समय पश्चिम बंगाल के मजदूर की मौत हुई थी। अब जीवनखेडी में हादसा हुआ है।

## पंखे से लटका मिला लक?ी लेने छत पर गया युवक

**उज्जैन।** अलाव तापने के लिये पिता से छत पर रखी लक?ी लेने का बोलकर गया पुत्र जब वापस नहीं लौटा तो मां उसे देखने पहुंची। कमरे का दरवाजा बंद था, खि?की से देखा तो पुत्र पंखे पर लटका मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

इंदौर-नागदा बायपास पर तिरूपति प्लेटिनियम में रहने वाला हीरालाल सोलंकी महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड का काम करता है। मंगलवार-बुधवार रात में वह खाना खा रहा था, उसी दौरान पुत्र दिपेश सोलंकी 21 साल आया और बोला की ठंड लग रही है। अलाव तापना है। हीरालाल ने छत पर लक?ी रखी होने की बात कहीं। दिनेश छत पर लक?ी लेने गया और काफी देर तक वापस नहीं लौटा, हीरालाल की पत्नी प्रेमलता उसे देखने पहुंची तो कमरे का दरवाजा बंद था। खि?की से देखने पर दिपेश पंखे से लटका दिखाई दिया। पुत्र के फांसी लगाने की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई। रात 2 बजे पुलिस घटनास्थल पहुंची और दरवाजा तो?कर दिपेश का शव नीचे उतारा गया। बुधवार सुबह मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। रात में पुलिस ने घटनास्थल का कमरा सील कर दिया था। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कमरे की जांच कर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। उसके बाद ही फांसी लगाने की वजह सामने आ पायेगी।

**जूना सोमवारिया में सास ने बहू को लटका देखा-** मंगलवार देर शाम जूना सोमवारिया में रहने वाली रिजवाना बी पति शहनवाज 22 साल ने फांसी लगा ली। घटना के समय सास जरीना बी अस्पताल गई हुई थी, जब वह लौटी तो बहू का दुपट्टे से लटका देखा। रिजवाना का 10 माह पहले निकाह हुआ था। मायका महिदपुर में है। पति छत्री चौक पर कटलरी की दुकान लगाता है। रिजवाना के फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आई है। जीवाजीगंज पुलिस जांच कर रही है।

## मोमिनपुरा में चलती ट्रेन से गिरा बिहार का युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



चलती ट्रेन से बुधवार शाम युवक गिर गया। उसे गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया, जहां 2 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। युवक बिहार का रहने वाला था।

इंगोरिया थाना पुलिस ने बताया कि शाम 4.30 बजे लगभग मोमिनपुरा रेलवे ट्रेक पर चलती ट्रेन से युवक के गिरने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर एम्बुलेंस पहुंची और गंभीर घायल युवक को उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। सिर में गहरी चोंट होने पर डॉक्टरों ने उसे भर्ती किया लेकिन शाम 6.30 बजे के लगभग उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक बिहार के कटिहार का रहने वाला पंखे पर लटका मिला अक्षय पिता संतोष 19 साल है। उसके परिजनों का सूचना दी गई, उनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। परिजनों द्वारा ही मृतक युवक के संबंध में जानकारी मिल पायेगी कि वह कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था।

### जीरो पाइंट ट्रेक पर मिले मृतक की पहचान

जीआरपी ने मंगलवार-बुधवार रात जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रेक से युवक का कटा हुआ शव बरामद किया था। बुधवार सुबह उसकी पहचान मोबाइल के माध्यम से धर्मेन्द्र पिता कालूराम 30 साल निवासी गांधी बस्ती जीरापुर राजगढ के रूप में की गई। भाई अर्जुन के आने पर पता चला कि 2 दिन से लापता था और मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिवार उसकी तलाश कर रहा था। जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन आज

**उज्जैन।** क्षत्रिय मराठा समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती 19 फरवरी को मनाई जाएगी। इसी दिन को शासकीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग को लेकर समाज द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर महोदय को समाज के अध्यक्ष श्री अनिल धर्मे के नेतृत्व में यह ज्ञापन दिया जाएगा। समाज के सचिव श्री अनिल गावड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 12 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे टावर चौक पर समाज के सभी सदस्य एकत्रित होंगे। इसके पश्चात फ्रीगंज होते हुए कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## सायबर ठगों ने मजदूर के खाते से उडाये 2.57 लाख

उज्जैन। सायबर ठगों द्वारा ऑनलाइन मजदूर के खाते से 2.57 लाख रूपये उडा दिये। खाते से रूपये निकलने के बाद मजदूर ने शिकायत की, पुलिस ने डेढ माह बाद अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर में रहने वाला दिनेश पिता बैराजी बोडाना मजदूरी करता है। 17 दिसंबर को उसके मोबाइल पर तीन ओटीपी आये, उसके बाद खाते से 2.57 लाख रूपये गायब हो गये। खाते से निकलते ही उसके होश उड गये। उसने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया और शिकायत की। डेढ माह बाद पुलिस ने मंगलवार देर शाम अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सायबर ठगी और धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया। दिनेश ने पुलिस को बताया कि उसने होम लोन लिया था। उसके बाद मोबाइल पर ओटीपी आये थे, लेकिन उसने किसी को भी ओटीपी नहीं बताया था। उसके बाद भी खाते से रूपये निकाले गये है। पुलिस को आशंका है कि या तो उसने ओटीपी बताया है या फिर ऐसी किसी लिंक पर क्लिक किया, जिसके माध्यम से सायबर ठगों ने धोखाधडी की है। फिलहाल पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि ठगी की राशि किस खाते में ओर कहां गई है। जिसकी जानकारी बैंक के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।

## कार में रखी मिली अंग्रेजी शराब की 36 बोतल

उज्जैन। रात्रि गश्त पर निकली पुलिस ने मंगलवार-बुधवार रात 3.30 कार की तलाशी ली तो उसमें अंग्रेजी शराब की 36 बोतल रखी होना पाई गई। चालक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ अवैध शराब मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया है। माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि दशहरा मैदान में बुधवार सुबह हर्बल वन मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना था। मंगलवार-बुधवार रात में क्षेत्र में गश्त करने के साथ सर्चिंग शुरू कर दी गई थी। इस दौरान रात 3.30 बजे लगभग दशहरा मैदान सांची पाइंट के सामने कार क्रमांक एमपी 13 सीडी 7848 दिखाई दी। जिसे रोका गया और चालक से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम रोहित पिता सत्यनारायण सोलंकी निवासी खंडेलवाल कम्पाउंड चिमनगंज होना बताया। इतनी रात दशहरा मैदान आने का कारण पूछा गया तो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। शंका होने पर कार की तलाशी ली गई तो उसमें रखी अंग्रेजी शराब सिंग्नेचर, बर्काडी ब्लैक, बर्काडी करटा, बर्काडी मेंगों की 36 बोतल रखी होना सामने आई। शहर में शराब प्रतिबंधित होने पर दस्तावेज मांगे गये, तो वह दिखा नहीं पाया। शराब अवैध होने पर कार सहित जप्त की गई और चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया। चालक रोहित का कहना था कि उसने अलग-अलग दुकानों से खरीदी थी।

## कोल्ड स्टोरेज से गैस रिसाव,हंगामा मचा

**उज्जैन ।** बुधवार को भैरूगढ थाना अंतर्गत सोडंग के पास रामगढ के श्री वर्धन कोल्ड स्टोरेज में अमोनियम गैस का रिसाव होने से हंगामा मच गया था। सूचना पर यहां एडीएम अत्येन्द्र सिंह गुर्जर ,घट्टिया एसडीएम राजाराम करजरे के साथ फायर ब्रिगेड, प्रदुषण नियंत्रण का दल एवं एसडीआरएफ दल भी पहुंचा था। उसके पूर्व ही इस पर नियंत्रण किया जा चुका था। एसडीएम राजाराम करजरे के अनुसार रामगढ में रोड से लगे हुए क्षेत्र में ही श्री वर्धन कोल्ड स्टोरेज हैं। यहां दिन में रिपेयरिंग कार्य के दौरान प्लांट के अमोनियम गैस का पाईप निकल गया था। इससे तेजी से गैस का रिसाव होने लगा था। इसकी सूचना प्रशासन को मिलने पर राहत दल के साथ स्थल पर पहुंचे थे।


### जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, इरशाद पिता बाबु खाँ, निवासी-हीरामिल की चाल, उज्जैन के माध्यम से अभिभाषक श्री मोहम्मद अमजद खान, हाई एडवोकेट के द्वारा दैनिक अवंतिका दिनांक 10.02.2026 को प्रकाशित जाहिर सूचना, जिसमें उनके पक्षकार ने एक भवन भूखण्ड क्र. 3 व 4 रामघाट मार्ग, वार्ड नं. 33 उज्जैन में स्थित है के संबंध में असत्य जानकारी देते हुए जाहिर सूचना जारी की गई है, जिस पर मेरे पक्षकारगण शमा बी, अकीला बी, शाकीर उद्दीन व शबाना बी पुत्रगण हिसामुद्दीन, निवासी-भवन भूखण्ड क्र. 3 व 4 रामघाट मार्ग, वार्ड नं. 33 उज्जैन में मेरे पक्षकार के हक व अधिकार निहित है एवं वर्तमान में मेरा पक्षकार उपरोक्त उल्लेखित सम्पत्ति पर काबिज है। उपरोक्त उल्लेखित सम्पत्ति को विक्रय करने का अधिकार मेरे पक्षकारगण है। उपरोक्त भवन भूखण्ड क्र. 3 व 4 रामघाट मार्ग, वार्ड नं. 33 उज्जैन जो कि, अच्छी बी पति हिसामुद्दीन निवासी मकान नं. 3 व 4 रामघाट मार्ग, वार्ड नं. 33 उज्जैन म.प्र. के द्वारा दिनांक 31.12.2018 को वसीयतनामा नोटरी महोदय के समक्ष गवाहों की उपस्थिति में सम्पादित किया गया था. उक्त वसीयतनामें में उल्लेखित किया गया हैं कि, अच्छी बी ने अपने जीवन काल में अपनी वसीयत में उल्लेखित किया हैं कि, मेरी चार पुत्रीयां एवं तीन पुत्र हैं जिसमें से अजहर उद्दीन, कलीम उद्दीन व बिन्नो बी पति बाबु खाँ को उनके हिस्से की सम्पत्ति नगद के रूप में उन्हें दे चुकी हूँ तथा शेष बची सम्पत्ति मेरे दोनों पुत्रों व एक पुत्री बिन्नो बी का कोई हक अधिकार बाकी नहीं रहा है और ना ही उन तीनों से उक्त सम्पत्ति के संबंध में कुछ लेना देना शेष रहा है को तैयार करवाया गया था जिसे गवाहों के माध्यम से वसीयतनामें को पढकर, पढवाकर वसीयत कर्ता द्वारा सुनने के पश्चात अपना अंगुठा निवासी लगाया गया है। उक्त वसीयत नामें के आधार पर नगर पालिक निगम उज्जैन में उक्त सम्पत्ति को शमा बी, अकीला बी, शाकीर उद्दीन व शबाना बी के नाम पर दर्ज किया गया है। इरशाद की माता बिन्नों की मृत्यु दिनांक 09.05.2021 को हो चुकी है। इरशाद की माता बिन्नो बी द्वारा अपने जीवित रहने के दौरान भी किसी प्रकार के कोई हक एवं हिस्से की मांग नहीं की गई, क्योंकि बिन्नो बी ने अपनी माता अच्छी बी से पूर्व में अपना हिस्सा प्राप्त कर लिया था। इस कारण उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकारगण का एकमात्र स्वत्व, हित एवं आधिपत्य की है। इरशाद पिता बाबु खां निवासी-हीरामील की चाल, उज्जैन की ओर से प्रकाशित करवाई गई जाहिर सूचना असत्य एवं निराधार है।

दिनांक 11.02.2026

**अजीत कुमार वर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय- 1. सरदारपुरा देवासगेट, उज्जैन मो. 98272-54443**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कालुसिंह पिता श्री पुरसिंह जी, निवासी ग्राम पाडीखेड़ा, तह. झारड़ा, जिला उज्जैन (म.प्र.) ने भुवान मालवीय पिता श्री धुला जी, निवासी ग्राम ढाबला पिपलोन, तहसील बड़ौद, जिला आगर मालवा (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि, सर्वे क्रमांक 919/995/2/1, रकबा 0.36 हेक्टेयर, स्थित ग्राम ढाबला पिपलोन, पटवारी हल्का नंबर 62, तहसील बडौद, जिला आगर मालवा (म.प्र.) को क्रय करने का अनुबंध किया है। उक्त भूमि की चतुर्सीमा (Boundaries) निम्नानुसार है: पूर्व दिशा में- राधेश्याम की भूमि, पश्चिम दिशा में शासकीय भूमि, उत्तर दिशा में प्रभुलाल की भूमि, दक्षिण दिशा में राधेश्याम की भूमि। मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि के विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान कर दिया है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन भी अपने पक्ष में नोटरी महोदय के समक्ष करवा लिया है। तत्पश्चात, भुवान मालवीय द्वारा अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है और न ही विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जा रहा है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि भुवान मालवीय उक्त कृषि भूमि को अन्यत्र विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं। मेरे पक्षकार द्वारा भुवान मालवीय को अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित सूचना पत्र भी प्रेषित करवा दिया गया है। अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त कृषि भूमि का क्रय-विक्रय न करें। यदि इस जाहिर सूचना के पश्चात भी किसी व्यक्ति द्वारा उक्त कृषि भूमि के संबंध में भुवान मालवीय से कोई संव्यवहार (लेन-देन) किया जाता है, तो उसका समस्त दायित्व उस व्यक्ति का स्वयं का होगा तथा ऐसा संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा। सो सूचित हो। दिनांक 9.02.2026 स्थान उज्जैन

**अभिभाषक दुलेसिंह आजाद**
**जिला एवं सत्र न्यायालय उज्जैन**
**कार्यालय पता-18. जवाहर नगर, कॉसमॉस मॉल (स्मार्ट बाजार) के सामने, नानाखेड़ा, उज्जैन**
**मो. 9977753712**

# साधक का दायित्व



अपनी आध्यात्मिक आकांक्षा के तहत एक साधक ने प्रश्न किया कि गुरुजी, मनुष्य का अस्तित्व क्या है? एक सच्चा आध्यात्मिक आकांक्षी वह होता है, जो अपने जीवन को दो भागों में नहीं बांटता। न तो वह सिर्फ भौतिक संसार में उलझा रहता है और न ही संसार से पलायन करता है। उसका जीवन सापेक्ष जगत और आध्यात्मिक चेतना के बीच एक संतुलित सेतु बन जाता है। ऐसा व्यक्ति इस सत्य को समझता है कि मनुष्य का अस्तित्व केवल शरीर तक सीमित नहीं है, बल्कि वह एक निरंतर विकसित होती चेतना का प्रवाह है। आध्यात्मिक साधक का पहला दायित्व है कि वह बाहरी संसार में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करे। परिवार, समाज व मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व निभाना किसी भी साधना या तप से अलग नहीं है। वस्तुनिष्ठ संसार में रहते हुए उसे परिस्थितियों के साथ विवेकपूर्ण समायोजन करना होता है, जहां न तो शोषण हो और न ही आत्म-समर्पण। ह्मैं किसी का शोषण नहीं करूंगा और न किसी को खुद के शोषण की इजाजत दूंगा- यह भावना स्वस्थ सामाजिक जीवन की नींव है।

याद रखिए, मानव जीवन एक लंबी विकास-यात्रा का परिणाम है। चेतना ने असंख्य योनियों से गुजरते हुए यह रूप पाया है। पशु जीवन भय, असुरक्षा और संघर्ष से भरा होता है। जंगलों में रहने वाला प्राणी हर क्षण किसी न किसी खतरे से घिरा रहता है। वहां शक्तिशाली अपने से कमजोर जीव को निगल जाता है। कुछ जानवर निरंतर बने रहने वाले इस भय से बचने के लिए मनुष्य की शरण में आते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि वे अक्सर उस भरोसे की कीमत अपनी जान देकर चुकाते हैं। यह स्थिति हमें याद दिलाती है कि करुणा सिर्फ एक नैतिक उपदेश नहीं, बल्कि हमारी चेतना के विकास की कसौटी है। जैसे, कोई स्त्री यदि अपमान का शिकार रही हो, तो उसे हमेशा यह सावधानी बरतनी चाहिए कि आगे वह वही पीड़ा न दोहराए। इसी प्रकार, मानव समाज को भी अपने अतीत के दुखों से सीख लेनी चाहिए। जिन प्राणियों ने कभी हमारे साथ विकास की यात्रा साझा की है, उनके प्रति संवेदनहीन होना दरअसल आध्यात्मिक पतन का संकेत है। सच्चा साधक वही है, जो किसी भी प्राणी को अनावश्यक कष्ट न पहुंचने दे। भौतिक जगत में न्याय व अधिकारों की रक्षा अत्यंत जरूरी है। हर व्यक्ति को जीवन की मूलभूत जरूरतें- भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा और चिकित्सा उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित करना समाज का कर्तव्य है। जब तक ये आधारभूत जरूरतें पूरी नहीं होंगी, आध्यात्मिक उन्नति कुछ विशेष लोगों तक सीमित रह जाएगी। एक आदर्श समाज की कल्पना तभी साकार हो सकती है, जब हर मनुष्य को गरिमापूर्ण जीवन मिले।



सम्पादकीय

## अविश्वास प्रस्ताव

वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्षी सांसदों द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव केंद्र सरकार के लिए न सही, पर देश की राजनीति के लिए बहुत चिंताजनक है। कुल 118 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर वाला यह प्रस्ताव कांग्रेस सांसद- के सुरेश, गौरव गोगोई और मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को सौंपा है और इस पर आगे की कार्यवाही शुरू हो गई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अविश्वास प्रस्ताव पेश होने के एक घंटे के भीतर ही लोकसभा सचिवालय से अनुरोध किया है कि आगे की प्रक्रिया को पूरा किया जाए। हालांकि, संख्या बल में सरकार आगे है और ओम बिरला के पद पर किसी तरह का खतरा नहीं है। विपक्षी सांसदों की एक बड़ी शिकायत है, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अपना भाषण पूरा न करने देना। दूसरी शिकायत है, आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन। लोकसभा अध्यक्ष पर लोकसभा की कार्यवाही में स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया गया है।

वैसे तो विपक्षी सांसदों की शिकायतों पर सत्ता पक्ष के नेता अपना जवाब देते रहे हैं, पर अब उन्हें ज्यादा गंभीरता से इस प्रस्ताव का सामना करना पड़ेगा। अब सत्ता पक्ष या लोकसभा सचिवालय को भी आंकड़ों के आधार पर बताना होगा कि संसद सत्र में विपक्षी दलों के सांसदों को कितना वक्त बोलने के लिए दिया गया है? विपक्षी दलों के सदस्यों को क्या बोलने से रोका गया है? सत्ता पक्ष की कमियों पर उंगली रखना विपक्षी सांसदों का काम है, पर कमियों को दर्ज कराते समय उससे जुड़े प्रामाणिक तथ्य रखना जिम्मेदारी है। अक्सर देखा गया है कि राजनीति करते हुए हमारे सांसद सड़क और संसद का भेद भूल जाते हैं। बीते वर्षों में विरोध के लिए विरोध की जैसी राजनीतिक परंपरा जड़ें जमा चुकी है, क्या यह अविश्वास प्रस्ताव उसकी अगली कड़ी नहीं है? अभिव्यक्ति अपने देश में बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकार है, पर गलत अभिव्यक्ति पर रोक के लिए कानून भी है। क्या आज देश में कोई ऐसा राजनीतिक खेमा है, जहां से कभी गलतबयानी नहीं होती है? जब देश तरक्की की ओर उम्मीद भरी निगाह से देख रहा है, तब राजनीति समग्रता में अपने व्यवहार से एक आम भारतीय को निराश ही कर रही है। संसद में परस्पर समन्वय से ही यथोचित कार्य संभव है और समन्वय के लिए समझदारी सबसे जरूरी है।

(संसद की गरिमा और जातिगत मानसिकता के संकट के चलते उठते सवाल)

# जब संसद ही मर्यादा तोड़े, तो आचार-संहिता किसके लिए?



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

आज भारतीय संसद की कार्यवाही ने लोकतंत्र की उस बुनियादी शर्त पर गहरे प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं, जिसे हम समानता, गरिमा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहते हैं। संसद केवल कानून बनाने की जगह नहीं होती, बल्कि वह वह मंच होती है जहाँ लोकतंत्र की आत्मा बोलती है। लेकिन जब उसी मंच पर निर्वाचित प्रतिनिधि अपनी बात निर्बाध रूप से नहीं रख पा रहे हों, तो यह केवल संसदीय अव्यवस्था नहीं रह जाती, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना के क्षरण का संकेत बन जाती है। यह स्थिति इसलिए भी अधिक चिंताजनक है क्योंकि संसद वह संस्था है, जिससे पूरे समाज को दिशा मिलती है। यदि यहाँ शोर, व्यवधान, व्यक्तिगत हमले और लक्षित अपमान सामान्य होते जा रहे हैं, तो यह संदेश केवल संसद तक सीमित नहीं रहता—यह पूरे समाज में असहिष्णुता और अराजकता को वैधता देता है।

यह विडंबना ही है कि जिस देश ने अपने संविधान के माध्यम से जाति, वर्ग और भेदभाव से मुक्ति का सपना देखा था, उसी देश की संसद में आज भी व्यक्ति की पहचान उसके पद से पहले उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि से तय होती दिखाई देती है। राष्ट्रपति का अभिभाषण हो या प्रधानमंत्री का धन्यवाद प्रस्ताव—यदि इन संवैधानिक प्रक्रियाओं को भी शोर, व्यवधान और लक्षित अपमान के बीच पूरा न किया जा सके, तो सवाल केवल राजनीतिक शिष्टाचार का नहीं रहता, बल्कि संस्थागत मयार्दा का बन जाता है। संविधान ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसे पदों को किसी जाति, वर्ग या समुदाय से ऊपर रखा है। ये पद संविधान की संप्रभुता के प्रतीक हैं। लेकिन जब इन पदों पर बैठे व्यक्तियों को भी उनकी सामाजिक पहचान के चश्मे से देखा जाता है, तो यह उस गहरी जातिगत मानसिकता को उजागर करता है, जो आज भी हमारे लोकतंत्र के भीतर जीवित है।

संसद में सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है—बल्कि लोकतंत्र में यह उसका कर्तव्य है। लेकिन सवालों का स्वर, भाषा और उद्देश्य भी लोकतांत्रिक मयार्दा के भीतर होना चाहिए। जब प्रश्न नीति, प्रशासन और जनहित की जगह व्यक्तिगत पहचान, सामाजिक वर्ग या जातिगत संकेतों की ओर मुड़ने लगें, तो यह विमर्श नहीं, बल्कि विभाजन की राजनीति बन जाती है।

यह प्रवृत्ति न केवल संसद की गरिमा को ठेस पहुँचाती है, बल्कि समाज को भी वही संदेश देती है कि सत्ता के शीर्ष पर पहुँचने के बाद भी व्यक्ति जातिगत खाँचों से मुक्त नहीं हो सकता। इसका असर केवल राजनीतिक नहीं होता, इसका सामाजिक प्रभाव भी गहरा होता है—यह उन करोड़ों लोगों को निराश करता है जो लोकतंत्र को सामाजिक न्याय का माध्यम मानते हैं। एक सौ चालीस करोड़ की आबादी वाले देश में संसद केवल कानून बनाने की जगह नहीं है; वह लोकतंत्र का नैतिक केंद्र है। यही वह स्थान है जहाँ असहमति को सम्मान मिलना चाहिए, जहाँ बहस होनी चाहिए लेकिन अपमान नहीं, जहाँ टकराव हो लेकिन हिंसक भाषा नहीं। यदि उसी केंद्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों की सुरक्षा, सम्मान और अभिव्यक्ति सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो यह तंत्र की गंभीर विफलता है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या संसद के भीतर अनुशासन केवल कागजों तक सीमित रह गया है? क्या सदन की कार्यवाही बाधित करना, योजनाबद्ध शोर मचाना और संवैधानिक प्रक्रियाओं को रोकना अब राजनीतिक रणनीति का हिस्सा बन चुका है? और यदि ऐसा है, तो क्या इसके लिए कोई स्पष्ट और कठोर जवाबदेही तय की जाएगी?

आज विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और सार्वजनिक संस्थानों के लिए आचार-संहिताएँ बनाई जाती हैं—छात्रों और शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे मयार्दा और अनुशासन में रहें। लेकिन क्या यह विडंबना नहीं है कि संसद, जो इन नियमों को बनाने वाली संस्था है, स्वयं अनुशासनहीनता का उदाहरण बनती जा रही है? क्या संसद के लिए भी किसी सख़्त आचार-संहिता की आवश्यकता नहीं है, जो केवल कागज पर नहीं, व्यवहार में लागू हो?

यह बहस किसी एक पद, व्यक्ति या राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है। यह उस मानसिकता का प्रश्न है, जो आज भी व्यक्ति को उसकी संवैधानिक भूमिका से पहले उसकी जाति में बाँधकर देखती है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री—दोनों पद संविधान से शक्ति पाते हैं, न कि किसी सामाजिक श्रेणी से। फिर भी, जब सदन के भीतर और बाहर उन्हें उसी पुरानी दृष्टि से देखा जाता है, तो यह लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा आघात है। हम अक्सर गर्व से कहते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लेकिन लोकतंत्र केवल संख्या से बड़ा नहीं होता, उसकी गुणवत्ता भी मायने रखती है। यदि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंच पर ही समानता और सम्मान सुनिश्चित नहीं हो पा रहे, तो यह आत्ममंथन का समय है।

देश ने बीते दशकों में विकास, तकनीक और वैश्विक पहचान के अनेक पड़ाव पार किए हैं। हम अंतरिक्ष में पहुँच गए, डिजिटल अर्थव्यवस्था बना ली, वैश्विक मंचों पर अपनी आवाज बुलंद की। लेकिन सामाजिक समानता की कसौटी पर आज भी हम बार-बार फिसलते दिखाई देते हैं। जाति, पहचान और पूर्वाग्रह आज भी हमारे सार्वजनिक जीवन को नियंत्रित करते हैं। यदि संसद स्वयं इस सोच से मुक्त नहीं हो पाती, तो समाज से परिवर्तन की अपेक्षा करना व्यर्थ है। संसद को केवल कानून बनाने वाली संस्था नहीं, बल्कि उदाहरण प्रस्तुत करने वाली संस्था बनना होगा। यहाँ जो आचरण होगा, वही समाज में आदर्श माना जाएगा।

इसलिए यह समय है कि संसद की गरिमा, समानता और कार्यवाही की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट, पारदर्शी और कठोर नियमों पर गंभीर विचार किया जाए। ऐसे नियम जो सत्ता पक्ष और विपक्ष—दोनों पर समान रूप से लागू हों। ऐसे नियम जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाएँ नहीं, लेकिन अराजकता को भी अनुमति न दें। लोकतंत्र की मजबूती शोर से नहीं, संवाद से आती है; अवरोध से नहीं, असहमति के सम्मान से आती है। संसद को फिर से वही स्थान बनना होगा, जहाँ विचार टकराएँ, लेकिन व्यक्ति अपमानित न हो; जहाँ सत्ता और विपक्ष आमने-सामने हों, लेकिन संविधान सर्वोपरि रहे।

## सरकारी दफ्तर में ईलू-ईलू

महोदया, उपर्युक्त विषयांतर्गत सादर निवेदन है कि जब से आपने इस कार्यालय के धूल-धूसरित गलियारों में अपनी सैंडलों की 'टिक-टिक' के साथ आमद दी है, यहाँ का प्रशासनिक ढांचा किसी ढीले पड़े तंबू की तरह डगमगा गया है। नियमानुसार एक कनिष्ठ कर्मचारी की दृष्टि केवल सरकारी पंजियों के मलबे में दबी होनी चाहिए, किंतु आपकी आँखों का 'रडार' पिछले कई पखवाड़ों से लगातार मेरी 'स्थापना प्रभारी' वाली कुर्सी की ओर ही लक्षित पाया गया है। आपकी आँखों का यह अनधिकृत संचरण उस गुप्तचर की भांति है जो सीमा पार की गतिविधियों पर नजर रखता है, जबकि मेरा हृदय कोई प्रतिबंधित क्षेत्र नहीं है। आपके इस निरंतर 'दृष्टि-आक्रमण' ने मेरे भीतर के अनुशासन को वैसे ही छिन्न-भिन्न कर दिया है, जैसे कोई आवारा सांड लहलहाती फसल को तहस-नहस कर देता है। आपके इस कृत्य से मेरे कार्य-निष्पादन की क्षमता में गिरावट आई है और मेरी गंभीरता किसी फटे हुए ढोल की तरह बजने लगी है।

आपके टाइपिंग करने की शैली भी किसी सामान्य लिपिक जैसी नहीं, बल्कि किसी युद्धघोष जैसी प्रतीत होती है। जब आप की-बोर्ड पर उंगलियाँ चलाती हैं, तो ऐसा लगता है जैसे हृदय के किसी कोने में कोई 'नोटशीट' टाइप हो रही हो। टाइपिंग से अधिक समय आप मेरी भाव-भंगिमाओं के 'निरीक्षण' और 'समीक्षा' में व्यतीत कर रही हैं, जो सीधे तौर पर राजकीय समय का दुरुपयोग है। वरिष्ठ अधिकारी के चेहरे को इतनी गहराई से पढ़ना, जितना कि आप पढ़ रही हैं, केवल 'इंटेलिजेंस ब्यूरो' का काम है, किसी कनिष्ठ सहायक का नहीं। आपकी इस खोजी दृष्टि ने मुझे इस कदर विचलित कर दिया है कि कल मैंने आकस्मिक अवकाश की अर्जी पर हस्ताक्षर करने के बजाय गलती से 'आई लव यू' लिखकर डिस्पैच कर दिया। यह स्थिति किसी भी लोक सेवक के लिए वैसी ही लज्जास्पद है जैसे किसी पटवारी का रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा जाना।

अब बात करते हैं उस 'मुस्कराहट' की, जो आपकी लबों पर किसी सरकारी वादे की तरह अधूरी और रहस्यमयी बनी रहती है। यह मुस्कराहट न तो पूर्णतः 'साधारण शिष्टाचार' की श्रेणी में आती है और न ही इसे 'विभागीय सौजन्य' माना जा सकता है। यह तो उस सूक्ष्म भ्रष्टाचार की तरह है जो फाइल के साथ नत्थी होकर आता है और हृदय की तिजोरी में सेंध लगा देता है। आपके इस अधर-प्रदर्शन से मेरे रक्तचाप में वह 'उछाल' दर्ज किया गया है, जो शेयर बाजार के सेंसेक्स में भी विरल ही देखा जाता है।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 12 फरवरी 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 07:05 सूर्यास्त 18:17
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - दसमी 12:23 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 13:42 उपरांत मूल
योग - हर्षण 03:06 उपरांत वज्र
करण - विष्टि
चन्द्रमा - वृश्चिक में है। 13:42 पर धनु में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 23 तारिख

**मेष-** प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। बाहर सहायता से काम होंगे। प्रसन्नता रहेगी। संतान के संबंध में संतोष रहेगा।

**वृषभ-** व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। पुरुषार्थ का पूर्ण फल मिलेगा।

**मिथुन-** सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क-** संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा। मन प्रफुल्लित रहेगा।

**सिंह-** यात्रा में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। दुःखद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी।

**कन्या-** वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें। परिवार की परेशानी का हल संभव है।

**तुला-** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम उठाएं। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक-** धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा। पुरुषार्थ सफल होगा। व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे।

**धनु-** कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होंगे। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**मकर-** कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है। वाद-विवाद से दूर रहें।

**कुंभ-** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## भारतीय निर्यातकों एवं उत्पादनकर्ताओं के लिए स्वर्णिम युग



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

भारत के विदेश व्यापार के इतिहास में वर्तमान समय एक ऐतिहासिक मील के पत्थर के रूप में उभर रहा है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे दुनिया के सबसे प्रभावशाली आर्थिक केंद्रों के साथ किए गए हालिया टैरिफ समझौतों ने भारतीय उत्पादकों और निर्यातकों के लिए असीमित संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। ये द्विपक्षीय संधियाँ न केवल भारतीय बाजार में विदेशी वस्तुओं की पहुंच सुगम बनाएंगी, बल्कि भारतीय उत्पादों को भी वैश्विक पटल पर अधिक प्रतिस्पर्धी, किफायती और सुलभ बनाएंगी। यह रणनीतिक कदम 'ब्रांड इंडिया' को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के केंद्र में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

प्रमुख देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी

व्यापारिक संबंधों की इस नई इबारत में अमेरिका के साथ हुआ तालमेल अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगने वाले शुल्कों में की गई भारी कटौती ने फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र और आईटी, हार्डवेयर जैसे क्षेत्रों को एक नई ऊर्जा प्रदान की है। इसी प्रकार, यूरोपीय संघ के साथ हुआ दीर्घकालिक समझौता भारतीय वस्तुओं को शून्य-टैरिफ की दिशा में ले जा रहा है, जिससे ऑटोमोबाइल, रसायन और कृषि उत्पादों के लिए यूरोप के विशाल बाजार में पैठ बनाना आसान हो जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ हुए समझौते भी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ आर्थिक सहयोग ने भारतीय मसालों, अनाज और मशीनरी के लिए बाधाओं को समाप्त कर दिया है। वहीं, ब्रिटेन के साथ हुए द्विपक्षीय करार ने वस्त्र और विनिर्माण क्षेत्र के लिए रियायतों का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है, जो स्थानीय इकाइयों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन सिद्ध हो सकता है।

इन वैश्विक समझोतों को वास्तविक लाभ में बदलने के लिए भारतीय उत्पादकों को अपनी कार्यप्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने होंगे। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को सिद्ध करने के लिए अब उच्च गुणवत्ता, अंतरराष्ट्रीय मानकों की पैकेजिंग और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण पर ध्यान देना होगा।

भारतीय उद्योगों को अब वैश्विक खरीदारों के बीच दीर्घकालिक विश्वास कायम करने के लिए डिजिटल ट्रेसिबिलिटी और पर्यावरण अनुकूल उत्पादन तकनीकों को प्राथमिकता देनी होगी। वस्त्र उद्योग द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन मानकों को अपनाकर हासिल की गई सफलता अन्य क्षेत्रों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण हो सकती है।

व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो ये समझौते केवल व्यापारिक लेनदेन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये देश में बड़े सामाजिक-आर्थिक बदलाव के संकेत हैं। निर्यात में होने वाली वृद्धि से न केवल देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुदृढ़ होगा, बल्कि श्रम-गहन क्षेत्रों में रोजगार के लाखों नए अवसर भी पैदा होंगे। यह उपलब्धि भारत के व्यापार असंतुलन को कम करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

अंततः, यह समझना बेहद आवश्यक है कि वैश्विक बाजारों के खुलने के साथ घरेलू बाजार में विदेशी प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में भारतीय उद्यमियों की तत्परता और नागरिकों की 'वोकल फॉर लोकल' के प्रति प्रतिबद्धता ही आत्मनिर्भरता की असली कसौटी होगी। इन टैरिफ समझौतों की वास्तविक सफलता इस बात पर टिकी है कि हमारे उत्पादक कितनी कुशलता से वैश्विक मानकों को अपनाते हैं और भारतीय समाज अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं को किस प्रकार दिशा देता है।

# मेलों में मौत के झूले: खुशी के टिकट पर बिकती ज़िंदगी



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

हरियाणा के सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में झूला टूटने की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारे यहाँ मनोरंजन भी जान जोखिम में डालकर ही किया जाता है। जिस मेले को संस्कृति, कला और पर्यटन का उत्सव कहा जाता है, वही मेला एक पल में चीखों, अफरातफरी और मातम में बदल गया। झूले के अचानक टूटकर गिरने से एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई और तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह सिर्फ़ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का परिणाम है जहाँ सुरक्षा सबसे आखिरी प्राथमिकता बन चुकी है।

मेलों में झूले हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहे हैं। बच्चों की हँसी, युवाओं का उत्साह और परिवारों की उम्मीदें—सब कुछ इन झूलों से जुड़ा होता है। लेकिन जब यही झूले मौत का कारण बन जाएँ, तो सवाल केवल तकनीकी खराबी का नहीं रहता, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढाँचे की लापरवाही उजागर हो जाती है। सूरजकुंड हादसा अचानक नहीं हुआ। यह उस लापरवाही की परिणति है, जिसे सालों से चलने दो कहकर नजरअंदाज किया जाता रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसे झूलों की अनुमति कैसे दी जाती है? क्या इनके फिटनेस सर्टिफिकेट की कोई गंभीर जाँच होती है या फिर कुछ कागजों और हस्ताक्षरों से ही सब कुछ ह्मैनेजह्व कर दिया जाता है? हर बड़े मेले से पहले प्रशासन सुरक्षा के दावे करता है—ड्यूटी पर पुलिस, एंबुलेंस, दमकल वाहन—लेकिन झूलों की तकनीकी जाँच अक्सर औपचारिकता भर बनकर रह जाती है। जिस मशीन पर दर्जनों ज़िंदगियाँ झूल रही हों, उसकी गुणवत्ता, मेंटेनेंस और ऑपरेटर की ट्रेनिंग पर कोई सख़्त निगरानी क्यों नहीं होती?

यह पहली बार नहीं है जब किसी मेले या मनोरंजन पार्क में झूला गिरने से मौतें हुई हों। देश के अलग-अलग राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं—कहीं बच्चों की जान गई, कहीं महिलाएँ घायल हुईं, कहीं पूरा परिवार उजड़ गया। हर बार वही कहानी दोहराई जाती है—जाँच के आदेश, मुआवजे की घोषणा और कुछ दिनों का शोर। फिर सब कुछ भुला दिया जाता है, अगली दुर्घटना तक। सूरजकुंड हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत होना इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। जो व्यक्ति जनता की सुरक्षा के लिए तैनात था, वही स्वयं व्यवस्था की लापरवाही का शिकार हो गया। यह घटना प्रतीक है उस विडंबना की, जहाँ सुरक्षा देने वाला भी सुरक्षित नहीं है। सवाल यह है कि अगर एक अधिकारी की जान यूँ ही चली गई, तो आम नागरिक की सुरक्षा की क्या गारंटी है?

प्रशासन अक्सर ठेकेदारों पर दोष मढ़कर पल्ला झाड़ लेता है। कहा जाता है कि झूला निजी संचालक का था, मेंटेनेंस उसकी ज़िम्मेदारी थी। लेकिन क्या प्रशासन की ज़िम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? क्या बिना कड़ी जाँच के किसी भी ठेकेदार को मौत के झूले लगाने की खुली छूट दी जा सकती है? अगर हाँ, तो फिर हादसे के बाद सिर्फ़ ठेकेदार को दोषी ठहराना एक तरह का धोखा ही है।

असल में यह समस्या सिस्टम की है। मेले अस्थायी होते हैं, लेकिन लापरवाही स्थायी। सुरक्षा मानकों को अतिरिक्त खर्च समझा जाता है और मुनाफे को सबसे ऊपर रखा जाता है। झूले पुराने होते हैं, कई बार दूसरे राज्यों से लाकर बिना समुचित जाँच के लगा दिए जाते हैं। ऑपरेटर अक्सर अप्रशिक्षित होते हैं, जिन्हें न मशीन की तकनीक की समझ होती है और न आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग। दुखद यह भी है कि हादसे के बाद प्रशासन की संवेदनशीलता केवल मुआवजे की घोषणा तक सीमित रह जाती है। मृतक के परिवार को कुछ लाख रुपये देकर समझ लिया जाता है कि जिम्मेदारी पूरी हो गई।

धर्म-आस्था

# शुभ-लाभ से कुत्तों तक: हमारे दरवाजों पर टंगा सामाजिक इतिहास



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

एक जमाना था जब भारतीय घर के दरवाजे पर कदम रखते ही संस्कृति झुककर स्वागत करती थी। चौखट के ऊपर बड़े सलीके से लिखा होता था—शुभ-लाभ। यह सिर्फ़ दो शब्द नहीं थे, यह भरोसे की गारंटी थी। मेहमान आते थे शुभ लेकर और जाते थे लाभ लेकर। चाय में शक्कर कम-ज्यादा हो जाती थी, लेकिन अपनापन पूरा रहता था। घर छोटा होता था, दिल बड़ा। कुर्सियाँ कम होती थीं, पर जगह सबके लिए निकल आती थी। फिर समय बदला, शब्द बदले। शुभ-लाभ की जगह दरवाजे पर लिखा जाने लगा—स्वागतम। संस्कृत का यह शब्द अभी भी संस्कार की खुशबू लिए था। मेहमान आते थे, स्वागत होता था, लेकिन जाते-जाते लाभ फिर भी घर से ही उठा ले जाते थे। फर्क बस इतना था कि अब शुभ कम और औपचारिकता ज्यादा हो गई थी। चाय के साथ बिस्किट आने लगे, बातचीत में अपनापन थोड़ा कम और औपचारिक मुस्कान थोड़ी ज्यादा शामिल हो गई।

इसके बाद एक दिन अचानक भारतीय दरवाजों पर अंग्रेजी ने दस्तक दी। अब मेहमान आते थे, खाते-पीते थे और चले जाते थे। न शुभ लाते थे, न लाभ छोड़ते थे। मोबाइल चार्ज करके ले जाते थे, वाई-फाई का पासवर्ड पूछ लेते थे और जाते-जाते कहते थे—फील लाइक होम। घरवाले भी खुश रहते थे कि मेहमान ज्यादा देर नहीं रुके। अपनापन अब टाइम मैनेजमेंट के अधीन हो गया था। और अब अब तो दरवाजे पर जो लिखा है, वह हमारे सामाजिक विकास की पराकाष्ठा है—कुत्तों से सावधान।

यह वाक्य नहीं, चेतावनी है। यह स्वागत नहीं, सुरक्षा नीति है। यह मेहमानों के लिए नहीं, मालिक के मानसिक हालात का बयान है। अब मेहमान अपनी सुरक्षा स्वयं करते हुए आएँ। घंटी बजाने से पहले सोचें, भीतर आने से पहले रणनीति बनाएँ और अगर कुत्ता भौंक दे तो इसे व्यक्तिगत न लें—यह घर की नई संस्कृति है। दरअसल, कुत्ता अब सिर्फ़ पालतू जानवर नहीं रहा, वह सामाजिक फिल्टर बन चुका है। जो दोस्त सच्चा होगा, वही भीतर आएगा। जो रिश्तेदार ज्यादा दिन रुकने वाला होगा, उसे कुत्ता पहले ही भगा देगा। यह आधुनिक युग का स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम है—ना बिजली चाहिए, ना पासवर्ड, बस हड्डी और बिस्किट से चलता है।

आजकल लोग मेहमान से पहले कुत्ते को परिचय कराते हैं—डरो मत, काटता नहीं है। यह वही वाक्य है, जो पहले रिश्तेदारों के लिए बोला जाता था—डरो मत, अपना ही आदमी है। फर्क बस इतना है कि अब भरोसा इंसान पर नहीं, कुत्ते के मूड पर टिका है। समाजशास्त्री अगर चाहें तो भारत के सामाजिक बदलाव का इतिहास दरवाजों पर लिखे इन चार वाक्यों से समझ सकते हैं। शुभ-लाभ सामूहिकता का युग था, स्वागतम औपचारिकता का, उपभोक्तावाद का और कुत्तों से सावधान आत्मरक्षा का युग है।

आज हम रिश्ते निभाने से ज्यादा, रिश्तों से बचने में विश्वास रखते हैं। पहले मेहमान भगवान माने जाते थे—अतिथि देवो भव। अब मेहमान संभावित खतरा हैं—पहले कॉल करो, फिर आना। बिना फोन के आ जाना अब अपराध की श्रेणी में आता है। अगर कोई अचानक आ जाए तो पहला वाक्य होता है—बताया क्यों नहीं? और दूसरा—अब आए हो तो चाय पी लो। चाय पीने की अनुमति मिलना भी अब उपलब्धि है।

दिलचस्प बात यह है कि हम समाज में अकेलेपन की शिकायत भी करते हैं और दरवाजे पर कुत्तों से सावधान भी लिखते हैं। हम चाहते हैं लोग हमसे मिलें, लेकिन शर्तों के साथ। समय लेकर, सीमित समय के लिए, बिना सवाल पूछे और बिना देर किए लौट जाएँ। अपनापन अब अपॉइंटमेंट बेस्ड हो गया है।

कुत्ता इस पूरे परिवर्तन का सबसे ईमानदार पात्र है। वह कम से कम दोगला नहीं है। जो उसे पसंद नहीं, उसे साफ-साफ भौंककर बता देता है। इंसान की तरह मुस्कराकर भीतर बुला कर बाद में पीठ पीछे चर्चा नहीं करता। शायद इसीलिए आज के दौर में इंसानों से ज्यादा भरोसा कुत्तों पर किया जा रहा है।

तो अगली बार जब आप किसी घर के दरवाजे पर कुत्तों से सावधान पढ़ें, तो डरिए मत। समझ जाइए कि यह घर आधुनिक है, सतर्क है और सामाजिक रूप से अपडेटेड है। यहाँ रिश्ते सीमित हैं, भरोसा चयनित है और स्वागत परिस्थितियों पर निर्भर है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमाड़ी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,60,000, रवा- 1,59,800 चांदी- टंच- 2,61,000 पाट- 2,59,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## पीएम श्री स्कूल नवोदय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**सुसनेर।** पीएम श्री स्कूल नवोदय विद्यालय सुसनेर में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रेरणा कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका सफल कार्यान्वयन नवोदय विद्यालय समिति द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रेरणा एक परिवर्तनकारी, एक सप्ताह का अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम है, जिसे देश के युवाओं को सशक्त, मूल्यनिष्ठ एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को ग्राम वड़नगर, गुजरात में आयोजित आवासीय शिक्षण एवं अधिगम अनुभव हेतु ले जाया जाएगा, जहां विद्यार्थियों को नेतृत्व, जीवन कौशल, सांस्कृतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष वर्मा, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय एवं नरेंद्र लोहार, प्राचार्य सांदीपनी स्कूल सुसनेर उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में प्रेरणा कार्यक्रम को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक अभिनव एवं सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रकाश शर्मा, पीजीटी बायोलॉजी द्वारा किया गया, जबकि डॉ. अंजना दुबे, पीजीटी हिंदी ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## जैन साधु भगवंतों का मंगल प्रवेश, नवकारसी व त्रिदिवसीय प्रवचन माला प्रारंभ



**महिदपुर।** धर्मनगरी महिदपुर में बुधवार को विश्वपूज्य, प्रातः स्मरणीय, कलिकाल कल्पतरु परम पूज्य गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्रसुरीश्वरजी महाराजा साहब के पट्टधर राष्ट्रसंत पुण्यसम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराजा के शिष्य, परमरस द्विशतावधानी मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी म.सा. एवं मुनिराज श्री पवित्ररत्न विजयजी म.सा. आदि ठाणा का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रातःकाल लाल मंदिर से प्रारंभ हुआ प्रवेश जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ गांधी मार्ग स्थित त्रिस्तुतिक पौषधशाला पहुंचा। जुलूस के दौरान श्रद्धालुजनों में विशेष उत्साह एवं भक्ति भाव देखा गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गुरुभगवंतों के दर्शन व गहुली कर धर्म लाभ लिया। प्रवेश जुलूस से पूर्व लाल मंदिर पर सकल श्रीसंघ की नवकारसी त्रिस्तुतिक श्रीसंघ द्वारा आयोजित की गई। पूज्य साधु भगवंतों ने प्रातः 6 बजे ग्राम डेल्ची से महिदपुर की ओर विहार किया, जिसमें आगमोद्वारक विहार ग्रुप महिदपुर के नौजवान भी गुरुभगवंतों के साथ विहार में सम्मिलित रहे। जैसे ही प्रवेश जुलूस त्रिस्तुतिक पौषधशाला पहुंचा, वहां गुरुवंदन के साथ त्रिदिवसीय प्रवचन माला का शुभारंभ हुआ। यह प्रवचन माला 13 फरवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें धर्म, संयम और आत्मकल्याण पर अमृतवाणी का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।

## जर्जर हो रहे आलोट पाएगा स्कूल पर शिक्षा विभाग, प्रशासन सी एम राइज स्कूल बनाए



**देवास।** नाहर दरवाजा रोड स्थित सबसे पुराना आलोट पाएगा स्कूल आज पूरी तरह से जर्जर भवन के रूप में तब्दील हो चुका है कुछ कमरे ठीक है जहां पर स्कूल संचालित हो रहा है बाकी स्थिति बड़ी खराब हो चुकी है बिच शहर में इतनी बड़ी जगह कहीं उपलब्ध नहीं है ऐसे में इतनी महत्वपूर्ण जगह पर स्थापित स्कूल की दुर्दशा होना समझ से परे है शिक्षा विभाग ने आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की ना ही कोई नए निर्माण की कार्य योजना बनाई बताया जा रहा है कि लगातार जर्जर भवन से जरूरत के हिसाब से लोग पुरानी सामग्री लेजा रहे हैं । जबकि वह स्कूल तो है ही वहां मतदान केंद्र भी रहता है साथ ही समय समय पर सरकारी कार्य योजना को क्रियान्वयन करने के लिए अधिकारी भी स्कूल के मैदान में बैठते हैं। शहर में बालगढ़ में सी एम राइज स्कूल बना है शहर की बढ़ाती आबादी को देखते हुए एक ओर सी एम राइज स्कूल बनाया जा सकता है। इस संदर्भ में कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि इतनी बड़ी जगह का उपयोग करते हुए यहां पर सी एम राइज स्कूल बनाया जाय । इस स्थान पर स्कूल बनने से इस स्थान का उपयोग भी हो जाएगा वहीं बीच शहर में होने से छात्र छात्रों को लाभ भी होगा वहीं भूमि का उपयोग भी हो जाएगा।

## आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत पुलिस ने नावालिग बालक को ढूंढ कर परिजनों के सुपर्द किया

**ब्यावरा।** पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान को सार्थक बनाने के लिए नाबालिग बालक-बालिकाओं की शीघ्र ढूंढने के लिए प्रयास किए जा रहे। इसी क्रम में थाना नरसिंहगढ़ पुलिस ने एक नाबालिग बालक को ढूंढ लिया है। गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं के प्रकरणों में संपूर्ण व्यावसायिक दक्षता, संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही कर पीड़ित परिवार को राहत प्रदान की। फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका नाबालिग बालक गुम हो गया है। नरसिंहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की।

### डिजिटल सिस्टम की मार: सारंगपुर में पांच दिन से सर्वर ने रोका गरीबों का निवाला

# पीडीएस वितरण में समस्या, अंगूठा लगाने के बाद नहीं निकल रही राशन पर्ची, खाली हाथ लौट रहे हितग्राही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

तकनीक जब साथ छोडती है, तो सबसे ज्यादा चोट समाज के अंतिम व्यक्ति पर पडती है। तहसील की पीडीएस वितरण व्यवस्था पिछले 6 फरवरी से तकनीकी खराबी की भेंट चढ चुकी है। क्षेत्र की 159 उचित मूल्य की दुकानों पर सन्नाटा है या फिर कतारों में खडे परेशान उपभोक्ता, क्योंकि पीओएस मशीनें अंगूठा तो स्वीकार कर रही हैं, लेकिन राशन की पर्ची उगलना भूल गई हैं। लोगों का कहना है की फरवरी माह की शुरूआत में राशन वितरण व्यवस्था गडबडा गई। पांच दिन से पात्र परिवार दुकानों के चक्कर लगाने पर मजबूर है, कई महिला-पुरुष दूरदराज कॉलोनियों से आकर दुकानों पर ताला लगा देख वापस मायूस होकर घर को लौट रहे हैं। पात्र परिवार के सदस्यों के अनुसार शनिवार से परेशान हैं, कोई राशन कार्ड रखकर गया तो किसी को रविवार को बुलाया, लेकिन दुकानें बंद मिली, सोमवार को भी यही स्थिति बनी रही। सोमवार, मंगलवार सुबह से कुछ दुकानों पर राशन के लिए सुबह से भीड लग गई। कई दुकानों के ताले ही नहीं खुले, किसी ने सुबह खोली, तो राशन के लिए पात्र परिवार की भीड लग गई, लेकिन सर्वर नहीं चलने के कारण बाद में बंद कर दी। राशन दुकान संचालकों के अनुसार तीन-चार दिन से सर्वर नहीं चल रहा है, इस कारण परेशानी आ रही है।

### अंगूठा मान्य, पर पर्ची गायब

शहर सहित अंचल के 66409 पात्र परिवारों के सामने अचानक संकट खडा हो गया है। सर्वर डाउन होने की वजह से अजीब स्थिति पैदा हो गई है- बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया तो पूरी हो जाती है, लेकिन सर्वर एरर के कारण रसीद जेनरेट नहीं हो रही। बिना पर्ची के दुकानदार राशन देने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि स्टॉक मिलान में विसंगति का डर है।



### मैनुअल समाधान की दरकार

जब डिजिटल व्यवस्था इस कदर चरमरा जाए कि लोगों को भोजन के अधिकार से वंचित होना पडे, तो प्रशासनिक तत्परता पर सवाल उठना लाजमी है। क्या एनआईसी हैदराबाद से समस्या सुलझने तक वैकल्पिक व्यवस्था (आफ लाइन वितरण) पर विचार किया जाएगा, या गरीब यूही मशीन ठीक होने का इंतजार करता रहेगा।

**इनका कहना है**

कुछ दिनों से राशन वितरण में सर्वर की समस्या आ रही है, पीओएस मशीन में अंगूठा लग रहा लेकिन पर्ची नहीं निकल पा रही है, यह समस्या हैदराबाद एनआइसी से है, जिसे आगे से ही ठीक किया जा रहा है।

**गोपाल सिंह चौहान**
**प्रभारी खाद्य विभाग, सारंगपुर।**

### हैदराबाद से जुडी है समस्या की डोर

खाद्य विभाग के स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि यह समस्या स्थानीय स्तर की नहीं है। यह तकनीकी खराबी हैदराबाद स्थित एनआइसी के मुख्य सर्वर से जुडी है। विभाग का तर्क है कि सर्वर पूरी तरह ठप नहीं है, बल्कि बीच-बीच में काम करता है। हालांकि, धरातल पर सच्चाई यह है कि यह कभी-कभी चलने वाला सर्वर हजारों लोगों के सब्र का इम्तिहान ले रहा है।

### दिहाडी छोड कतारों में खडे हो रहे मजदूर

शहर से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक, राशन कार्ड धारकों की मुसीबतें बढ गई हैं। दिन भर की मजदूरी छोडकर राशन की उम्मीद में दुकानों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन शाम को खाली हाथ लौटना पड; रहा है। घंटों इंतजार के बाद सिस्टम की खराबी उन्हें निराश कर रही है। राशन के चक्कर में मजदूरों का काम और किसानों की खेती प्रभावित हो रही है।



## समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को किसी भी खेल से जुडा होना चाहिए-विजयवर्गीय

**सारंगपुर।** व्यक्ति की अच्छी सेहत के लिए खेल अति आवश्यक है। स्वस्थ तन रहेगा, तो हमारा मन स्वस्थ रहेगा। इसलिए सभी उम्र के व्यक्ति यों को खेल खेलना चाहिए और खेल के प्रति रूचि होनी चाहिए। यह विचार शहर की शासकीय पीएमश्री माध्यमिक विद्यालय ग्रुप शाला में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक मीना विजयवर्गीय ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को किसी न किसी खेल से जुडा होना चाहिए। प्रतिदिन खेलने से हमारा स्वास्थ्य ठीक रहेगा, तो हमारा मन हर कार्य में अच्छे से लगेगा। स्वस्थ तन शैक्षणिक गुणवत्ता का आधार है। स्वस्थ बालक अन्य बालकों की तुलना में अच्छा परिणाम दे सकता है। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान क्रिकेट, दौड, लॉन्ग जंप, आउटडोर जंप, फुटबॉल और बैडमिंटन का आयोजन होगा। विद्यार्थी अपनी तैयारी के साथ सामूहिक खेलों में भाग लेंगे और जीतने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। प्रधानाध्यापक विजयवर्गीय ने आगे कहा कि खेल महोत्सव का उद्देश्य केवल शारीरिक फिटनेस बढाना है, बल्कि टीम भावना और निर्देश भी सिखाया जाता है। पहले दिन क्रिकेट, फुटबाल, और वालीवाल प्रतियोगिता आयोजित हुई। विद्यालय के वार्षिक उत्सव के अवसर पर तीन दिन तक क्रीडा, साहित्यक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रभारी मीना विजयवर्गीय के अलावा किरण राव, नासिर खान, नसीमुल्ला खान, शमीम बानो एवं समस्त स्टाफ सदस्य एवं बच्चें उपस्थित रहे।

### दर्दनाक सड़क दुर्घटना

# बाइक सवार का पैर कटकर अलग, एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

लालाखेड़ी जोड़ के समीप मंगलवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार दो सगे भाइयों में से एक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार जीप से हुई आमने-सामने की टक्कर इतनी भयावह थी कि एक युवक का पैर घुटने से कटकर शरीर से अलग हो गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बालचंद पिता रोड जी और उनके भाई प्रेमनारायण पिता रोड जी निवासी मनासा (नलखेड़ा) किसी रिश्तेदार के यहाँ विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही वे लालाखेड़ी जोड़ के पास पहुँचे, सामने से आ रही तेज गति जीप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बालचंद गंभीर रूप से घायल हो गए और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि प्रेमनारायण को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुँची और दोनों भाइयों को सिविल अस्पताल सुसनेर पहुँचाया। अस्पताल में डॉ. नीलम जैन व डॉ. शशांक वर्मा ने परीक्षण के बाद बालचंद को मृत घोषित किया तथा घायल प्रेमनारायण का उपचार प्रारंभ किया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

दुर्घटना की खबर फैलते ही अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जीप की गति अत्यधिक तेज थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जीप चालक की तलाश शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की जाँच की जा रही है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

### देवास में 50 लाख का अवैध डीजल-थिनर जब्त

# बाड़े में चल रहा था कारोबार, टैंकर और ड्रम पकड़े, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास पुलिस ने अवैध रूप से जमा किए गए डीजल और थिनर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कमलापुर थाना पुलिस ने बड़ी चौराहे के पास एक बाड़े पर छापा मारकर करीब 50 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरा चकमा देकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। सोमवार को कमलापुर थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जितेंद्र पटेल के बाड़े में बने एक पक्के कमरे में भारी मात्रा में अवैध डीजल और थिनर का भंडारण कर बेचा जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन और एसडीओपी बागली सृष्टि भार्गव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा ने टीम के साथ तत्काल मौके पर दबिश दी।



### कागज लाने का बहाना बनाकर भागा

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां एक टैंकर से डीजल निकाला जा रहा था। पुलिस ने मौके से आरोपी जितेंद्र पिता रमेश परमार, निवासी ग्राम अरंडिया (इंदौर) को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, दूसरे आरोपी जितेंद्र पटेल से जब डीजल-थिनर और अन्य सामग्री के दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। वह कागज लाने का बहाना बनाकर घटनास्थल से फरार हो गया।

### टैंकर और ड्रम किए जब्त

पुलिस ने मौके से 50 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। इसमें एक डीजल टैंकर लीटर डीजल से भरे दो ड्रम, 1000 लीटर थिनर से भरे पांच ड्रम, मोटर पंप, डीजल नापने और निकालने वाले यंत्र शामिल हैं।

# देवास में 4 दिन से सर्वर डाउन, 40 हजार उपभोक्ता परेशान



**देवास।** शहर में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर पिछले चार दिनों से राशन वितरण सर्वर समस्या के कारण ठप पड़ा है। इससे शहर की 52 दुकानों से जुड़े करीब 38 से 40 हजार उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिल पा रहा है। परेशान होकर दुकान संचालक मंगलवार को समाधान के लिए कलेक्ट्रेट स्थित खाद्य विभाग पहुंचे। शहर में कुल 52 उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं। सर्वर डाउन होने से उपभोक्ताओं को बैरंग लौटना पड़ रहा है। मजदूरी छोड़कर राशन लेने आने वाले गरीब वर्ग के लोगों में राशन न मिलने से नाराजगी बढ़ रही है। दुकान संचालक संजय खंडेलवाल ने बताया कि लगातार शिकायत के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया

## बोर्ड परीक्षाओं के दौरान तेज डीजे बजने से छात्र परेशान

**सारंगपुर।** सारंगपुर में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों का अनियंत्रित उपयोग छात्रों की पढाई में बाधा बन रहा है। हाई और हायर सेकेंडरी के छात्र दिन-रात पढाई में जुटे हैं, लेकिन तेज शोर के कारण उन्हें एकाग्रता बनाए रखने में परेशानी हो रही है। शहर भर में शादी-विवाह, जुलूस, रैलियों और विभिन्ना आयोजनों में डीजे, लाउडस्पीकर सहित अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का सुबह से देर रात तक तेज आवाज में इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे स्थिति और बिगड रही है। प्रभावित छात्रों का कहना है कि शादी-विवाह जैसे आयोजनों में सुबह से देर रात तक बजने वाले डीजे, बैंड और लाउडस्पीकर उनकी पढाई में गंभीर व्यवधान डाल रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### 12वीं अंग्रेजी के पेपर में 2488 में से 2454 हुए शामिल, 34 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**सारंगपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं। पहले दिन अंग्रेजी विषय का पेपर आयोजित किया गया। विकासखंड में इस परीक्षा में कुल 2488 परीक्षार्थी शामिल होना था लेकिन 2454 ने परीक्षा दी और 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बीईओ सुरेश विरमाल ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को नकलमुक्त कराने के लिए इस बार कडे सुरक्षा इंतजाम किए गए। परीक्षार्थियों को जूते और मोजे बाहर उतारकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। साथ ही प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष ट्रैक ऐप का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे थाने से लेकर परीक्षा केंद्र तक प्रश्नपत्रों की लोकेशन पर नजर रखी गई।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री कन्हैयालाल सोनी पिता श्री ढौलनराम जी सोनी निवासी- ए-1 माउंट एवरेस्ट सीजीएचएस एलटीओ प्लाट नंबर 17 सेक्टर 9 द्वारका बाग डोला साउथ वेस्ट दिल्ली के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक ए-28/9 एमआईजी वेदनगर उज्जैन मे स्थित है। उक्त भवन को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भवन पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 05 से 07 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन का विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 11/02/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉम्पलेक्स उज्जैन म.प्र., मोबाइल नं. 8839742938**



Pro. No.470 /2026 F.F.:- 27/02/2026

**IN THE COURT OF 2nd JOINT CIVIL JUDGE, SENIOR DIVISION, GONDIA.(M.S.)**
**H.M.P. No. 73/2025**

Notice to show cause
(General form)
(Sch. 1, App.H, Form 4)

Mr. Vaibhav s/o Rakesh Jaiswal ... **Applicant**
**---Verses---**
Mrs. Himanshi w/o Vaibhav Jaiswa ...**Non.Applicant.**

To
Mrs. Himanshi w/o Vaibhav Jaiswal,
R/o.-57, M.I.G. 2nd Indira Nagar, Agar Road,
Ujjain (M.P.)-456 006.

WHEREAS the above named Mr. Vaibhav s/o Rakesh Jaiswal, has made application to this Court that, Petition U/s 9 of Hindu Marriage Act, 1955, for restitution of conjugal rights...
You are hereby warned to appear in this Court in person or by a pleader duly instructed on the 27th day of February, 2026 at 11.00 o'clock in the forenoon, to show cause against the application, failing wherein, the said application will be heard and determined ex-parte.
Also take notice that in default of your filing an address for service on or before the date mentioned you are liable to have your defence struck out.
Given under my hand and the seal of the court, this 17th day of Janaury, 2026.

**By Order,**
**(H. S. Dongarwar)**
**Asst. Superintendent,**
**Civil Judge, Sn.Dn. Gondia.**

# जिले में नवीन उद्योग स्थापना के लिये अनुकूल वातावरण प्रदान करें

दैनिक अवन्तिका » आगर मालवा

जिले में नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा भूमि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। उद्योग स्थापित करने में हितग्राहियों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने बुधवार को आयोजित 'एक गांव एक कृषि उद्योग स्थापना' की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक गांव में स्थानीय संसाधनों पर आधारित कृषि उद्योग स्थापित करने हेतु युवाओं को प्रेरित किया जाए। शासन की स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ते हुए इच्छुक हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने जिला प्रबंधक लीड बैंक श्रीकांत सक्सेना को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को बैंकों से ऋण सुविधा सरलता से उपलब्ध हो तथा प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें।

ए-2 घी उत्पादन पर जोर- कलेक्टर श्रीमती यादव ने पशुपालकों को देशी मालवी नस्ल की गायों से प्राकृतिक ए-2 घी तैयार कर अधिक मूल्य अर्जित करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुओं को प्राकृतिक, देशी एवं रसायनमुक्त चारा एवं पशुआहार प्रदान कर प्रोटीनयुक्त, पौष्टिक एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला ए-2 घी तैयार किया जा सकता है, जिससे आय में वृद्धि होगी।



**विभागों की प्रगति की समीक्षा-** बैठक में उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग विजय चौरसिया ने पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी दी कि प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत जिले में 20 बायो रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, अग्निअस्त्र, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, दशपर्णी एवं पंचपर्णी जैसे जैविक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। साथ ही गोबर क्रय कर गौशालाओं को आर्थिक लाभ पहुंचाया जा रहा है तथा किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जिला परियोजना अधिकारी (म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) संजय सक्सेना ने बताया कि जिले में 157 उद्योग स्थापित किए गए हैं, जिनकी कुल लागत 171.82 लाख रुपये है तथा 71 लाख रुपये की शासकीय सहायता प्रदान की गई है। ग्राम आवर एवं पालखेड़ी में पशु आहार निर्माण इकाइयां स्थापित की गई हैं।

हितग्राहियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। श्रीमती हवाबाई ने जिला चिकित्सालय में संचालित कैंटीन से प्रतिमाह 5 से 7 हजार रुपये की आय होने की जानकारी दी तथा भविष्य में भोजन एवं नाश्ता विक्रय प्रारंभ करने की योजना बताई। पशुपालन विभाग के हितग्राही श्याम यादव एवं दिलीप तंवर द्वारा 100-100 बकरियों की इकाई स्थापित कर बकरी पालन व्यवसाय प्रारंभ किया गया है। उद्यानिकी विभाग की एमएसएमई योजना अंतर्गत श्रीमती अनिता पाटीदार एवं दिनेश कुमार द्वारा आटा मिल एवं ऑयल मिल स्थापित की गई है, जहां आटा, तेल एवं खली का उत्पादन किया जाएगा। पीएमआरडीसी के विनय तोमर ने औद्योगिक क्षेत्र में प्लांट आवंटन की पारदर्शी प्रक्रिया एवं मैकन आलू प्रोसेसिंग यूनिट के शीघ्र स्थापना की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि जिले के समग्र आर्थिक विकास के लिए स्थानीय स्तर पर उद्योग स्थापना को प्राथमिकता दी जाए तथा हितग्राहियों को समयबद्ध सहयोग प्रदान किया जाए। बैठक में परियोजना अधिकारी जितेंद्र सिंह सेंगर, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी सुरेंद्र यादव, जिला प्रबंधक उद्योग विभाग राम सोलंकी, कुलदीप यादव, डॉ. अंकित जैन (पशुपालन विभाग) सहित कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका का विशेष अभियान दूसरे दिन भी रहा जारी

**बड़नगर।** नगर पालिका परिषद बड़नगर की टीम ने बुधवार को भी नगर के विभिन्न मार्गों, बाजारों क्षेत्रों तथा आवासीय इलाकों में व्यापक अभियान चलाते हुए विचरण कर रहे आवारा 10 गौवंश को सुरक्षित रूप से पकड़ा। नगर पालिका टीम अभी तक 28 गौवंश को ग्राम पंचायत रणवा स्थित श्री राम राज्य गौपाल गौशाला में छोड़ा जा चुका है। नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा ने कहा कि पशु पालक अपने पालतू पशुओं को खुला न छोड़ें। आवारा पशुओं की वजह से न केवल दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ती हैं, बल्कि सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। वहीं नगर पालिका की टीम लगातार ऐसे अभियानों को जारी रखेगी ताकि बड़नगर शहर साफ-सुथरा, सुरक्षित और व्यवस्थित बना रहे और सुगम यातायात व्यवस्था भी बनी रहे। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे साझा जिम्मेदारी निभाते हुए नगर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में सहयोग करें तथा पशुओं को खुले में छोड़ने से बचें। इस अवसर पर पार्षद विजयंत गोसर, ग्राम पंचायत रणवा सरपंच महेन्द्रसिंह भाटी, नगर पालिका सीएमओ मंशाराम निंगवाल, सफाई दरोगा नरेंद्र सिरसवाल सहित अधिकारी, कर्मचारी नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे साझा जिम्मेदारी निभाते हुए नगर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में सहयोग करें।

## आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं

**आगर मालवा।** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा ग्राम में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों और लीडर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीडीएम नाबार्ड एन के सोनी ने स्लखपति दीदीश् अभियान के तहत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन व्यवसाय कर रही दीदियों से संवाद किया और उनके अनुभव सुने।उन्होंने महिलाओं को वार्षिक 1 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित करने के लिए कैसे तैयार किया जाए इसकी जानकारी दी।साथ ही नाबार्ड किस प्रकार वित्तीय सहायता और कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है बताया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी का महत्व। समूह प्रबंधन और तकनीकी मार्गदर्शन- कार्यक्रम में एमपीकॉन भोपाल के जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार चौहान ने तकनीकी सत्र को संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के कुशल संचालन के गुर सिखाए, जिनमें समूह के खातों का सही रख-रखाव,आपसी समन्वय और लीडरशिप क्षमता का विकास, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया। बताई इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राजेश राव,आजविका मिशन के भरत शोभाकर,इमामी खान सहित समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थी।

## नॉर्मल धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले को किया रफादफा

**गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 फरवरी को श्रीपुरा के पास दो युवकों पर करीब एक दर्जन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक का हाथ गंभीर से फैक्चर हो गया तो वहीं दूसरे के शरीर में जगह जगह चोटें आई हैं। दोनों लहूलुहान होने के बावजूद भी पुलिस ने घायलों की एमएलसी नहीं कराई यह मधुसूदनगढ़ पुलिस की घोर लापरवाही सामने आई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों को बचाने के लिए पुलिस ताना शाही कर रही है और मामूली धाराओं में मामला दर्ज कर चलता कर दिया। फिलहाल लोधी परिवार के घायलों ने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। दरअसल मामला ये है कि मोहन लोधी पुत्र दशरथ सिंह, देवराज लोधी पुत्र हीरालाल लोधी निवासी ग्राम बैराड तहसील सुठालिया जिला राजगढ़ मप्र अपनी मोटरसाइकिल से श्रीपुरा में 7 फरवरी 2026 को आयोजित एक शादी समारोह से लौट कर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे अभिषेक पुत्र नारायण सिंह निवासी श्रीपुरा, गोकलेश लोधी पुत्र नारायण सिंह लोधी निवासी श्रीपुरा, उत्तम लोधी निवासी गारखेडा, लाखन लोधी पुत्र सुफाड सिंह ग्राम तेलीगाँव सहित अन्य लोगों ने श्रीपुरा जोड के बीच रास्ते मे पुरानी रंजिश पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना वक्त आरोपियों ने लाठी डंडों से हमला करते हुए दोनों युवकों के साथ बेरहमी से मारपीट की। जिसमें मोहन लोधी और देवराज लोधी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की शिकायत जब पुलिस थाने मक्सूदनगढ़ में गए, तो साधारण रिपोर्ट दर्ज कर चलता कर दिया। मौके पर दोनों लहूलुहान होने और देवराज का हाथ फैक्चर जैसी गंभीर चोटें आने का बाद भी पुलिस वालो ने घायलों का मेडिकल नहीं कराया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी गुना द्वारा अंत्योदय प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी नेता,परम श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गईय इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है इसके पीछे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संघर्ष और समर्पण रहा है। एकात्म मानववाद का मूल मंत्र लेकर भाजपा आज अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक अपनी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि जिले के सभी मंडल और बूथ स्तर पर मनाई गई। इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय पर पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई एवं उनके जीवन के संस्मरणों को कार्यकर्ताओं से साझा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राधेश्याम पारीक, हरिसिंह यादव, राजेंद्र सिंह सलूजा, अरुण चतुर्वेदी, देवेन्द्र गुप्ता, डॉ निर्मल सोनी,रमेश मालवीय आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने किया।

# प्रभावी विवेचना और मजबूत अभियोजन का परिणाम

**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में जिला आगर मालवा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सुसनेर द्वारा वर्ष 2023 में दर्ज एक गंभीर एनडीपीएस प्रकरण को चिन्हित कर विशेष रुचि लेकर निरंतर मॉनिटरिंग व आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए, जिसके परिणामस्वरूप उत्कृष्ट विवेचना एवं सशक्त अभियोजन के माध्यम से आरोपियों को माननीय न्यायालय से कठोर सजा दिलाने में सफलता प्राप्त हुई है।

यह कार्रवाई दर्शाती है कि आगर मालवा पुलिस केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं, बल्कि अपराधियों को न्यायालय से दंडित करवाने हेतु भी प्रतिबद्ध है।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 11/12/2023 को सुसनेर थाना पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक क्रमांक आरजे 09 जीबी 9998 में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आगर से राजस्थान की ओर जाने वाले हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा थाना सुसनेर के सामने मुख्य मार्ग पर विधिवत नाकाबंदी की गई। संदिग्ध ट्रक को रोककर चालक रामबाबू दाँगी (निवासी जेताखेड़ी, राजस्थान) एवं क्लीनर कमलेश दाँगी (निवासी अमानपुरा नया गाँव, थाना सोयतकला) से पूछताछ की गई। वैधानिक प्रावधानों का पालन करते हुए तलाशी लेने पर ट्रक के केबिन एवं डाले से कुल 12 बोरियों में 372 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। साथ ही ट्रक, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री को विधिवत जब्त किया गया। प्रकरण में अपराध क्रमांक 423/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

न्यायालय का निर्णय- प्रकरण की विवेचना निरीक्षक अनिल मालवीय एवं उनि दीपक विश्वकर्मा द्वारा की गई तथा जब्ती सउनि जगदीश पेजवाल द्वारा की गई। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार गवली द्वारा प्रभावी पैरवी की गई तथा न्यायालयीन कार्यवाही में आरक्षक महेश परमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। माननीय विशेष न्यायाधीश मधुसुदन जंघेल द्वारा दोनों आरोपियों को दोषसिद्ध पाते हुए प्रत्येक को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं ?1-1 लाख अर्थदंड से दंडित किया गया।

आरोपियों का विवरण 1. रामबाबू दाँगी, पिता रमेशचंद्र दाँगी, उम्र 23 वर्ष, निवासी जेताखेड़ी, थाना पिडावा, जिला झालावाड़ (राजस्थान), 2. कमलेश दाँगी, पिता नरसिंहलाल दाँगी, उम्र 24 वर्ष, निवासी अमानपुरा नया गाँव, थाना सोयतकला, जिला आगर मालवा (म.प्र.), प्रमुख बिंदु कुल 372 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कृ अनुमानित मूल्य ?2.23 करोड़ से अधिक, तस्करी में प्रयुक्त ट्रक (कीमत लगभग ?35 लाख) जब्त, सुदृढ़ विवेचना एवं सशक्त अभियोजन से न्यायालयीन सफलता, मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क पर प्रभावी कानूनी प्रहार

## मध्य प्रदेश राज्य उपभोक्ता आयोग ने दिया विमल का प्रचार करने वालों को नोटिस

**गुना।** ब्रांड एंबेसडर अक्षय कुमार, शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ, और रसीला पान भंडार गुना को पेश होने का आदेश दिया है।

इस संबंध में गुना के विट्ठल अहिरवार ने एक गुटखा पाउच अपने मित्र के लिए खरीदा था। जिसका विज्ञापन टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार, अजय देवगन, शाहरुख खान आदि करते हैं कि दाने-दाने में केसर का दम जब पॉच देखा तो उसके कंटेंट्स पर केसर का उल्लेख नहीं था। इसलिए विट्ठल ने अपने अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह यादव के माध्यम से उपभोक्ता फॉर्म गुना में परिवार प्रस्तुत किया। उक्त परिवार में उपभोक्ता फॉर्म गुना ने आदेश पारित किया था कि जो फिल्म अभिनेता है। वह राष्ट्रीय स्तर का विषय है और गुना उपभोक्ता फॉर्म को क्षेत्रीय अधिकार नहीं है। इसलिए उनके नाम हटाकर पुनः परिवार पेश करें तब विट्ठल अहिरवार ने उक्त गुना के गुना उपभोक्ता आयोग स्वयं के आदेश के विरुद्ध अपील माननीय मध्य प्रदेश राज उपभोक्ता आयोग में अपने अधिवक्ता अनुराग खास कलम के माध्यम से अपील प्रस्तुत की। जिसमें सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया है कि विमल पान मसाला बनाने वालों और इसका प्रचार करने वालों को साबित करना होगा की दाने-दाने में केसर का दम है। इसे साबित करने में नाकाम रहने पर उन्हें लाखों रुपए जुर्माना भरना पड़ सकता है गुना जिले के विट्ठल अहिरवार ने मध्य प्रदेश राज्य आयोग उपभोक्ता में अपील की है अपील नंबर कि विमल पान मसाला के ब्रांड में दाने-दाने में केसर के दावे को चुनौती दी है अपील पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश राज्य आयोग ने इस पान मसाले ब्रांड की निर्माता जेब इंडस्ट्री और इसके ब्रांड एम्बेसडर सुपरस्टार अजय देवगन अक्षय कुमार शाहरुख खान टाइगर श्रॉफ और विक्रेता रसीला पान भंडार को नोटिस भेज कर 20.01.2026 को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा था लेकिन 20.01.2026 को कोई जवाब नहीं आया और आयोग ने 05.03.2026 को पेश होने का आदेश दिया है। अपील करता ने अपील में कहा है कि कैसर युक्तपान मसाला केवल रुपए 10 में कैसे मिल जाता है जब असली केसर 4 लाख से साढे चार लाख रुपए किलो है। इसका प्रचार कर रहे अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, शाहरुख खान, अजय देवगन सुपरस्टार जनता के बीच लोकप्रिय है ।

## भारतीय जनता पार्टी ने मनाई भाजपा के पितृपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

**आगर मालवा।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया नमन। सभी ने अपने विचार व्यक्त किये भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत प्रजापत ने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसके पीछे दीनदयाल जी का संघर्ष,समर्पण है। एकात्म मानववाद का मंत्र लेकर भाजपा आज अंतिम व्यक्ति तक अपनी सरकार की जनहितैषी योजनाओं को पहुँचा रही है ।

## परीक्षाओं के दौरान ध्वनि विस्तारकों पर प्रतिबंध, एसडीएम ने जारी किया आदेश

**आगर मालवा।** बोर्ड परीक्षाओं के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं परीक्षा की पवित्रता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी आगर-बड़ौद श्री मिलिंद ढोके द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व से परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा केंद्रों से 100 गज की परिधि में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश एवं अवांछनीय गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउडस्पीकर एवं डीजे के उपयोग को नियंत्रित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 (यथासंशोधित) के तहत निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन अनिवार्य रहेगा। नियमों के अनुसार औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय एवं साइलेंस जोन के लिए दिन एवं रात्रि की ध्वनि सीमा निर्धारित है, जिसका सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा। विवाह समारोह, धार्मिक आयोजन अथवा अन्य कार्यक्रमों में डीजे एवं लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित ध्वनि सीमा में तथा संबंधित तहसीलदार आगर-बड़ौद से विधिवत अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही किया जा सकेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले आयोजकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आदेश 10 फरवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत दंडनीय अपराध माना जाएगा।

# कलेक्टर ने पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण किया

**आगर मालवा।** रबी उपार्जन वर्ष-2026-27 अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु कृषकों के पंजीयन 07 फरवरी से प्रारंभ हो चुके है। पंजीयन केन्द्रों पर कृषकों की सुविधा एवं पारदर्शी व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने बुधवार को पंजीयन केन्द्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था एवं विपणन सहकारी संस्था आगर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने केन्द्रों पर पंजीयन व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कृषकों से संवाद कर पंजीयन प्रक्रिया से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पंजीयन के लिये आने वाले कृषकों को केन्द्रों पर अनावश्यक परेशानी न हो, पंजीयन सरल और सुगमता से हो। पंजीयन कार्य समयबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण किया जाए, आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने पंजीयन में लगने वाले समय और अब तक किये गए पंजीयनों की भी केन्द्रों पर जानकारी ली। साथ ही पंजीयन तिथि का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी एमएल मालवीय, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एनएस मुवेल, जिला प्रबंधन नागरिक आपूर्ति निगम अभय जैन आदि मौजूद रहे।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को इस सार्वजनिक जाहिर सूचना द्वारा अवगत कराया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती सजन बाई पति स्वर्गीय गणेश प्रजापत, उम्र 60 वर्ष, निवासी मकान नं. 118, आनंद नगर, उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) 456010 की होकर मेरी पक्षकार के पुत्र श्री नरेन्द्र प्रजापत, पिता स्व. गणेश प्रजापत, पुत्रवधू श्रीमती विष्णु बाई, तथा उनके पुत्र एवं पुत्रियाँ, लंबे समय से मेरी पक्षकार के साथ दुव्यवहार कर रहे हैं, उनकी देखभाल नहीं कर रहे हैं तथा उनके प्रति अपने पारिवारिक एवं नैतिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। इनके आचरण से व्यथित होकर मेरी पक्षकार ने यह कठोर निर्णय लिया है। अतः मेरी पक्षकार आज दिनांक से उपरोक्त सभी व्यक्तियों को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति, मकान, भूमि, जायदाद, बैंक खाते, भविष्य में प्राप्त होने वाली किसी भी संपत्ति, तथा किसी भी प्रकार के वैधानिक अधिकारों से पूर्णतः बेदखल घोषित करती हैं। भविष्य में यदि उक्त व्यक्तियों द्वारा मेरी पक्षकार के नाम, उनकी संपत्ति या अधिकारों से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन, ऋण, अनुबंध, विक्रय, हस्तांतरण या अन्य कोई व्यवहार किया जाता है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं उन व्यक्तियों की होगी। ऐसे किसी भी कृत्य से मेरी पक्षकार का कोई संबंध या उत्तरदायित्व नहीं रहेगा। यह सूचना समस्त आम जनता, बैंक, वित्तीय संस्थानों, शासकीय-अशासकीय विभागों, क्रेताओं-विक्रेताओं एवं संबंधित सभी व्यक्तियों की जानकारी एवं सावधानी हेतु प्रकाशित की जा रही है। दिनांक 11.02.2026 स्थान उज्जैन

**अभिभाषक नरेन्द्र गेहलोत**
**जिला एवं सत्र न्यायालय उज्जैन**
**कार्यालय पता-18, जवाहर नगर, कॉसमॉस मॉल (स्मार्ट बाज़ार) के सामने, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाइल 9977336636**



## मुल रजिस्ट्रेशन कार्ड गुम होने के संबंध

मैं सोनी सूर्यवंशी, पिता श्री मथुरा प्रसादजी सूर्यवंशी, निवासी नारायणदास का बाड़ा, चौसट योगिनी मार्ग, उज्जैन हूं। यह कि, मुझ प्रार्थीया के द्वारा सत्र 2015-16 में सोनाली स्कूल ऑफ नर्सिंग सरस्वती विहार कॉलोनी गुना में प्रवेश लेकर अक्टोम्बर 2018 में GNM तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसका **मुल रजिस्ट्रेशन क्रमांक V-58754** जारी किया गया था उक्त रजिस्ट्रेशन कार्ड मुझ प्रार्थीया से चौसठ योगिनी मार्ग से अब्दालपुरा के रास्ते में दिनांक **28.01.2026** को कहीं पर गिर गया है, उक्त रजिस्ट्रेशन कार्ड की मेरे द्वारा काफी तलाश की गई किन्तु उक्त रजिस्ट्रेशन कार्ड नहीं मिला। मेरा मुल रजिस्ट्रेशन कार्ड गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट रजिस्ट्रेशन कार्ड निकलवाने हेतु रिपोर्ट की आवश्यकता है जिसकी पुलिस थाना जीवाजीगंज, उज्जैन में रिपोर्ट दर्ज की है।

**सोनी सूर्यवंशी, पिता श्री मथुरा प्रसादजी सूर्यवंशी**
**निवासी नारायणदास का बाड़ा, चौसट योगिनी मार्ग, उज्जैन**



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड क्रमांक 90 श्रेणी MIG हरसिद्धि विहार कॉलोनी ग्राम लालपुर हामुखेड़ी, देवास रोड, उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 162-45 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में -18.00 मीटर रोड, पश्चिम में -भूखण्ड क्रमांक 89 MIG , उत्तर में -9.00 मीटर रोड व दक्षिण में -भूखण्ड क्रमांक 91 HIG स्थित है। उक्त भूखण्ड को मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी श्रीमती पुष्पा जैन पति श्री पंकज जैन, निवासी-261, जवाहर मार्ग, महावीर भवन के पास, नागदा जिला उज्जैन म.प्र. से क्रय करने का अनुबंध कर भूखण्ड स्वामी को बयाना राशि अदा कर दी हैं, शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना हैं। उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्शीश आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 10/12/2025

**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**कार्यालय- 1. सरदारपुरा देवासगेट, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 98272-54443**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखंडस्वामी 1. अब्दुल नौशाद पिता अब्दुल रउफ 2. अब्दुल अनीस खान पिता अब्दुल रउफ निवासीगण- 77. ग्रीन पार्क कालोनी, उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का मुखंड क्रमांक 104 नवीन भूखंड क्रमांक 169/1 जिसका कुल क्षेत्रफल 37.96 वर्गमीटर स्थित ग्रीन पार्क कालोनी, कस्बा उज्जैन में है, जो आवासीय उपयोग का है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है। अतः उक्त वर्णित भूखंड पर किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेंस बकाया हो या उक्त वर्णित भूखंड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखंड का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक- 10-02-2026 स्थान- उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर- सीएफ-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन मो. 99264 66157**



## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता-थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 8/4 स्थित मोहल्ला राजा भैय्या मार्ग पुराना वार्ड न. 08 नया क्रमांक 10 कस्बा आगर तहसील व जिला आगर मालवा (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 126.47 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में - राठौर समाज का भवन, पश्चिम में - नारायणदास मलानी का भवन, उत्तर में- मनीष कारपेंटर का भवन एवं दक्षिण में- क्रेता ललीता मलानी का भवन एवं कॉमन पैसेज स्थित हैं। उक्त संपति मनोहरलाल, भगवानदास, राधेश्याम एवं नारायणदास पुत्रगण प्रहलाददास को पैतृक सम्पत्ति के रूप में प्राप्त हुई है तथा राधेश्याम आदि एवं मनोहरलाल द्वारा मुख्तयारआम गिरीश पिता मनोहरलाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP20IGR1 6612025ए 101079038 दिनांक 27/11/2025 के माध्यम से श्रीमति ललीता मलानी पति श्री राजेश मलानी ने क्रय कि। एवं श्रीमति ललीता मलानी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

न्यूज-कॉलम

## छात्रावास से कम्प्यूटर, म्यूजिक सिस्टम सहित अन्य सामान चोरी

**मन्दसौर।** डाइट परिसर में स्थित सीडब्ल्यूएस छात्रावासस का अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर एलजी कम्पनी का कम्प्यूटर, प्रिंटर, किबोर्ड, म्यूजिक सिस्टम मय बॉक्स व छात्रावास के इस्तेमाली बर्तन व किचन में रखा सामान चुरा लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार इस घटना की रिपोर्ट मंदसौर यशोधर्मन थाने पर फरियादी पुरूषोत्तम पिता जगन्नाथ भट्ट निवासी आनंद विहार कॉलोनी मंदसौर ने की। पुलिस ने बताया कि फरियादी के अनुसार यह वारदात 13 मार्च 2025 की दोपहर से 8 फरवरी 2026 के बीच हुई। इस घटना को लेकर फरियादी के द्वारा आवेदन दिया गया था जिसकी जांच पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## सड़क दुर्घटना में एक दम्पत्ति घायल

**मन्दसौर।** मंदसौर सीतामऊ रोड़ अरनिया निजामुद्दीन की पुलिया से पहले हुई सड़क दुर्घटना में एक दम्पत्ति घायल हो गये। पुलिस ने इस प्रकरण में मोटरसाइकिल क्र. आरजे 35 एसक्यू 3753 के चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा १२ जनवरी का है। जिसकी रिपोर्ट मंदसौर नईआबादी थाने पर रवि पिता राधेश्याम पोरवाल निवासी खानखेड़ी थाना कुकड़ेश्वर जिला नीमच ने की है कि आरोपी मोटर साइकिल के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर फरियादी की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे फरियादी व उसकी पत्नी घायल हो गये।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मन्दसौर।** मंदसौर-सीतामऊ रोड़ स्थित चांगली फंटा पर पिकअप वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने पिकअप वाहन नं. एमपी 14 जीसी 2712 के चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदसौर के नईआबादी थाने पर फरियादी ओमप्रकाश अहीरवार निवासी ग्राम हांडी पिपलिया नीमच हा.मु. गंगधार जिला झालावाड़ा (राज.) ने रिपोर्ट की है कि पिकअप वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया व फरियादी के आगे चल रहे उसके जीयाजी की बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में फरियादी के जीजा मोहनलाल घायल हो गये और उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

## महाशिवरात्रि पर लोक गायन-भक्ति गायन एवं नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

**मन्दसौर।** संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन एवं जिला प्रशासन मंदसौर द्वारा पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित आराधना हॉल में शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों पर एकाग्र महादेव महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी को सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह में लोक गायन, शिव केंद्रित नृत्य नाटिका एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जाएंगी। महोत्सव में पहली प्रस्तुति इंदौर के मुकेश चौहान एवं साथी कलाकारों के लोक गायन की होगी। इसके पश्चात देवास के प्रफुल्ल सिंह गहलोत एवं साथी कलाकार शिव केंद्रित नृत्य नाटिका पेश करेंगे। अंतिम सभा में भोपाल के अखिलेश तिवारी एवं साथी कलाकार भगवान शिव पर केंद्रित भक्ति गायन की प्रस्तुति देंगे।

## संयुक्त मोर्चा ने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर जिलाधीश से की भेंट

**रतलाम।** मध्य प्रदेश अधिकारी/कर्मचारी, पेंशनर संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिलाधीश मीसासिंह से सौहार्द भेंट कर जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। जिलाधीश ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी संवर्गों की समस्याओं को संकलित किया जाए तथा अगले सप्ताह पुनः मोर्चा पदाधिकारी भेंट करें, ताकि उनके निराकरण की दिशा में ठोस कार्रवाई की जा सके। चर्चा के दौरान जिलाधीश ने बताया कि पटवारियों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु एसएलआर की नियुक्ति की गई है।


सूचना

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777


# पं.दीनदयाल उपाध्याय के जैसे नेतृत्व के संघर्ष और समर्पण से बनी भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय

## पं. उपाध्याय की पुण्यतिथि बुधवार को समर्पण दिवस के रूप मे मनाई

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



भाजपा के पितृ पुरुष पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बुधवार को समर्पण दिवस के रूप मे मनाई गई। जिला भाजपा द्वारा दीनदयाल नगर स्थित उद्यान मे पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें माल्यार्पण के बाद आजीवन सहयोग निधि अभियान की शुरूआत भी हुई, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने चेक प्रदान कर राषि समर्पित की।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, उज्जैन नगर जिला प्रभारी शैलेंद्र डागा, इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीशा शर्मा आदि की और से आजीवन सहयोग निधि की और से चेक प्रदान किये गए।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के मूल मंत्र को लेकर भाजपा चल रही है और अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। भाजपा आज भी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इसके पीछे पं.दीनदयाल उपाध्याय जैसे नेतृत्व का संघर्ष व समर्पण ही आधार बन कर खड़ा है। उन्होने कहा कि भाजपा जिले से लेकर हर बूथ स्तर तक पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मना रही है। कार्यकर्ता पं.दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुँचायें।

महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय का जीवन भाजपा कार्यकताओं के लिए एक आदर्श है इसका अनुसरण कर भाजपा अंतिम व्यक्ति का कल्याण करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के आरंभ मे भाजपा कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर पं.दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाये।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, उज्जैन नगर जिला प्रभारी शैलेंद्र डागा, इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा के साथ जिला महामंत्री जयवंत कोठारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निमिष व्यास, आजीवन सहयोग निधि टोली के जिला संयोजक प्रहलाद राठौर, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार मंचासीन रहें। कार्यक्रम मे विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष अनिता कटारिया, सोनू यादव, जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, सोनू शर्मा, जिला सोशल मीडिया जिला संयोजक करण वशिष्ठ, पूर्व जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शेरानी, मंडल महामंत्री आकाश खंडके, शुभम चौहान, भावना गुर्जर ,सहित एमआईसी सदस्य पार्षदगण, भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।



## युवाओं ने साइकिलिंग और जंगल कुकिंग में दिखाया हुनर

**मन्दसौर।** जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग एंड स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग एसोसिएशन द्वारा युवाओं में साहस, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय साहसिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड एवं युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी चौराहे से साइकिल रैली के रूप में हुआ जो खिड़की माता पहुंची। मार्ग में कैडेट्स ने यातायात नियमों का पालन करते हुए अनुशासन, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। खिड़की माता पहुंचने के पश्चात प्रतिभागियों के लिए च्चिबना बर्तन भोजन निर्माण (जंगल कुकिंग) प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस गतिविधि में विभिन्न टोलियों ने सीमित संसाधनों में प्राकृतिक साधनों का उपयोग करते हुए स्वच्छता और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए भोजन तैयार किया। निर्णायक मंडल द्वारा स्वाद, स्वच्छता, प्रस्तुति, नवाचार एवं टीम समन्वय के आधार पर मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक डॉ. क्षितिज पुरोहित, कुलदीप सिंह सिसोदिया, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, नायब सूबेदार अमर पाटिल एवं उपाध्यक्ष विश्व मोहन अग्रवाल, सीएचएम सुखचौन सिंह, रौनक कुमार पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे। समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोलियों को सम्मानित किया गया। सह सचिव जेनिश बरड़िया ने आभार व्यक्त किया।

# इंदौर ग्रामीण के प्रभारी बनने के बाद शैलेंद्र डागा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रतलाम के पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को पार्टी संगठन ने इंदौर ग्रामीण जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण दायित्व की घोषणा के बाद राजनीतिक और संगठनात्मक हलकों में सक्रियता बढ़ गई है।

नियुक्ति के उपरांत श्री डागा ने बुधवार को भोपाल पहुंचकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की तथा उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप भी उनके साथ मौजूद रहे। श्री डागा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

भाजपा द्वारा दो दिन पूर्व प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारियों की घोषणा की गई थी। रतलाम से पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को इंदौर ग्रामीण जैसे राजनीतिक दृष्टि महत्वपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपे जाने को संगठन में उनके अनुभव और सक्रियता का सम्मान माना जा रहा है। उनके प्रभारी बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का वातावरण है।

भोपाल प्रवास के दौरान श्री डागा ने सर्वप्रथम कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से मुलाकात कर अपनी नियुक्ति पर आभार प्रकट किया। इसके पश्चात वे मंत्री काश्यप के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और औपचारिक मुलाकात की।इस अवसर पर उज्जैन नगर प्रभारी बजरंग पुरोहित एवं भाजपा नेता मनोहर पोरवाल भी उपस्थित रहे।

## आईटीआई रतलाम में साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**रतलाम।** विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को मनाए जाने वाले सुरक्षित इन्टरनेट दिवस के अवसर पर इस वर्ष की सुरक्षित इन्टरनेट दिवस की थीम स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), रतलाम में एक साइबर जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी) श्रेय भावसार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में आईटीआई प्राचार्य श्री यू. पी. अहिरवार सहित संस्थान के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग, एआई से जुड़े सामान्य साइबर खतरे एवं साइबर स्वच्छता उपाय के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, छात्रों को फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, डीपफेक, साइबर बुलिंग, ओटीपी एवं यूपीआई फ्रॉड, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया से जुड़ी सावधानियां तथा डिजिटल फुटप्रिंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही, विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री बड़े बालाजी मंदिर पर होंगे आयोजन

**मन्दसौर।** श्री बड़े बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड पर प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर 28 मार्च से 19 अप्रेल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि 29 मार्च, रविवार को दोप. 12 बजे से भव्य संगीतमय सुन्दर काण्ड, 2 अप्रैल गुरुवार हनुमान जन्मोत्सव पर सायं 7 बजे 151 ढोल, 251 दीपक व भव्य आतिशबाजी के साथ महाआरती होगी व प्रसाद वितरण होगा। 12 अप्रेल, शुक्रवार प्रातः 11 बजे से विशाल शाही महाभण्डारा बड़े ालाजी मंदिर परिसर बस स्टेण्ड मंदसौर में होगा जो शाम 4 बजे तक चलेगा। व 18 अप्रैल, शनिवार को सायं 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बालाजी मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड पर होगा। इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे। इस दौरान स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह भी आयोजित होगा।



## ग्राम बनी में टीबी स्क्रीनिंग कैंप आयोजित, ग्रामीणों को शपथ दिलाई



**मन्दसौर।** टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला क्षय अधिकारी मंदसौर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बनी में टीबी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन रखा गया। कैंप में डिजिटल एक्सरे मशीन द्वारा वल्नरेबल पापुलेशन के चेस्ट एक्सरे किए गए। सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर विजय कुमार नागौरे द्वारा उपस्थित जन को टीबी कैंप आयोजित करने के उद्देश्य बताने के साथ टीबी की बीमारी के प्रति व्याप्त भय और भ्रांति दूर हो उसके लिए जागरूकता संदेश प्रदान किया गया एवं टीबी शपथ दिलवाई गई। सीएचओ राजाराम प्रजापत एवं एएनएम टीना कुमावत ने निक्षय मित्र बन टीबी पेशेंट को फूड बास्केट प्रदान किए गए। कैंप में ग्राम बनी के सरपंच ,आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## लोक निर्माण से लोक कल्याण तक जिले में पांच लोक सरोवर निर्मित

**जिला पंचायत सीईओ ने घसूण्डी लोक सरोवर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण**

**नीमच।** प्रदेश शासन की मंशानुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले में लोक निर्माण से लोक कल्याण तक सड़क निर्माण में उपयोग मिट्टी एवं मुरम का उपयोग कर लोक सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। लोक सरोवरों के निर्माण से जल संचय होकर भूजल स्तर में वृद्धि हो सकेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा नीमच जिले में हरवार, घसूण्डी, बिसलवास सोनगरा, चीताखेडा एंव महागढ़ में लोक सरोवरों का निर्माण किया गया है। प्रति लोक सरोवर लगभग 4 हजार घन मीटर जल संचय किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने बुधवार को कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण श्री अमित नार्गेश के साथ बुधवार को ग्राम घसूण्डी में लोक निर्माण सरोवर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और सरोवर निर्माण के लिए निकाली गई मिट्टी उसका उपयोग, लोक सरोवर में जल संचयन की मात्रा, जल भराव क्षमता आदि की जानकारी ली।

## पिपलिया मंदसौर सेक्शन में फाटक दोहरीकरण कार्य हेतु 12 घंटे रहेगा बंद

**नीमच।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अंतर्गत नीमच रतलाम दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत पिपलियाझमंदसौर रेलखंड पर आवश्यक इंजीनियरिंग कार्य किया जाना है। इस कार्य के तहत किमी 287/11-13 पर स्थित समपार फाटक क्रमांक 149 को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नीमचझरतलाम दोहरीकरण कार्य हेतु फाटक दिनांक 12 फरवरी 2026 को शाम 17 बजे से 13 फरवरी 2026 को सुबह 5 बजे तक के लिए सड़क यातायात हेतु बंद रहेगा, ताकि दोहरीकरण से संबंधित आवश्यक कार्य सुरक्षित एवं सुचारु रूप से किया जा सके। रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क उपयोगकताओं से अनुरोध किया गया है कि उक्त अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा असुविधा से बचने के लिए यात्रा पूर्व उचित योजना बनाएं। यह अस्थायी असुविधा भविष्य में बेहतर रेल परिचालन एवं संरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक है।

## मंदसौर जिले के गरोठ में आज और भानपुरा में कल लगेगा वृहद रोजगार मेला

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और जिला पंचायत मंदसौर के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज 12 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर गरोठ में और कल 13 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर भानपुरा में विशाल रोजगार मेले का आयोजन होगा। दोनों जगह यह रोजगार मेला प्रातः 11. बजे से प्रारंभ होकर सायं 4 बजे तक चलेगा, जिसमें क्षेत्रीय युवाओं को निजी क्षेत्र की नामी कंपनियों में सीधे चयन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

इस मेले में नवभारत फर्टिलाइजर्स इंदौर (म.प्र.), मारुति सुजुकी (गुजरात), लाइम कंपनी अहमदाबाद, एस.आई.एस. इंडिया नीमच, मुथूट माईक्रो फाइनेंस कंपनी बांसवाड़ा (राज.), एल.आई.सी. लाईफ इंश्योरेंस मंदसौर, गैल इंस्टीट्यूट ऑफ इण्डिया गुना, एस.बी.आई. लाइफ इंश्योरेंस मंदसौर, जैसी अनेक प्रतिष्ठित संस्थाएं शिरकत कर रही हैं। इन कंपनियों द्वारा विविध पदों पर नियुक्तियाँ की जाएंगी। मेले में शामिल होने के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई., स्नातक, स्नातकोत्तर और समस्त डिप्लोमाधारी निर्धारित की गई है। आवेदकों की आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

जिला प्रबंधन ने बताया कि मेले में उपस्थित होने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, अपडेटेड रिज्यूम (बायोडाटा), आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड और अपनी सभी अंकसूचियों की फोटोकॉपी अनिवार्य रूप से लानी होगी। गरोठ में मेले की व्यवस्था श्री ज्ञान प्रकाश और भानपुरा में श्री मनीष राजपूत द्वारा संभाली जाएगी।

## छात्रों को 10-10 हजार की सम्मान निधि प्रदान

**रतलाम।** जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्यूब रूट फाउंडेशन, बदनावर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान पत्र एवं सम्मान निधि प्रदान की गई। श्री नित्यानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धोसवास के प्राचार्य गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 की कक्षा 10वीं बोर्ड वार्षिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रो को किया सम्मानित।

# उपभोक्ता सेवा और राजस्व वसूली हमारी प्राथमिकता-श्री आठनेर



## नवागत एसई का फेडरेशन ने किया स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी मंदसौर के नवागत अधीक्षण अभियंता (एसई) योगेश आठनेरे के मंदसौर आगमन पर आज म. प्र. विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

इस दौरान प्रांतीय महामंत्री डीएस चंद्रावत ने कहा कि मंदसौर वृत्त के सभी कर्मचारी बेहतर उपभोक्ता सेवा, राजस्व वसूली और लाइन लॉस कम करने हेतु कृत संकल्पित है। कर्मचारियों कि हल होने लायक समस्याओं का निराकरण समय सीमा में होना चाहिए। नवागत अधीक्षण अभियंता योगेश आठनेरे ने कहा है कि मंदसौर वृत्त में सभी कर्मचारियों/ अधिकारियों को साथ लेकर टीम भावना से कार्य करते हुए मंदसौर को उत्कृष्ट स्थान पर बनाए रखेंगे। सभी कर्मचारियों को अपने अपने कार्य को पूर्ण सुरक्षा के साथ करते हुए त्वरित और गुणवत्ता पूर्वक विद्युत प्रदाय निर्धारित समय में प्रदान करें। सभी कर्मचारियों कि हल होने लायक समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाएगा।

स्वागत कार्यक्रम में मंदसौर के रीजनल सेक्रेटरी अरुण राठौर, अध्यक्ष नरेंद्र राव नवले, वृत्त अध्यक्ष दिलीप शर्मा, सचिव यश जमरा, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज पटेल, बी डी विजयवर्गीय, नेहा सोमपुरा, पुष्पा धनोतिया, शंकर खरे, कमलेश दायमा, हरिवल्लभ डपकरा, सुरेंद्र चंद्रावत, नारायण शर्मा, प्रकाश लोहार, राहुल सेन, भूपेंद्र गोस्वामी, सुरेश मालवीय, प्रदीप जोशी, शोभित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# ओने पौने दामों में बिकने लगी सोयाबीन व रायड़ा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मल्हारगढ़



मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते आज किसान एवं व्यापारी दोनों ही परेशान होकर आर्थिक संकट से जूझ रहे है।बुधवार को प्रातः 11.30 बजे मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता आदि कृषिउपज मंडी पहुंचे व किसानों से चर्चा की यहां किसान केशुराम धनगर रीछा,नाथूलाल पाटीदार काचरिया,बापूलाल पाटीदार, रूपी, शिवलाल गोस्वामी आदि ने बताया कि जब से केंद्र में मोदी सरकार काबिज हुई है तब से सबसे ज्यादा शोषण किसानों का एवं व्यापारियों का काफी नुकसान होरहा है किसानों को उनकी किसी भी उपज के वाजिब भाव नही मिल रहे है। देश मे सोयाबीन का उत्पादन बड़ी तादात में होता है बावजूद इसके अमरीका से तेल आयात कर यहां के किसानों की कमर तोड़ी जारही है। ट्रेड ड्रिल के बाद दो दिन में सोयाबीन के भाव 800 से 1000 रुपये तक भाव कम हुए है। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प की कठपुतली बनी हुई है और ट्रम्प इसका फायदा उठाते हुवे भारत पर दबाव बनाकर मनमाने निर्णय लेने को सरकार को मजबूर कर रहा है।शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में ओलावृष्टि व बेमौसम बारिश से पहले ही अफीम,गेंहू,चना,चिया सहित सभी फसले बर्बाद होगई ओर किसानों को अभी तक किसी प्रकार कोई मुआवजा भी नही मिला और ट्रेडडील से किसानों की माली हालत और खराब होगई है।शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार आयात निर्यात नीति ऐसी बनाये की जो किसान हितेषी होकर किसानों को फायदा पहुंचाने में मदद करे। इस मौके पर अनिल मुलासिया,किशोर उणियारा भेरूपप्पू गुर्जर आदि भी मौजूद थे।



## विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन का पालन करना चाहिए–मिश्रा

### 12वीं के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न

**सारंगपुर।** आट्र्स पॉइंट कोचिंग क्लासेस सारंगपुर के कक्षा 12 वीं कला संकाय के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह का गरिमामय कार्यक्रम सम्पन्ना हुआ। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती का आमंत्रित अतिथियों द्वारा पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। इसमें मुख्य वक्ता क रुप में माडल स्कूल प्राचार्य बबीता मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि शासकीय मॉडल स्कूल प्राचार्या बबीता मिश्रा रही। विशेष अतिथि सुशील व्यास व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह संयोजक आदित्य शर्मा, शास उत्कृष्ट विद्यालय के प्रधानाचार्य गालिब हुसैन काजी, कॉलेज प्रोफेसर प्रीतम गुणावा, राष्ट्रीय लोकगायक मोहन दिपालपुरिया, डॉ. दिनेश कुमार मालवीय, अर्जुन वर्मा, एलम मालवीय, गुलाब कछावा व कोचिंग स्टाफ से योगेश नागोरिया, बलराम नायक की गरिमामय उपस्थित में आज का दीक्षांत समारोह सम्पन्ना हुआ। कार्यक्रम का संचालन करण मालवीय ने किया।

## सारंगपुर बस स्टैंड की व्यवस्था फेल, प्राइवेट बसें कर रही ट्रैफिक जाम



**सारंगपुर।** शहर में गलियों से लेकर मुख्य मार्ग तक अतिक्रमण फैला हुआ है, ट्राफिक व्यवस्था चरमरा रही है लेकिन जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, इस कारण यह बढता ही जा रहा है। इस कारण मार्ग संकरे हो रहे हैं। इससे शहर की यातायात व्यवस्था बिगडती जा रही है। सारंगपुर अनुविभाग मुख्यालय पर स्थित बस स्टैंड पर दुकानदार लगातार अतिक्रमण कर रहे है और यह बस संचालक मनमानी कर रहे है। जगह-जगह अव्यवस्थित वाहन खड़े रहे हैं, जिससे यातायात काफी प्रभावित होता है। ऐसे में यात्रियों को छोडने व लेने आने वाले परिजनों को वाहन खडे करने तक की जगह नहीं मिलती, ऐसे में कई बार वाहन मालिकों व यात्रियों के परिजनों में बहस हो जाती है। शहर के यातायात को पटरी पर लाने के लिए पुलिस ने कोई कवायद नहीं की है। यह पर पुलिस चौकी पर जवान की तैनाती नहीं की गई है, यही वजह है कि बसों के खडे होने वाले स्थान पर वाहन खडे कर देते हैं। जब बसों के आने का समय होता है तो वाहन हटा दिए जाते हैं। बस स्टैंड पर पर्याप्त जगह होने के बावजूद कहीं भी व्यवस्थित पार्किंग नहीं है। दो व चार पहिया वाहनों के खडे करने की मुसीबत स्टैंड पर बनी हुई हैं। पार्किंग नहीं होने के कारण वाहन मालिकों व बस चालकों में कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है।

## पहले दिन की परीक्षा में दोनों परीक्षा केदो पर एक-एक परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**महिदपुर रोड।** मंगलवार 10 फरवरी से नगर के दो परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र के साथ बोर्ड स्तर की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हुई नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा केंद्र प्रभारी अमिताभ सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया उनके परीक्षा केंद्र पर 96 परीक्षार्थियों को उपस्थित होकर परीक्षा देना थी जिन में से एक परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचा वहीं दूसरी और एक अन्य परीक्षा केंद्र गुरुकुल मानस एकेडमी के केंद्राध्यक्ष भेरूलाल राठौर ने बताया उनके परीक्षा केंद्र पर 131परीक्षा र्थियों में से एक परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने उपस्थित नहीं हुआ थाना प्रभारी राम सिंह भाभौर ने विभाग के निदेर्शानुसार दोनों परीक्षा केंद्रों पर एक पुलिस जवान की नियुक्ति की तथा स्वयं भी व्यवस्था देखने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे।

## मां बिजासन के दंडवत दर्शन कर पटवारी ने की सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना

**सारंगपुर।** मां बिजासन के दरबार में पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतु पटवारी ने भैसवामाता में मां बिजासन माता मंदिर में पहुंचकर माता रानी के दंडवत दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हमने आज मां से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। माता रानी की कृपा सभी पर सदा बनी रहे। पटवारी का भैसवामाता में पुजारी संघ द्वारा स्वागत कर स्मृति चिंह भेंट किया गया। जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, बापु सिंह तंवर, रामप्रसाद दांगी, हेमराज कल्पोनी, हजारीलाल मालवीय, कृष्ण मोहन मालवीय, प्रकाश पुरोहित, कांग्रेस नेता नरेंश कप्तान सहित हजारों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### यह नया भारत है, अमरीका प्रधानमंत्री मोदी को डरा रहा है

# राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है तो वोटर लिस्ट की रक्षा करो- जीतू पटवारी







दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

मां बिजासन के पवित्र प्रांगण में हम सब उपस्थित हैं और प्रदेश की पहली पंचायत कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के विधानसभा की मीटिंग है प्रदेश में यह पहला सम्मेलन है। सारंगपुर के कांग्रेस परिवार जनो ने परिवर्तन की नींव रखी है। आगामी तीन वर्ष 2027, 28 और 29 हमारे सामने है इसमें 2027 में स्थानीय निकाय चुनाव में जीत कर हमें 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना है और फिर 2029 में राहुल गांधीजी का प्रधानमंत्री बनाते हुए केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाना है। पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी वोटर लिस्ट की रक्षा करेंगे। राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाना है तो वोटर लिस्ट की रक्षा करो। वोटर लिस्ट चेक करो। पंचायत स्तर पर से विधानसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के लिए दो लोगों की पैनल बनाई जाएगी। सभी टिकट कार्यकर्ताओ मिलकर बाटेंगे। आगामी चुनावों में कांग्रेस कार्यकर्ता ही चुनाव जितायेंगे। यह आव्हान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सारंगपुर विस के ग्राम भैंसवामाता के संत्यंग प्रांगण में आयोजित सारंगपुर पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों के सम्मेलन में 98 पंचायतों के 2548 पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त की। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जोश और उत्साह को देखकर कहा कि यह स्पष्ट नजर आ रहा है कि संगठन का एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस को मजबूती प्रदान करन के लिए कृत्यसंकल्पित है। सबसे पहले मंच पर पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष व अन्य ने बाबा अम्बेडकर एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मंच से भारत-अमेरीका ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेसियों से पटवारी ने 11 फरवरी को विधानसभा के हर पंचायत में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सुबह 10 बजे पुतला केंद्रीय कृषि मंत्री का जलाना है। केवल सारंगपुर विधानसभा में कांग्रेस कार्यकताओं सभी पंचायत स्तर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन करना है।..

#### पटवारी ने सरकार को घेरा

भैंसवामाता में हुए कांग्रेस के सम्मेलन में भाजपा सरकार को घेरते हुए प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने कहा कि मोदीजी का यह नया भारत है, अमरीका प्रधानमंत्री मोदी को डरा रहा है। अमरीका द्वारा कोई भी घोषणा भारत के लिए की जाती है, मोदी चुप हो जाते हैं। नरेंद्र मोदी सरेंडर हो गए। उन्होंने भारत अमेरीका ट्रेड डील को लेकर कहा कि देश के किसानों के साथ छलावा किया जा रहा है। भारत में अमेरीका से जो भी कृषि सोयबीन सहित फल सब्जी सहित सभी उत्पादन की चीज आयेगी तो टेरिफ चार्ज शुन्य रहेगा ओर भारत की कृषि उत्पादन की चीज अमेरिका में जाएगी तो 18 प्रतिशत टेरिफ देना पडेगा।

### वेयरहाउस पर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

# 58 क्विंटल यानि 116 बोरी गेहूं बरामद, घटना में प्रयुक्त वाहन एवं उपकरण जप्त

अवन्तिका ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा।



राजगढ़ जिले के ब्यावरा सिटी थानांतर्गत फरियादी जसरथ पिता अमरचंद मीना 45 वर्ष ग्राम कांसोरकला रात्रि करीब 1 बजे वेयरहाउस में चौकीदारी कर रहा था। उसी दौरान चार अज्ञात आरोपियों ने फरियादी को कट्टा अड़ाकर बंधक बना लिया। आरोपियों ने दूसरे चौकीदार हरिसिंह प्रजापति के कमरे में जाकर उसका मोबाइल छीन लिया एवं दोनों चौकीदारों को कमरे में बंदकर दिया।

आरोपियों ने चाकू दिखाकर वेयरहाउस के गेट की चाबी छीनी तथा वेयरहाउस में रखी सरकारी गेहूं की 30 बोरियां लूटकर फरार हो गए। उक्त घटना पर अपराध क्रमांक 86/2026, धारा 309(6) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना ब्यावरा पुलिस को इस गंभीर प्रकरण में सफलता मिली। घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध नहीं होने के कारण आरोपियों एवं वाहन की पहचान नहीं हो पा रही थी। घटनास्थल आगरा मुंबई नेशनल हाईवे पर वाहनों की आवाजाही बनी रही। विवेचना के दौरान वेयरहाउस के आस-पास एवं पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया पुलिस टीम द्वारा आगरा मुंबई हाईवे पर लगे लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का परीक्षण किया। तकनीकी विश्लेषण एवं फुटेज मिलान के पश्चात घटना में प्रयुक्त वाहन की पहचान की गई। जांच के दौरान वाहन का पंजीयन क्रमांक एमपी 09 जीजी 2803 प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर वाहन चालक की पहचान कर आगे की कार्रवाई की गई। आरोपी फारुख खान पिता अहमद खान 42 रसूलपुर औद्योगिक क्षेत्र, जिला देवास, कान्हा पिता लगजीराम मोंगिया 30 वर्ष, निवासी लेकोडा, थाना नीलगंगा, जिला उज्जैन, अंबाराम पिता नागूलाल मालवीय 29 वर्ष, निवासी जूनापानीखेड़ा, थाना तराना, जिला उज्जैन, को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 58 क्विंटल (116 बोरी) गेहूं, घटना में प्रयुक्त वाहन, कटर एवं अन्य उपकरण जप्त किए। प्रकरण के 2 आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।



## संत शिरोमणि सेन महाराज की मूर्ति एवं छत्री का अनावरण

**देवास।** सिविल लाइन में संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा और छत्री का अनावरण मंगलवार, 10 फरवरी को किया गया। विधायक गायत्री राजे पवार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं।

इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव और महंत नगेंद्र गिरी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। क्षेत्रीय पार्षद और सत्तापक्ष के नेता मनीष सेन ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ और मालाओं से स्वागत किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में संत सेन महाराज के आदर्शों और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिमा और छत्री के निर्माण के लिए मनीष सेन के प्रयासों की सराहना भी की।

समारोह में सेन समाज सहित सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से इस कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक चचाएं चल रही थीं, लेकिन विधिवत अनावरण के बाद सभी अटकलों और विवादों पर विराम लग गया।

## रतिराम कुशवाहा की निर्मम हत्या के मामले में एसपी की जांच की मांग

**गुना।** जिले के म्याना थाना अंतर्गत विगत दिनों 4 फरवरी को ग्राम भदौरा में कुशवाहा समाज के व्यक्ति रतिराम कुशवाहा की निर्मम हत्या के संबंध में उचित कार्यवाही और उचित जांच की मांग की है। उक्त ज्ञापन कुशवाह समाज शक्ति संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक गुना को कुशवाहा समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा एक ज्ञापन दिया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से समाज की बात को सुना और गहन जांच का आश्वासन दिया। इस मौके पर मृतक के परिवार जनों के अतिरिक्त कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहे।

## अभिजीत मुहूर्त में ममलेश्वर महादेव व मारुतिनंदन हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर।



स्नेह सिटी धर्मनगर स्थित शिवालय मंदिर में शुभ अभिजीत मुहूर्त में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा व विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के दौरान भगवान ममलेश्वर महादेव, शिव परिवार एवं श्री मारुतीनंदन हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

प्रथम दिवस प्रारंभिक पूजन विधियों के पश्चात शिव परिवार व हनुमान जी की भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विविध पूजन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, हवन, जलाधिवास, स्नपन एवं अन्य पूजन क्रियाएं संपन्न हुईं।

तृतीय दिवस अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा, कलश स्थापना, ध्वजारोहण, पूणार्हुति, महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। सायंकाल देव प्रसादी के आयोजन में धर्मनगर स्नेह सिटी सहित नगर के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया। तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### भजनों की सुमधुर ताल पर नाचेंगे भोलेनाथ

# महाशिवरात्रि पर अंजनीलाल धाम पर होगा आयोजन

### जाने माने भजन गायक व कलाकार देंगे अपनी अनूठी प्रस्तुतियां

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।

श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर इस महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन होने जा रहा है. शिवरात्रि को भजनों की सुमधुर ताल पर भोलेनाथ का अद्भुत व अनूठा नृत्य देखने को मिलेगा. प्रख्यात भजन गायकों की टीम अपनी अनूठी व बेमिसाल प्रस्तुतियों से सभी श्रद्धालुभक्तजनों को भाव विभोर करेंगे।

उपरोक्त जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट परिवार ने बताया कि जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल श्री अंजनी धाम पर प्रतिवर्ष विभिन्न अवसरों पर नवाचार किया जाकर भक्तजनों को आनंदित करने का कार्य किया जाता रहा है. गत वर्ष यहां 51 हजार रूद्राक्ष से निर्मित 21 फिट ऊंचाई के भव्य शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया गया था. इसके बाद रात्रि को विशाल भजन संध्या का अयोजन हुआ था। महाशिवरात्रि 15 फरवरी को इस मर्तबा भजन संध्या के साथ विभिन्न ख्यातिनाम कलाकारों के द्वारा भजनों के साथ विभिन्न प्रकार की प्रस्तुति दी जायेगी. यह आयोजन अपने आप में अनूठा व अद्भुत होगा. इसके लिये उज्जैन के प्रतिष्ठा प्राप्त श्रीराधे कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप के करीब 15 सदस्यों की टीम अपनी प्रस्तुति देगी. इस टीम में भजन गायक-गायिकाएं, गीत-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकार शामिल होंगे।

श्री राधे कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप के प्रमुख सदस्य विवेक भारद्वाज ने बताया कि भजन निशा की टीम के साथ यूट्यूब पर बहुचर्चित शंकरा ट्रांस फेम राजेश श्रीवास अपनी टीम के साथ विशेष रूप से आ रहे है। जबकि शिव रूप में अपनी मनमोहक प्रस्तुति देने वाले प्रसिद्ध कलाकार अमित भंडारी का भी आगमन हो रहा है। भजन निशा का यह आयोजन महाशिवरात्रि को सायंकाल 7.30 बजे महाआरती के पश्चात शुरू होगा।

## गंगाबाई राठौर का निधन



**सारंगपुर।** स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण राठौड सेठ की धर्मपत्नी गंगाबाई राठौर 85 का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके स्वनिवास राठौर क्लिनिक से प्रारंभ होकर मुक्तिधाम तक ले जाएगी। अपने मधुर व्यवहार के कारण गंगाबाई लोकप्रिय महिला थी, उनके पुत्र प्रहलाद सिंह राठौड, डॉक्टर फूल सिंह राठौड द्वारा दी गई। आसपास के गांव के सहित बडी संख्या में लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुआ।

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक के तस्कर को धर दबोचा

**ब्यावरा।** राजगढ़ थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बाहरी तस्कर को स्मैक सप्लाई करने जा रहे आरोपी को योजनाबद्ध तरीके से पकड़ा गया। मुखबिर से सूचना मिली कि संकट मोचन निवासी मेहरबान तंवर अपनी मोटरसाइकल की टंकी के कवर में अवैध मादक पदार्थ हेरोइन स्मैक 9.38 ग्राम कीमत 80 हजार रु को लेकर किसी बाहरी तस्कर को देने जा रहा था थाना कोतवाली राजगढ़ थाना प्रभारी एवं उनकी टीम ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की जिससे आरोपी तस्कर को पकड़ लिया गया। संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई तथा जप्त माल को सीलबंद कर मालखाने में सुरक्षित रखा गया। प्रकरण में अपराध क्रमांक 77/26 धारा 8,21 एनडीपीएस एक्ट 1985 का पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही। आरोपी को गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## पुलिस ने 80 लीटर अवैध देशी शराब व चोरी की मोटर साइकिल जप्त की



**ब्यावरा।** थाना सुठालिया पुलिस ने रात्रि गश्त एवं चेकिंग ड्यूटी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति बिना नंबर की मोटर साइकिल पर अवैध देशी शराब लेकर ग्राम खनोटा कस्बा सुठालिया की ओर आ रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी ने माँ वैष्णोदेवी मंदिर के सामने, मधुसूदनगढ़ रोड पर घेराबंदी की। कुछ समय पश्चात एक मोटर साइकिल दिखाई दी, जिस पर दो व्यक्ति सवार थे तथा मोटर साइकिल के दोनों ओर केन लटकी हुई थीं। पुलिस बल की सहायता से दोनों व्यक्तियों को पकड़ा। मौके पर केनों की जांच करने पर प्रत्येक केन में 40-40 लीटर क्षमता का सफेद रंग का तरल पदार्थ पाया गया, जिसे सूंघने व चखने पर कच्ची हाथ भट्टी की देशी शराब होना पाया गया। आरोपी विशाल पिता स्व.मनोज अहिरवार 20 वर्ष सांवरिया गार्डन के पास मधुसूदनगढ़, दिलीप पिता मिस्त्रीलाल अहिरवार 21 गणेशपुरा मोहल्ला मधुसूदनगढ़ से शराब रखने संबंधी लाइसेंस, वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये।

## सीएम तीर्थ दर्शन योजना के अयोध्या जाने वाले यात्रियों का स्वागत



**महिदपुर रोड।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत ग्राम पंचायत बरूखेड़ी के नौ तीर्थ यात्रियों के लिये जाने वाले ग्रामीणों का सरपंच प्रतिनिधि भरत जाट व सचिव नौशाद नूर मंसूरी आदि ने द्वारा पुष्पमाला पहनाकर व स्वल्पाहार कर स्वागत किया अयोध्या तीर्थ स्थल के लिये बाबूलाल सेन, शांताबाई, तुलसीराम सांकला, देवूबाई, कैलाश चन्द्र त्रिवेदी, रूखमाबाई, लीलाबाई सांकला, दीपिका, लीलाबाई आदि शामिल हैं पदम सिंह, पप्पूलाल सेन, मानसिंह आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## यादव बने बड़वानी जिले के भाजपा संगठन प्रभारी, किया भव्य स्वागत



**सुसनेर।** आगर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल यादव को पार्टी नेतृत्व द्वारा बड़वानी जिले का भाजपा संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण दायित्व की घोषणा होते ही सुसनेर में भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। नियुक्ति के बाद पहली बार सुसनेर पहुंचने पर विश्राम गृह में भाजपाइयों ने उनका आत्मीय और भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने यादव को पुष्पमालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, मंडल अध्यक्ष प्रेम यादव, जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव, सरपंच ईश्वर यादव, मुकेश हरदेनिया, विनय शर्मा, डॉ. रामकरण यादव, हेमराज यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर किए गए उपाय ग्रह दोषों के प्रभाव को कम करने में सहायक हो सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि राहु की महादशा चल रही हो, तो उससे बचने के लिए इस पावन दिन पर क्या उपाय करने चाहिए।

# राहु की महादशा से राहत पाने का बड़ा अवसर, महाशिवरात्रि पर करें ये खास उपाय

सनातन परंपरा में हर पर्व का अपना अलग आध्यात्मिक महत्व है। हिंदू पंचांग के मुताबिक 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव के साथ माता पार्वती की भी विधि-विधान से पूजा की जाती है। कहा जाता है कि सच्चे मन से भोलेनाथ की आराधना करने पर व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, यदि किसी की कुंडली में ग्रहों की अशुभ स्थिति चल रही हो, विशेषकर राहु की महादशा, तो महाशिवरात्रि पर कुछ विशेष उपाय करना लाभकारी माना गया है।



### महाशिवरात्रि का विशेष महत्व

महाशिवरात्रि सनातन धर्म का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। काशी और अयोध्या जैसे धार्मिक स्थलों पर इस दिन भगवान शिव की बारात भी निकाली जाती है। शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से मन को शांति मिलती है और नकारात्मकता दूर होती है। मान्यता है कि इस दिन किए गए उपाय ग्रह दोषों के प्रभाव को कम करने में सहायक हो सकते हैं।

### दान और मंत्र जाप का महत्व

इस दिन राहु से संबंधित वस्तुओं का दान करना भी फलदायी माना गया है। जरूरतमंदों को कंबल, सरसों का तेल, काला तिल, नारियल या नीले रंग के वस्त्र दान करने से मानसिक शांति मिलती है और राहु के शुभ परिणाम मिलने लगते हैं।

महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के बाद 108 बार 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करना अत्यंत शुभ माना जाता है। साथ ही 'ॐ राहवे नमः' मंत्र का जप करने से राहु ग्रह के अशांत प्रभाव को शांत करने में सहायता मिलती है। श्रद्धा और विश्वास के साथ किए गए ये उपाय जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

### राहु की महादशा से राहत के उपाय

यदि कोई व्यक्ति राहु की महादशा से परेशान है, तो महाशिवरात्रि के दिन जल में दूर्वा मिलाकर शिवलिंग पर अर्पित करना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से राहु के अशुभ प्रभाव में कमी आती है और शिव कृपा प्राप्त होती है।

# कब से शुरू होगी चैत्र नवरात्रि 2026? देखें घटस्थापना मुहूर्त

चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस दिन कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा आरंभ होती है। तिथियों के घटने-बढ़ने के कारण नवरात्रि 8, 9 या 10 दिनों की भी हो सकती है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार यह पर्व मार्च या अप्रैल के महीने में आता है। चैत्र नवरात्रि के अलावा शारदीय नवरात्रि अधिक प्रचलित है, जबकि साल में दो गुप्त नवरात्रि भी होती हैं। चैत्र नवरात्रि के दौरान महानवमी पर रामनवमी मनाई जाती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरूआत कब होगी और कलश स्थापना मुहूर्त क्या रहने वाला है।



### चैत्र नवरात्रि 2026 की तिथि

दृक पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 19 मार्च, गुरुवार को शुरू होगी।

**प्रतिपदा तिथि प्रारम्भ-** मार्च 19, 2026 को सुबह 06:52 बजे

**प्रतिपदा तिथि समाप्त-** मार्च 20, 2026 को सुबह 04:52 बजे

इसी दिन नवरात्रि का पहला व्रत रखा जाएगा और कलश स्थापना की जाएगी।

### कलश स्थापना मुहूर्त

इस वर्ष कलश स्थापना के लिए दो शुभ समय प्राप्त हो रहे हैं। पहला मुहूर्त सुबह 6:52 बजे से 7:43 बजे तक रहेगा। दूसरा मुहूर्त दोपहर 12:05 बजे से 12:53 बजे तक होगा। जो लोग सुबह घटस्थापना न कर पाएं, वे दोपहर के मुहूर्त में भी पूजा कर सकते हैं।

### चैत्र नवरात्रि का समापन

19 मार्च से शुरू होने वाली चैत्र नवरात्रि का समापन 27 मार्च, शुक्रवार को महानवमी और पारण के साथ होगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पूरे 9 दिनों तक मनाई जाएगी।

# इस साल होली पर 20 मिनट का चंद्र ग्रहण, जानें सूतक का समय

होली के शुभ अवसर पर चंद्र ग्रहण लगने वाला है। यह भारत में दिखाई देगा। ऐसे में इसका सूतक काल किस समय से मान्य होगा, आइए जानते हैं।





हिंदू धर्म में होलिका दहन को महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। यह तिथि नकारात्मकताओं का नाश और जीवन में नई शुरूआत करने के लिए अत्यंत शुभ है। मान्यता है कि, होली के रंग जीवन में ऊर्जा और खुशियां लेकर आते हैं। इस दिन पूजा-पाठ व दान-दक्षिणा जैसे कार्य करने से जीवन में सुख-सौभाग्य बढ़ता है। इस वर्ष 3 मार्च 2026 को होलिका दहन है। लेकिन इसी दिन साल का पहला चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है, जो भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। धार्मिक मान्यताओं और ज्योतिषीय दृष्टि से यह संयोग अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। ऐसे में होलिका दहन और चंद्र ग्रहण का समय क्या रहेगा, आइए जानते हैं।

### चंद्र ग्रहण 2026

इस साल 3 मार्च 2026 को चंद्र ग्रहण लगने वाला है। यह इस वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण होगा, जिसे भारत में देखा जाएगा। इसका समय शाम 6 बजकर 26 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। ग्रहण की कुल अवधि 20 मिनट की रहेगी।

### कब लगेगा सूतक काल

3 मार्च 2026 को लगने वाला चंद्र ग्रहण भारत में देखा जाएगा। इसलिए सुबह 9 बजकर 39 मिनट से सूतक काल प्रारंभ होगा, जिसमें नए काम से लेकर पूजा-पाठ करना वर्जित होगा।

### कहां-कहां नजर आएगा चंद्र ग्रहण ?

होली पर लगने वाला चंद्र ग्रहण एक आंशिक (खण्डग्रास) होगा, जिसे भारत से लेकर यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका तक नजर आएगा।

### होलिका दहन 2026

इस बार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 2 मार्च को शाम 5 बजकर 55 मिनट पर होगी और समापन अगले दिन 3 मार्च को शाम 5 बजकर 7 मिनट होगा। इसलिए 3 मार्च 2026 को होलिका दहन और 4 मार्च को रंगों की होली खेली जाएगी।

### किस समय होगा होलिका दहन

ज्योतिषियों के मुताबिक, होलिका दहन पर चंद्र ग्रहण होने के कारण 6 बजकर 46 मिनट पर ग्रहण समाप्ति के बाद 6 बजकर 25 मिनट से रात 8 बजकर 50 मिनट तक होलिका दहन का मुहूर्त बना रहेगा।

### भूलकर भी न करें ये काम

सूतक काल शुरू होने से ग्रहण समाप्त होने तक नए काम का प्रारंभ नहीं करना चाहिए। आप किसी यात्रा के लिए भी न निकले। गर्भवती नुकीली चीजों से दूर रहे और सब्जी काटने से लेकर घर के अन्य कार्य भी न करें। आसमान देखने की भूल न करे। भोजन भी न करें। इस पूरी अवधि में आप मंत्र जाप करें।

## Sport

ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 67 रन से हरा दिया। बुधवार को कोलंबो में खेले गए टी20 विश्व कप के 14वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड की टीम 16.5 ओवर में सिर्फ 115 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।

# ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 67 रन से हराया; एलिस और जाम्पा ने चार-चार विकेट झटके

**कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 67 रन से हरा दिया। बुधवार को कोलंबो में खेले गए टी20 विश्व कप के 14वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड की टीम 16.5 ओवर में सिर्फ 115 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए जॉर्ज डॉकरेल ने सर्वाधिक 41 रनों की पारी खेली। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस और एडम जाम्पा ने 4-4 विकेट लिए जबकि मैथ्यू कुनेहमेन ने एक सफलता अपने नाम की। टी20 विश्व कप में अपनी पहली जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। वहीं, आयरलैंड लगातार दो मैचों में हार के साथ चौथे स्थान पर है। उनका नेट रन रेट -2.175 है।




### ऑस्ट्रेलिया की पारी

ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत झटके के साथ हुई, लेकिन जोश इंग्लिश (37 रन) और कैमरन ग्रीन (21 रन) ने तेज बल्लेबाजी कर टीम को गति दी। इंग्लिश ने कवर ड्राइव और एज के जरिए कई चौके लगाए, जबकि ग्रीन ने अपनी लंबी कद-काठी का फायदा उठाते हुए एक चौका और दो बड़े छक्के जड़े। ग्रीन के आउट होने के बाद मैट रेनशॉ (37 रन) और मार्कस स्टोइनिस (45 रन) ने पारी को संभाला। दोनों ने मिलकर 61 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की और बीच के ओवरों में रन गति बनाए रखी। रेनशॉ ने समझदारी से बल्लेबाजी की, जबकि स्टोइनिस ने अंत में आक्रामक अंदाज अपनाया। आखिरी पांच ओवरों में ऑस्ट्रेलिया ने 53 रन जोड़े, जिससे टीम 182/6 के प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंच गई। आयरलैंड के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन कुछ कैच छूटने का नुकसान उठाना पड़ा।

### आयरलैंड की पारी

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने शुरूआती ओवरों में कहर बरपाते हुए तीन विकेट झटके और शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। एलिस ने 3.5 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लिए। बाद में उन्होंने कुल 3.5 ओवर में 4/12 का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद लेग स्पिनर एडम जाम्पा ने मध्यक्रम और निचले क्रम को समेटते हुए 4 ओवर में 4/23 विकेट लिए। आयरलैंड के लिए जॉर्ज डॉकरेल ने सबसे ज्यादा 41 रन (29 गेंद) बनाए और टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। हालांकि, दूसरे छोर से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। कप्तान पॉल स्टर्लिंग चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। पूरी टीम 16.5 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट हो गई।

# अभिषेक और वरुण का आईसीसी रैंकिंग में दबदबा कायम

**नई दिल्ली।** आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर बने हुए हैं। वहीं, वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाजों की सूची में अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा टी20 प्रारूप में नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं।

बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा पहले, इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे, इंग्लैंड के जोस बटलर चौथे और भारत के तिलक वर्मा पांचवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के पाथुम निसंका छठे स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें, न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट आठवें, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड नौवें और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श दसवें स्थान पर हैं। साहिबजादा फरहान को यूएसए के खिलाफ खेली गई 73 रन की पारी का जोरदार फायदा हुआ है। इसी पारी की बदौलत फरहान 4 स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर पहुंचे हैं।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की
पैकिंग हेतु महिलाओं की
हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन: अभिषेक शर्मा दिल्ली के अस्पताल में भर्ती, नामीबिया के खिलाफ मैच में खेलने पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के फ्लेम्बॉयंट ओपनर अभिषेक शर्मा पेट की समस्या के चलते दिल्ली के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने पिछले दो दिनों से अस्पताल में रहकर इलाज कराया है। टीम प्रबंधन ने बताया कि पेट की समस्या के कारण उनके टेस्ट किए जा रहे हैं और अभी तक यह साफ नहीं है कि उन्हें आज यानी बुधवार को अस्पताल से छुट्टी मिल पाएगी या नहीं।



### नामीबिया मैच पर असर

अभिषेक शर्मा की फिटनेस को देखते हुए भारत बनाम नामीबिया मैच में उनके खेलने पर सस्पेंस है। यह मैच 12 फरवरी को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होना है। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, 'मैच के लिए उनकी उपलब्धता अभी स्पष्ट नहीं है।' टीम को उम्मीद है कि वह जल्द ही स्वस्थ होकर मैदान पर वापसी करेंगे। नामीबिया के खिलाफ अभिषेक की जगह संजू सैमसन को मौका मिल सकता है। वहीं, ईशान किशन दूसरे ओपनर हो सकते हैं।

### पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की उम्मीद!

टीम प्रबंधन और मेडिकल स्टाफ यह आश्वस्त हैं कि शर्मा 15 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले बड़े मुकाबले के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। उनका स्वास्थ्य और रिकवरी इस समय मुख्य प्राथमिकता है।

### गंभीर के घर डिनर पर गए थे

सूत्रों के मुताबिक, 25 वर्षीय अभिषेक शर्मा ने संडे को मुख्य कोच गौतम गंभीर के घर आयोजित डिनर में हिस्सा लिया था, लेकिन बाकी टीम के सदस्यों की तुलना में जल्दी ही वहां से चले गए थे। माना जा रहा है कि इसी दौरान उन्हें पेट की परेशानी हुई। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि अभिषेक शर्मा अमेरिका के खिलाफ पिछले मैच से पहले भी पूरी तरह फिट नहीं थे, और मैच खेलने के बाद उनकी हालत और बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि बाएं हाथ के इस ओपनर को तेज बुखार था और तुरंत राहत के लिए उन्हें ड्रिप चढ़ाई गई थी। खराब तबीयत के कारण अभिषेक दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में टीम के अभ्यास सत्र में भी हिस्सा नहीं ले सके। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि वह इस खराब हालत में गंभीर के घर डिनर के लिए गए क्यों?

## न्यूज कॉलम

### लूटकांड में दो सिपाही गिरफ्तार, पुलिस ने 4 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया

**इंदौर।** इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र में व्यापारी से लूट के मामले में मंगलवार सुबह दो सिपाहियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों से कुछ नकदी जब्त की है। चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से एक को रिमांड पर लिया गया और तीन को जिला जेल भेज दिया गया। एसीपी तुषार सिंह ने अब्दुल फहद की शिकायत पर सोहेल और नावेद के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कराया था। एफआईआर में दो अन्य साथियों के शामिल होने का जिक्र किया गया था। मंगलवार को मनोज और अविनाश की भी गिरफ्तारी की गई। चारों को कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने नावेद को रिमांड पर सौंपा, जबकि सोहेल, मनोज और अविनाश को जिला जेल भेज दिया गया।

### एसजीएसआईटीएस कॉलेज के पास दो तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को एसजीएसआईटीएस कॉलेज के पास से दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक इलाके में ब्राउन शुगर की सप्लाई करने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर मंगलवार को क्राइम ब्रांच की टीम एसजीएसआईटीएस कॉलेज के पास सार्वजनिक शौचालय के सामने पहुंची। यहां दो युवक संदिग्ध अवस्था में नजर आए। पुलिस टीम को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सौरभ सोनकर निवासी पालदा और गौरव मालवीय निवासी पालदा बताया। केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि सौरभ हम्माली करता है और 11वीं तक पढ़ा हुआ है, वहीं गौरव गाड़ी चलाता है और ग्रेजुएट है। दोनों ज्यादा पैसा कमाने की लालच में ब्राउन शुगर की सप्लाई कर रहे थे। उनसे पूछताछ कर जानकारी निकाली जा रही है कि वे ब्राउन शुगर कहां से लाए और किन-किन लोगों को सप्लाई करते थे।

### मोबाइल की दुकान में तोड़फोड़, पुराने मामले को लेकर सुलह का बनाया दबाव

**इंदौर।** इंदौर के अन्नपूर्णा क्षेत्र में मंगलवार को बोहरा समाज के एक व्यापारी की मोबाइल दुकान में घुसकर बदमाशों ने जमकर तोड़फोड़ कर दी। आरोप है कि इलाके में रंगदारी करने वाला यह बदमाश पहले भी व्यापारी को धमका चुका है और अब पुराने मामले में समझौता करने के लिए दबाव बना रहा था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने बताया कि गांधी नगर निवासी जुहूर काठियावाड़ की शिकायत पर टिंकू पुत्र किशोर बाबा परोचे और उसके साथी पंकज पुत्र हरिसिंह ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन दोनों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की, कैमरे भी तोड़ दिए और समझौता नहीं करने पर धमकाया भी। पीड़ित जुहूर काठियावाड़ ने बताया कि वे अन्नपूर्णा रोड पर सैफी मोबाइल नाम से दुकान चलाते हैं। मंगलवार दोपहर आरोपी दुकान पर आए और विवाद शुरू कर दिया। थोड़ी ही देर में आरोपियों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने न सिर्फ दुकान का सामान तोड़ा, बल्कि कैमरे भी तोड़ दिए। पीड़ित के अनुसार आरोपी टिंकू ने सितंबर 2025 में भी रंगदारी को लेकर उन्हें तलवार दिखाकर धमकाया था। आरोपी इलाके में रंगदारी करता है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। पुलिस के मुताबिक टिंकू के पिता किशोर बाबा भी अन्नपूर्णा क्षेत्र में अपराधी रहे हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द गिरफ्तारी की बात कही जा रही है।

### बैंककर्मी की खुदकुशी मामले में पत्नी का आरोप- नमकीन कारोबारी ने लोन में फंसाया

**इंदौर।** इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक में मैनेजर हेमंत ब्रह्मवंशी की खुदकुशी में मंगलवार को नया खुलासा हुआ। हेमंत की पत्नी हेमलता उर्फ ममता ने आरोप लगाया कि पति को बैंक लोन के जंजाल में नमकीन कारोबारी उमेश जाजू ने फंसाया है। इधर, पुलिस मर्ग कायम कर मामले में जांच कर रही है। हेमलता के आरोप हैं कि पति हेमंत उमेश की दुकान पर नमकीन लेने जाते थे। इसी दौरान उनकी दोस्ती हो गई। दोस्ती गहरी होने पर उमेश जाजू से पति हेमंत ने अपनी बीमारी का जिक्र करते हुए किडनी ट्रांसप्लांट करवाने को लेकर चर्चा की। इस पर उमेश ने उन्हें सलाह दी कि किडनी ट्रांसप्लांट में 40 लाख से ज्यादा का खर्च आता है, इसके लिए काफी पैसा लगता है। उमेश ने पति को सलाह दी कि वे स्कीम 54 स्थित मकान बैंक में गिरवी रख 2 करोड़ का लोन ले लें। जब लोन का पैसा आ जाएगा तो उस पैसे को राजस्थान में बेटी (उमेश की) की कंपनी में लगा देंगे। उसके बाद कुछ ही समय में 10 से 15 करोड़ का रिटर्न आपको मिल जाएगा। उससे आप अपना मकान भी छुड़वा लेना और अन्य प्रॉपर्टी व गाड़ी-बंगले ले लेना। उमेश की बातों में आकर पति ने लोन ले लिया। लोन के रुपए भी बिना हमारी जानकारी के जाजू के कहने पर लगा दिए।

### 23 लाख से ज्यादा मतदाताओं का वेरिफिकेशन 96 प्रतिशत हुआ पूरा

**इंदौर।** निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का काम इंदौर जिले में अंतिम चरण में है। प्रशासन ने अब तक 96% से ज्यादा लक्ष्य हासिल कर लिया है। अधिकारियों का दावा है कि शेष 3 प्रतिशत लंबित मामलों की सुनवाई आज शाम तक पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया शुरू होगी। चुनाव आयोग ने इस बार बीएलओ ऐप में 'ऑन द स्पॉट' फैसले का अधिकार दिया है। इसी का नतीजा है कि 5.80 लाख से ज्यादा प्रकरण अंतिम प्रकाशन के लिए प्रोसेस में भेजे जा चुके हैं। कुल 6.78 लाख नोटिसों की तार्किक गलतियों को भी ठीक कर लिया गया है। करीब 1.33 लाख ऐसे मतदाता भी सूची में जुड़ेंगे, जिनकी 2003 की जानकारी गायब थी। अधिकारियों ने मेहनत कर इनका रिकॉर्ड ढूंढ निकाला है। कुल 6.78 लाख नोटिस जारी कर तकनीकी गलतियों को सुधारा गया है। 23 साल पुराना रिकॉर्ड भी खंगाला, 1.33 लाख नए नाम जुड़ेंगे।

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

14 महीने में 41 करोड़ के लोन घोटाले का आंकड़ा 100 करोड़ तक पहुंच सकता है

# ईओडब्ल्यू में ही 10 केस दर्ज, 12 जांच में

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

राष्ट्रीयकृत बैंकों में आम आदमी के लिए लोन लेना जहां आज भी कठिन प्रक्रिया है, वहीं बैंक मैनेजर और स्टाफ ने कमीशन के लालच में धोखेबाजों के साथ मिलकर ऐसे लोन बांट दिए, जिनकी वसूली संभव ही नहीं है। गिरवी रखी गई संपत्तियों की जांच जब रीजनल मैनेजर स्तर पर हुई तो फर्जीवाड़े की परतें खुलती चली गईं।

इसके बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) को शिकायतें भेजी गईं और बीते 14 महीनों में 10 बैंक लोन घोटालों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन मामलों में कुल 41 करोड़ 33 लाख रुपए की धोखाधड़ी हो चुकी है।

जांच एजेंसियों का आकलन है कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, यह राशि 100 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। चौंकाने वाली बात यह है कि अधिकांश मामलों में शाखा प्रबंधक ही घोटालों का मास्टरमाइंड है।




**दर्जनभर से ज्यादा केस जांच में-** ईओडब्ल्यू के पास बैंक लोन फ्रॉड से जुड़े एक दर्जन से अधिक मामले विचाराधीन हैं। इनमें बिना गारंटी लोन, फर्जी वैल्यूशन, बिक चुकी संपत्तियों को गिरवी दिखाने जैसी शिकायतें शामिल हैं। जांच के दायरे में सहकारी साख संस्थाएं, को-ऑपरेटिव, निजी सेक्टर और राष्ट्रीयकृत बैंक भी हैं।

**केनरा बैंक के दो मामले बने जांच की बड़ी कड़ी-** केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर के उप महाप्रबंधक आनंद शिवानंद तोतड़ की शिकायत पर जांच हुई। चंद्रशेखर पचोरी ने मे. आर. शिवम एंड कंपनी के नाम से 40 लाख का लोन लिया। राममोहन अग्रवाल को को-ऑब्लिगेंट बनाकर संपत्ति गिरवी दर्शाई। जिस प्लॉट को निर्विवाद बताया वहां इमारत थी और फ्लैट बिक चुके थे। पचोरी व अग्रवाल सहित तत्कालीन शाखा प्रबंधक रजतिन गुप्ता सहित अन्य पर केस दर्ज किया। नेहा तांबी, मनीष तांबी ने कैनरा बैंक से 2 करोड़ 56 लाख रुपए का लोन बैंक अफसरों के साथ मिलकर हासिल कर लिया था। शाखा प्रबंधक पवनकुमार झा द्वारा स्थल निरीक्षण की गलत रिपोर्ट मिलने के बावजूद लोन स्वीकृत कर दिया था। जो संपत्ति गिरवी रखी गई थी, वह पहले ही बेची जा चुकी थी।

**ऐसे किया फर्जीवाड़ा**

- 20 लाख से 3 करोड़ रुपए तक के लोन बांटे।
- पहले से बिक चुकी संपत्तियों को गिरवी दिखाया गया।
- कम कीमत की संपत्ति का हाई वैल्यूएशन किया।
- स्थल निरीक्षण व कानूनी रिपोर्ट में गलत तथ्य दिए।
- बाद में पता चला संपत्ति का मालिक कोई और है।
- 22.88 करोड़ प्रारंभिक जांच में दर्ज धोखाधड़ी कॉसमॉस को-ऑपरेटिव बैंक
- 6.87 करोड़ एचडीएफसी बैंक
- 4.20 करोड़ आईसीआईसीआई होम फाइनेंस
- 3.57 करोड़ बैंक ऑफ बड़ौदा
- 2.55 करोड़ केनरा बैंक
- 85.46 लाख म.प्र. ग्रामीण बैंक
- 40 लाख केनरा बैंक

दोस्त के विवाद में पहुंचे युवक की

## चाकूबाजी के बाद अस्पताल में मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के विजयनगर क्षेत्र में मंगलवार रात चाकूबाजी की घटना हुई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक घटना आर्बिट मॉल के पास की है। मंगलवार देर रात गोलू चंद्रवंशी, निवासी भूसामंडी, पर तीन से चार बदमाशों ने नशे की हालत में चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उसे मेंदाता अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि गोलू पीयू-4 इलाके में काम करता था। पुलिस ने इस मामले में अमोघ रेहदास (विराट नगर मूसाखेड़ी), अखिलेश वासरे (सेठी नगर), वरुण श्रीवास (मयूर नगर) और आकाश कदम (सेठी नगर) को गिरफ्तार किया है।

गोलू के परिवार के मुताबिक, उसके एक दोस्त ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। उस दोस्त का किसी से विवाद हो गया था। जब गोलू मौके पर पहुंचा, तो दो लड़कों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में गोलू के पेट में गंभीर चोट आई। गोलू के परिवार में उसके माता-पिता और एक भाई है। वह पेशे से बाउंसर था। हाल ही में उसने पीयू-4 इलाके में एक कैफे का काम भी शुरू किया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अवैध नशे के कारोबार को लेकर चाकूबाजी

### 16 साल के नाबालिग को चाकू मारा, पुलिस ने दोनों पक्षों पर की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र में सोमवार को हुए विवाद का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। घटना में सात लड़कों ने मिलकर एक नाबालिग पर हमला कर दिया। बाद में घायल नाबालिग ने आरोपियों से चाकू छीनकर एक अन्य लड़के पर वार किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष के लड़के अवैध नशे के कारोबार से जुड़े हैं। इसी को लेकर विवाद होने की बात सामने आ रही है। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, दो पक्षों के नाबालिगों के बीच विवाद हुआ था। पहले साहिल के साथ आए उसके नाबालिग साथियों ने सामने वाले पक्ष के एक नाबालिग को चाकू मार दिया। इसके बाद घायल नाबालिग ने आरोपियों से चाकू छीनकर उनके एक अन्य नाबालिग साथी विक्की पर हमला कर दिया। हमले के बाद एक पक्ष थाने पहुंचा, जबकि दूसरा पक्ष इलाज के लिए अस्पताल गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्षों के नाबालिगों पर द्वारकापुरी थाने में मारपीट और धमकी के करीब पांच मामले दर्ज हैं। वे अक्सर इलाके में घूमते रहते हैं। पहले भी पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। घटना के समय नाबालिग साहिल बाइक सर्विस कराने इलाके में गया था, तभी विवाद हो गया। फिलहाल दोनों नाबालिग जमानत पर बाहर हैं। स्थानीय जानकारी के अनुसार, दोनों गुट अवैध नशे के कारोबार से जुड़े हुए हैं। क्षेत्र के रहवासी उनसे परेशान बताए जा रहे हैं। मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी है।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
त्रिम्बकेश्वर - घृष्णेश्वर - परली बैजनाथ
अजंता - एलोरा - नासिक पंचवटी
त्रय ज्योतिर्लिंग यात्रा
पहला दिन: रात्रि 8:00 बजे इंदौर से अजंता गुफा के लिए प्रस्थान
दूसरा दिन: प्रातः काल अजंता क्षेत्र आगमन स्नान नाश्ता एवं भ्रमण भोजन पश्चात एलोरा एवं घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग हेतु प्रस्थान, क्षेत्र भ्रमण पश्चात परली वैद्यनाथ प्रस्थान
तीसरा दिन: परली बैजनाथ दर्शन उपरांत शनि शिंग्नापुर हेतु प्रस्थान दर्शन उपरांत त्रिम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग हेतु प्रस्थान एवं रात्रि विश्राम
चौथा दिन: त्रिंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन, नासिक पंचवटी भ्रमण इंदौर की ओर प्रस्थान
Facilities
यात्रा शुल्क 6,000 रु प्रति सवारी
चयनित जगह होटल विश्राम
अनुभवी गाइड सेवा
दोनों समय भोजन एवं एक समय चाय नाश्ता
स्लीपर बस सुविधा
मध्य भारत की सबसे पुरानी एवं अनुभवी प्राइवेट लिमिटेड यात्रा कंपनी
सभी प्रवेश टिकट, स्मारक शुल्क और अन्य व्यक्तिगत खर्चे यात्रियों द्वारा सीधे भुगतान किए जाएंगे।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com